# भारत ग्लोबल साउथ की सशक्त आर्थिक आवाज'

दैनिक समाज जागरण

भारत स्वतंत्रता की प्राप्ति के बाद अथक प्रयास करने के पश्चात आधुनिक भारत के स्वप्न दृष्टा प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने अपनी कार्यप्रणाली इसी सोच के साथ आगे बढ़ाई थी कि भारत अब एक समृद्ध, शक्तिशाली एवं आर्थिक रूप से संपन्न राष्ट्र के रूप में वैश्विक स्तर पर उभर कर आया है। इसी तारतम्य में 1952 से प्रारंभ की गई पंचवर्षीय योजनाओं के तहत कृषि, उद्योग, विज्ञान और स्वास्थ्य में वैज्ञानिक दृष्टिकोण तथा सोच को मूर्त रूप दिया गया था। समय समय मैं स-रकारें बदलती रहे और भारत विकास की ओर धीरे-धीरे बढता रहा। आज वर्तमान में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत में आर्थिक स्थिति में जबरदस्त विकास किया है, भारत विश्व में पांचवी आर्थिक स्थिति बन चुका है दूसरी तरफ विज्ञान तथा टेक्नोलॉजी में भी अहम स्थान रखता है। सामरिक तौर पर भी भारत की सेना अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपना विशेष स्थान रखती है ।अब पाकिस्तान या चीन की इतनी हिम्मत नहीं है कि वह सीधा भारत पर आक्रमण कर सकें। भारत ने विकास कर यह साबित कर दिया है भारत अब पुराना भारत नहीं रहा है और अब किसी भी विषम परिस्थिति मैं भारत सीना तान कर खड़ा हुआ है'
मैं किसी पार्टी विशेष का पक्षधर नहीं हूं जवाहरलाल नेहरू, इंदिरा गांधी ,अटल बिहारी वाजपेई, डॉ मनमोहन सिंह और अब नरेंद्र मोदी जी ने भारत को वैश्विक पटल पर एक सम्मानजनक इस स्थिति में ला खड़ा किया है'
अटल बिहारी जी के नेतृत्व में हम परमाणु शक्ति संपन्न देश बने थे और इंदिरा गांधी जी के नेतृत्व में हमने 1971 में पाकिस्तान को बुरी तरह हराकर कर उसका विभाजन कर बांग्लादेश नामक नए देश का जन्म करवाया था'
पर मैं यहां बात विकास के वास्तविक धरातल और देश में गरीबी तथा बेरोजगारी उन्मूलन की करना चाह रहा हूं. हमारा देश अभी भी गरीबी ,बेरोजगारी ,भुखमरी, असमानता, अंधविश्वास, आडंबर और धार्मिक कट्टरपंथ का सामना करते हुए उस गति से विकास नहीं कर पा रहा है जिसके लिए वह अत्यंत समर्थ है' आज भारत की धमक अमेरिका से लेकर जापान तथा अफ्रीकी देशों में भी है भारत के प्रधानमंत्री मोदी जी का स्वागत अमेरिका फ्रांस ऑस्ट्रेलिया इंग्लैंड ब्राजील इजरायल और सऊदी अरेबिया देश के अनेक राज्यों के राष्ट्रीय प्रमुख हुक्मरानों ने दिल खोलकर किया है, नरेंद्र मोदी की वैश्विक हैसियत इसी बात से पता चलती है कि बाहुबली अमेरिका के राष्ट्रपति ने उनका ऑटोग्राफ लेने की गुजारिश की है और पापुआ न्यू गिनी के राष्ट्र प्रमुख ने उनके चरण छूकर उनका अभिवादन किया ,यह संभवत चमत्कारिक प्रभाव भारत के शक्तिशाली होने एवं वैश्विक शांति के प्रति देश की प्रतिबद्धता के कारण ही हुआ है'
पर दूसरी तरफ भारत की अंदरूनी स्थिति में भारत 140 करोड़ की जनसंख्या वाला देश हो गया है' विकास की कल्पना में भारत आर्थिक तौर पर एक आर्थिक महाशक्ति के रूप में स्थापित हो, इस स्थान पर गरीबी बेरोजगारी असमानता का उन्मूलन हो चुका हो। इसी तरह भारत कच्चे तेल के संकट से मुक्त होकर उर्जा संपन्न देश बने और भारतीय मुद्रा का चलन वैश्विक स्तर मैं सम्मान पूर्वक हो सके। सामाजिक स्तर पर विभिन्न लक्षित वर्गो जैसे दिव्यांग, वरिष्ठ नागरिक, आदिवासी, महिलाओं तथा बच्चों के लिए लाभकारी नीति बनाई जानी चाहिए। अभी महिलाओं की भागीदारी पुरुषों के के साथ सामाजिक तथा प्रशासनिक, वैज्ञानिक, चिकित्सकीय स्तर पर केवल कागजों में दिखाई देती है नारी प्रताड़ना का प्रतिशत अभी भी भारत में बहुत ज्यादा है। ग्रामीण क्षेत्र में बाल श्रम की स्थिति विकराल है अनाज का पर्याप्त भंडारण होने के बावजूद भूखमरी तथा बेरोजगारी भारत में सिर चढ़कर बोल रही है। इसी तरह भारत में सुरक्षा की दृष्टि से बहुत बड़ी बड़ी चुनौतियां हैं जैसे धार्मिक उन्माद, नक्सलवाद, चरमपंथी विचारधारा तथा विभिन्न राज्यों के आपसी विवादों से हमें मजबूती से निपटना होगा तब जाकर विकास की अवधारणा को मूर्त रूप दिया जा सकता है। भारत की प्रति व्यक्ति आय अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपेक्षित रूप से बहुत कम है। भारत अभी वैज्ञानिक, तकनीकी और सुरक्षा के उच्च स्तर पर नहीं पहुंच पाया है। जिससे वह हर देश से आर्थिक सामाजिक राजनीतिक रूप से संतुलन बनाकर आमने सामने बैठ कर बात कर सके और इतना सामर्थ हो भारत कि हम संयुक्त राष्ट्र संघ की सुरक्षा परिषद के आमंत्रित सदस्य बनकर बुलाए जाएं ।
गांधी जी ने स्वतंत्रता के बाद कहा था कि मेरे सपनों का भारत कैसा भारत हो जिसमें गरीब से गरीब और वंचित से वंचित तथा पिछड़ा व्यक्ति भी भारत को अपना देश समझे तथा भारत की सरकार ऐसी सरकार जो अपनी नीतियां अंतिम व्यक्ति को सोचकर बना सके और उस व्यक्ति को सर्वाधिक लाभ प्राप्त हो सके। गांधी जी के सपनों के भारत को बनाने के लिए देश को सामाजिक, सांस्कृतिक, संस्कारिक, वैज्ञानिक और राजनीतिक रूप से शक्ति संपन्न बनाना होगा तभी भारत का हर नागरिक अपने भारत के नागरिक होने पर गर्व उच्च स्तर पर कर सकेगा।



संजीव ठाकुर, स्तंभकार, चिंतक, लेखक, कवि, रायपुर छत्तीसगढ़

# क्या कुर्सी की खातिर सब कुछ गवां दिया जाये

दैनिक समाज जागरण

कुर्सी क्या इतनी महत्वपूर्ण वस्तु बन गयी है कि उसके पीछे लोग अपना सब कुछ गवां देने पर उतारु हैं ? ये सवाल आपके मन में आये या न आये किन्तु मेरे मन में बार-बार आ -जा रहा है। कनाडा से बिगाड़ के बाद अब पड़ौसी मालदीव से भी हमारे लिए अच्छी खबर नहीं आ रही ।मालदीव में ' इंडिया आउट ' का नारा देने वाले चीन समर्थक उम्मीदवार मुइज्जू राष्ट्रपति का चुनाव जीत गए हैं ।मालदीव जनसंख्या और क्षेत्र, दोनों ही प्रकार से एशिया का सबसे छोटा देश है ।और 1965 में आजाद हुआ है।

मालदीव है तो इस्लामिक देश किन्तु भारत के साथ मालदीव के रिश्ते पारम्परिक और भौगोलिक रूप से नए नहीं है। मालदीव की आजादी के पहले से भारत का मालदीव के घरेलू मामलों में दखल रहा लेकिन अचानक भारत ने मालदीव की उपेक्षा करना शुरू कर दी नतीजा ये हुआ कि अब मालदीव चीन की और झुका चुका है। भारत बीते एक दशक से मालदीव के अंदरूनी मामलों में हस्तक्षेप करने से बच रहा है. इसका सीधा फायदा चीन को मिलता दिख रहा है। राष्ट्रपति शी जिनपिंग जब भारत आए थे तब वे मालदीव और श्रीलंका होते हुए आए थे। दोनों देशों में मैरीटाइम सिल्क रूट से जुड़े एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए लेकिन जब राष्ट्रपति शी जिनपिंग भारत आए तो इस मुद्दे पर पूरी तरह से चुप्पी रहा।

एक जमाना था जब दक्षिण एशिया को लेकर भारतीय विदेश नीति बेहद आक्रामक थी । ये स्थिति राजीव गांधी सरकार से लेकर नरसिम्हा राव सरकार तक रही। भारत ने साल 1988 में मालदीव में तख़्तापलट की कोशिशों को नाकाम किया। लेकिन इसके बाद से भारत का प्रभाव बेहद कम होता गया है। इसके स्थानीय कारण भी हैं क्योंकि मालदीव के पूर्व राष्ट्रपति मामून अब्दुल गयूम भारत के अच्छे दोस्त थे। ये दोनों देशों के बीच गहरे संबंध का कारण था। भारत का प्रभाव इस क्षेत्र में कम हुआ है लेकिन ये कमी चीन के बढ़ते प्रभाव की वजह से ज्यादा दिखाई पड़ती है।

भारत के खिलाफ खड़ा होने वाला मालदीव एक नया देश है। पाकिस्तान ,श्रीलंका,नेपाल,बांग्लादेश ,अफगानिस्तान में इन दिनों भारत का नहीं चीन का डंका बज रहा है । सुदूर कनाडा तक में भारत विरोधी खालिस्तानी आंदोलन ने नए सिरे से सर उठा लिया है और हम हैं कि हमें अपनी विदेशनीति की समीक्षा करने की आवश्यकता ही महसूस नहीं हो रही । हम इस मुद्दे पर कभी घर के भीतर आपस में बैठकर बात ही नहीं करना चाहते । विपक्ष से हमारा अनबोला है। पड़ौसियों से भी हमारा अनबोला बढ़ता ही जा रहा है।
हमारी हर नीति में अदावत और अकड़ भर गयी है । विदेश नीति को भूल भी जाइये तो घरेलू नीति में भी हम अपने रिश्तों में कड़वाहट भरते जा रहे है। कितनी हैरानी की बात है कि तेलंगाना में राजनीतिक अदावत की वजह से तेलंगाना के मुख्यमंत्री केसीआर लगातार छह बार प्रधानमंत्री की अगवानी करने तक नहीं गए। ये कौन सी सियासत है । भारत एक गणराज्य है ,स्वायत्तता सबके लिए महत्वपूर्ण है । एक प्रधानमंत्री की जिम्मेदारी है की वो कम से कम देश के भीतर तो कुर्सी की खातिर रंजिशें न पाले। आज जो तेलंगाना में हो रहा है वो सब पहले पश्चिम बंगाल में हो चुका है । बंगाल की मुख्यमंत्री को अपमानित करने का कोई मौका प्रधानमंत्री जी नहीं छोड़ा।
कभी-कभी देश के भविष्य को देखकर चिंता और घबड़ाहट होती है। हम न देश के भीतर सामंजस्य स्थापित कर पा रहे हैं और न देश के बाहर। ऊपर से त्रुरा ये है कि हम विश्व मित्र बन गए है। मौजूदा हालात को देखकर तो ये लगता है की हम विश्वमित्र नहीं विश्वशत्रु बन गए हैं। हमारा शत्रुता का स्वभाव हमसे सब कुछ छीने ले रही हैं। हम न अपनी अकड़ छोड़ने को राजी हैं और न सौजन्य बनाने के लिए। हम अहंकार के आठवें आसमान पर हैं। जहां हमारे बराबर कोई दूसरा है ही नहीं। कनाडा तो चलिए सात समंदर पार है लेकिन नेपाल और मालदीव तो हमारे आसपास है। हमारी भौगोलिक सीमाएं इन दोनों देशों से जुडी है। इन दोनों देशों में भारत विरोधी माहौल बना हुआ है । भूटान जैसे देश से हमारे पारम्परिक दोस्ताना रिश्ते बिगाड़ पर हैं। श्रीलंका हमारे न प्रभाव में है और न दबाब में। बांग्लादेश हमें रोज अपनी अनदेखी का उलाहना दे रहा है। अब हमारे सिर पर न लाल टोपी है और न पांवों में जापानी जूता। हमारी इंग्लिस्तानी पतलून का भी आता-पता नहीं है ।फिर भी हम हिन्दुस्तानी हैं। अलग-थलग पड़ते हिंदुस्तानी । हम अपने पारम्परिक मित्र खोते जा रहे हैं और नए मित्र हमसे बनाये नहीं जा रहे। न घर के भीतर और न घर के बाहर। हमारी तमाम नीतियों का ही नतीजा है कि पंजाब फिर से उड़ता दिखाई दे रहा है। और इस सबके पीछे एक दिल्ली की कुर्सी है। हम कुर्सी को लात नहीं मार सकते। दोस्ती को लात मार सकते हैं। लगातार मार रहे हैं।
देश इस समय जिन दुदि 'नों से गुजर रहा है उनकी चर्चा करना भीअब राष्ट्रद्रोह है। हम गांधी के भारत हैं। हमारी पहचान ही सहिष्णुता और संभव है ,जिसे अब संकीर्णता और अदावत में बदल दिया गया है। मालदीव के नए चीन समर्थक राष्ट्रपति भविष्य में भारत के साथ कैसे निभाएंगे ये हमारी चिंता का विषय होना चाहिए किन्तु हम पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव जीतने की जुगत में बहुत कुछ दांव पर लगा रहे हैं। ईश्वर यदि कहीं है तो हमें देश के लिए प्रार्थना करना चाहिए। अब देश प्रार्थनाओं से ही बच सकता है। देश की राजनीति में भरी कड़-वाहट करेले से भी ज्यादा कड़वी हो गयी है । हो भी क्यों न ? करेला भी तो नीम पर चढ़ा हुआ है। हमें यद् रखना चाहिए कि मालदीव के भारत के साथ पहले से ही सांस्कृतिक और आर्थिक संबंध रहे हैं। मालदीव लंबे समय से भारत के प्रभाव में रहा है। ये माना जाता है कि मालदीव में अपनी मौजूदगी बनाये रखकर भारत हिंद महासागर के बड़े हिस्से पर निगरानी रखता रहा ह। इसलिए हमें मालदीव की फिक्र करना चाहिए।

@ राकेश अचल

# क्या भाजपा पश्चिमी उत्तर प्रदेश को अलग राज्य बनाने जा रही है ?

दैनिक समाज जागरण

क्या भाजपा पश्चिम उत्तर प्रदेश के गढ़ को फतह करने के लिए पश्चिमी उत्तर प्रदेश को अलग राज्य बनाने जा रही है? बीजेपी सांसद और केंद्र सरकार में राज्यमंत्री संजीव बालियान ने पश्चिमी उत्तर प्रदेश को यूपी से अलग प्रदेश बनाने जाने की मांग कर इस आंशका को बढ़ा दिया है। बीजेपी से जुड़े जाट नेताओं की मेरठ में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय जाट संसद में संजीव बालियान ने कहा कि पश्चिम उत्तर प्रदेश अलग राज्य बने। इसके बाद यह देश का सर्वश्रेष्ठ राज्य होगा ।केंद्रीय मंत्री संजीव बालियान भी इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि वह चाहते हैं कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश एक अलग राज्य बने और मेरठ उस राज्य की राजधानी हो। इसकी मांग लंबे समय से हो रही है लेकिन अभी तक ऐसा नहीं हो सका। बाद में पत्र-कारों से रूबरू केंद्रीय मंत्री संजीव बालियान ने इस मुद्दे को विस्तार देकर बताया कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश केवल नौ करोड़ की आबादी वाला इलाका है। यूपी में सबसे ज्यादा राजस्व देने वाला इलाका है और यह इलाका शिक्षा, कृषि, उद्योग से समृद्ध भी है। अगर पश्चिमी उत्तर प्रदेश अलग राज्य बनता है तो यह देश का सबसे बेहतरीन राज्य होगा। यहां विकास की अपार संभावनाएं होंगी। उन्होंने यह भी बताया कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश की राजधानी मेरठ बने। सब जानते हैं कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश की सियासी राजधानी भी मेरठ को कहा जाता है।

बेहतर कानून-व्यवस्था, अयोध्या में श्रीराममंदिर और जन कल्याणकारी योजनाओं को देने के बावजूद 2024 के लोकसभा चुनाव में उत्तरप्रदेश में बीजेपी की राह आसान नहीं दिखती। घोसी के विधानसभा उपचुनाव में हार के बाद अब बीजेपी को इंडिया गठबंधन लोकसभा की राह का रोड़ा प्रतीत हो रहा है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश की विजय तो उससे पहले ही दूर थी। अब और ज्यादा दुरूह लग रही है ।भाजपा इसी इंडिया गठबंधन की काट निकालने की कोशिश कर रही है ।पश्चिमी उत्तर प्रदेश के अलग अलग समाज के लोगों से विचार कर मंथन कर रही है कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश में लोकसभा की चुनावी वैतरणी से कैसे पार लगा जाए । केंद्रीय सेवाओं में जाट आरक्षण बहाली को लेकर पश्चिमी उत्तर प्रदेश के जाट आंदोलन का मूड बनाए बैठे हैं। इस आंदोलन की काट ढूंढने के लिए का रविवार को मेरठ में आयोजन किया। इस आयोजन में हर एक राजनीतिक दल के नेता आमंत्रित किए गए थे।

पश्चिमी यूपी को हरित प्रदेश बनाकर अलग राज्य का दर्जा देने की मांग करीब तीन दशक पुरानी है। इस क्षेत्र में समाज के हर वर्ग के लोग अलग राज्य की मांग के लिए आंदोलन करते रहे हैं। ऐसा नहीं है कि यह इलाका है या यहां उद्योग धंधे नहीं हैं। यहां के लोगों की मुख्य शिकायत प्रमुख प्रशासनिक केंद्रों का विकेंद्रीकरण न होना है। अधिकतर सभी प्रमुख संस्थान लखनऊ और उसके पास ही केद्रिंत हैं है ।पश्चिमी उत्तर प्रदेशवासियों को यहां जाने में काफी परेशानी उठानी पडती है ।इलाहाबाद हाईकोर्ट की पश्चिम में अलग बैंच बनाने की मांग तो 1956 से चली आ रही है ।पश्चिम उत्तर प्रदेश के वादकारियों और अधिवक्ताओं की मांग रही है कि लाहोर से ज्यादा दूर उन्हें इलाहाबाद पड़ता है। पश्चिम उत्तर प्रदेश में हाईकोर्ट की बैंच बने इस मांग को लेकर 1980 में तीर्व आंदोलन हुआ था। इसे पूरा न होते देख सुझाव आया कि हाईकोर्ट की बैंच की मांग छोडकर अलग प्रदेश की मांग करो। अलग प्रदेश बनेगा तो बैंच नहीं प्रदेशा का अपना ही हाईकोर्ट होगा।

पश्चिमी यूपी का इलाका हर दृष्टि से प्रदेश के अन्य हिस्सों से आगे है। यहां के निवासियों का आरोप रहा है कि हमारे द्वारा दिया गया राज्य पूर्वी उत्तर प्रदेश के विकास में लग रहा है। प्रदेश में लगभग छह साल से भाजपा की सरकार है ।इस दौरान भी कुछ नही हुआ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के बारे में शि-कायत रही है कि उनका ध्यान पूर्वी उत्तर प्रदेश और गोरखपुर के विकास पर ज्यादा है ।पश्चिमी उत्तर प्रदेश की उपेक्षा के कारण कभी पश्चिमी उत्तर प्रदेश और कभी हरित प्रदेश के नाम से लोगों ने संघर्ष किया है, पर आज तक मांग नहीं सुनी गई। उत्तराखंड को अलग किए जाने के बाद यह मांग और ज्यादा मुखर हुई थी ।मायावती अगर अलग राज्य बनाने का प्रस्ताव ला चुकी हैं। वह पश्चिमी उत्तर प्रदेश को अलग राज्य बनाने के बारे में प्रधानमंत्री कोभी अपने मुख्यमंत्री काल में पत्र लिख चुकी हैं।

बिजनौर के स्वामी ओमवेश ने 1989 में इस मुद्दे को उठाया। उन्होंने बिजनौर, मेरठ, मुजफ्फरनगर, सहारनपुर, गाजियाबाद, नोएडा, बुलंदशहर, अलीगढ़, मुरादाबाद, अमरोहा, बंदायू, आगरा, बरेली व शाहजहांपुर समेत 17 जिलों को मिलाकर गंगा प्रदेश बनाने की मांग की थी। इस मांग को लेकर उन्होंने दिल्ली के जंतर मंतर पर इसके लिए प्रदर्शन भी किया था। स्वामी ओमवेश के साथ इस आंदोलन में पूर्व सांसद हरेंद्र मलिक, वीरेंद्र वर्मा, सोहनवीर सिंह समेत पश्चिमी उत्तर प्रदेश के तमाम नेता शामिल हुए थे। इस मुद्दे पर ये तमाम नेता एकजुट हो गए थे ।स्वामी ओमवेश ने 1996 तक गंगा प्रदेश को अलग राज्य बनाने का आंदोलन चलाया था। बाद में ये मुद्दा दब गया। रालोद के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी अजित सिंह ने हरित प्रदेश बनाने की मांग करते हुए 1992 में इस मुद्दे को फिर हवा दी। उन्होंने जोर शोर से अलग प्रदेश बनाने का यह मुद्दा उठाया था।

लगभग दो साल पहले बिजनौर से बसपा सांसद मलूक नागर ने संसद में पश्चिमी उत्तर प्रदेश को अलग राज्य बनाने का मुद्दा उठा-कर इसे फिर से हवा दे दी है। उन्होंने छोटे राज्य के फायदे भी बताए। सांसद ने कहा कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश के अलग राज्य बनने से राजस्थान सरकार ने पिछड़ों के साथ जो अन्याय किया है, उसकी भरपाई की जा सकती है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश को अलग राज्य बनाने की पहले भी मांग उठती रही है।

लोकसभा चुनाव से साल में भाजपा के राज्य मंत्री की इस मांग से ऐसा लगता है कि भाजपा के उच्च नेतृत्व में कुछ चल रहा है। मंथन हो रहा है। हो सकता है कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश में विपक्ष को चित्त करने के लिए लंबे समय से चली आ रही पश्चिमी उत्तर प्रदेश को अलग राज्य बनाने की मांग पूरी कर दे।



अशोक मधुप

## यह देश है उन मतवालों का

यह देश है उन रखवालों का
आजादी के मातवालों का,
रखने को शान तिरंगे की
जिन लोगों ने जान गवांई है।

कोड़े खाए नंगे तन पर
हर जुल्म फिरंगी का झेला,
दर - दर भटके भूखे प्यासे
सीने पर गोली खाई है।

वो पागल थे,दीवाने थे
आजादी के परवाने थे,
था इश्क वतन से ही उनको
प्रेम की रीत निभाई है।

कूद पड़े जो समर भूमि में
दे दी प्राणों की आहुति,
अपने शीश की बलि चढ़ा
वतन की लाज बचाई है।

धन्य - धन्य वो मात हमारी
धन्य है उनकी गोद के लाल,
बहा लहू की नदियां फिर
हमने आजादी पाई है।

जब तक तन में प्राण हमारे
और रगों में खून है,
देश की खातिर जीना मरना
यही शपथ दोहराई है।
कसम वतन की खाई है।

**बिंदू अग्रवाल शिक्षिका**
**मध्य विद्यालय गलगलिया।**

## सच्ची मित्रता के गुण

दीपक जब रोशन होता है
तम दूर तभी हो जाता है,
पीतल का हो या सोने का
हर दीपक प्रकाश देता है ।

शुभ ज्योति से क्या रिश्ता है
सोने या पीतल के दीपक का,
जल जलकर जो देते प्रकाश
रिश्ता है चिकनाई बाती का ।

क्या गरीब क्या वैभवशाली,
मित्रता होती है अनमोल वही,
वक्त जरूरत जो काम आये
होता है मित्र सदा बेमोल वही।

जैसा रिश्ता चिकनाई बाती का
मित्रों का रिश्ता बिलकुल वैसा,
जल जलकर मिल देते प्रकाश,
मित्र को ला दें तारे आकाश ।

मित्र मित्र की खातिर तन मन से
हर स्थिति में हर पल तैयार रहे,
आदित्य मित्रता की खातिर जो
अपने प्राणों पन से तैयार रहे ।

**कर्नल आदि शंकर मिश्र,**
**आदित्य लखनऊ**

# वन्यजीवों के साथ जियो और जीने दो

आज पृथ्वी पर मनुष्य नामक जीव ने अपना साम्राज्य स्थापित कर लिया है। इसीलिये अब मनुष्य यह भूल बैठा है , कि पृथ्वी में अन्य जीव जंतुओं को भी रहने का उतना ही अधिकार है जितना मनुष्य को। मनुष्य और वन्यप्राणी एक सिक्के के दो पहलू हैं। सृष्टि के प्रारंभ से वे एक दूसरे के पूरक रहे हैं। हमारे पौराणिक ऐतिहासिक ग्रंथो में यदाकदा मानव और वन्य प्राणियों के प्रगाढ़ संबंधों के प्रमाण मिल जाते हैं। वस्तुतः मनुष्य जीवजगत और वनस्पति एक दूसरे के पूरक भी हैं। इनके हितों में कोई टकराव नहीं है। किन्तु मानव जैसे-जैसे सभ्य होता गया, वह सह-विकास, सहसृजनात्मकता और सहयोग की भावनाओं को नजर अंदाज कर उनकी जान का दुश्मन बन गया, वह उन्हें मनोरंजन, शानो-शौकत और धन जोड़ने का साधन समझने लगा! परिणामस्वरुप वन्यप्राणियों की खालें और उनसे बनने वाली अन्य वस्तुयें सजावट के काम आने लगीं। वन्यजीव विनाश का बाजार गर्म हो गया! वन्य प्राणियों की संख्या न्यून होते लगी और उनका जीवन ही नहीं अब तो उनका अस्तित्व ही खतरे में पड़ गया है! हमारे देश में जीवन संरक्षण की परंपरा बहुत पुराना है, धर्म कला आदि सभी में जीवनधारियों. का समान महत्व दिया गया है। भारतीय संस्कृति तथा दर्शन में तो मानव सहित अन्य जीवधारियों को प्रकृति की सृजन योजना का अभिन्न अंग माना गया है! आदिकाल में शिकार जोखिम और बहादुरी का प्रतीक था, तो मध्यकाल में यह शान-शौकत का काम समझा जाने लगा तथा आजकल तो यह व्यवसाय में बदल गया है। यह एक सुखद अनुभव है कि अब पूरी दुनिया के अधिकांश लोग वन्यप्राणी संरक्षण की जरूरत महसूस करने लगे हैं। यह एक शुभ लक्षण है। प्रदेश में वन्व प्राणियों के संरक्षण की दिशा में प्रभावी कदम उठाये गये हैं। प्रदेश में शिकार पर पूर्ण प्रतिबंध है। प्रदेश में राष्ट्रीय उद्यान तथा अभ्यारणों में प्राकृतिक रहवास, संरक्षण तथा विकास के साथ-साथ वैज्ञानिक रुप से सफलतापूर्वक वन्यप्राणियों का प्रबंध किया जा रहा है। इंद्रावती राष्ट्रीय उद्यान केन्द्रीय सहायता प्राप्त प्रोजेक्ट टाइगर के अंतर्गत प्रबंधित है। अभ्यारणों में बसे ग्रामीणों के समग्र विकास के लिए भी विकास योजनाएं चलाई जा रही हैं। वन्यप्राणी संरक्षण की समूची योजना को जनता से जोड़ने, पारस्परिक समझ और सहयोग के मुद्दे को व्यवहारिक ढंग से जनता तक प्रचारित किया जा रहा है। प्रदेश में वन्य प्राणियों के संरक्षण एवं विकास के फलस्वरुप इनकी संख्या में वृद्धि हुई है। इन वनों में विकास कार्यक्रमों के अंतर्गत वन्य प्राणियों के लिये समुचित पानी, चराई, नियंत्रण एवं सहान गश्त के माध्यम से वन्य प्राणियों के. रिहायशी स्थानों को सुरक्षित रखकर बन अपराधों पर नियंत्रण रखा जा रहा है! अभ्यारणों एवं राष्ट्रीय उद्यानों में स्थित अथवा उनके सीमावर्ती ग्रामों का पर्यावरणीय विकास भी किया जा रहा है! वन्य प्राणियों से जो जनहानि अथवा पशुहानि होती है, उसकी क्षतिपूर्ति शासन द्वारा की जाती है! हिंसक वन्य प्राणियों के द्वारा व्यक्ति के घायल होने की स्थिति में क्षतिपूर्ति की राशि अधिकतम पांच हजार प्रतिव्यक्ति देने का प्रावधान है। इसी प्रकार हिंसक वन्य प्राणियों द्वारा मारे गये व्यक्तियों के परिवार को क्षतिपूर्ति की राशि दस हजार रुपये प्रति व्यक्ति देने का प्रावधान है।

भारत सरकार ने वन्य प्राणियों के अस्तित्व की अनिवार्यता को महसूस कर उनकी सुरक्षा को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से वर्ष 1971 में पूरे राष्ट्र में शिकार पर पूर्ण प्रतिबंध लागू कर प्रभावी कदम उठाया. राज्य सरकारों ने वर्ष 1974 में वन्य प्राणी संरक्षण अधिनियम बनाकर उन्हें प्राकृतिक वातावरण में स्वच्छंद रहने के लिये उनकी संख्या में वृद्धि करने के लिये राष्ट्रीय उद्यानों एवं अभ्यारणों की स्थापना की! इस दिशा में निरंतर प्रयासों के परिणाम स्वरुप अब राष्ट्रीय उद्यानों एवं अभयारण्यों की संख्या पर्याप्त बढ़ चुकी है। प्रदेश में राष्ट्रीय उद्यान और अभ्यारण स्थापित करने के लिये उन क्षेत्रों का चयन किया गया है, जो वन्य प्राणियों के लिये उपयुक्त है अथवा जहां लुप्त हो रही वन्य प्रजातियां थी !वन्य प्राणियों के संरक्षण का एकमात्र तरीका संबंधित वन क्षेत्र को राष्ट्रीय उद्यान अथवा अभ्यारण के अंतर्गत लाकर वहां उन्हें पूरी सुरक्षा प्रदान करता है। इसी उद्देश्य से राष्ट्रीय उद्यानों एवं अभ्यारणों की स्थापना की गई है।

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

## गांधी जयंती पर किया फलों का वितरण।

आज रोटरी क्लब विराट शहडोल ने अस्पताल में भर्ती सभी मरीजों का गांधी



जयंती के उपलक्ष्य पर फलों का वितरण किया । जैसे ही उन्हें फल प्रदान किए सभी मरीजों के चहरे खिल उठे,। फल की पैकिंग कागज के लिफाफे में की गई थी, इसकी सराहना जिला अस्पताल के सीएमओ डॉक्टर परिहार ने की,फल के रूप में सभी को 2केला,2सेव,और1 संतरा, साथ में बच्चो अच्छे किस्म की टाफी भी प्रदाय की गई ।रोटेरियन ने प्रत्येक वार्ड में खुद जाकर अपने हाथो मरीजों को फल प्रदान किए।इस कार्यक्रम में जिला चिकित्सालय के चीफ मेडिकल ऑफिसर डॉक्टर जी एस परिहार स्वयं फल वितरण कार्यक्रम में पूरे समय तक रोटेरियन के साथ रहे,आज ही डॉक्टर परिहार जी का जन्म दिन था,उन्हे सभी ने हार्दिक शुभकामनाएं और बधाई दी,अस्पताल में किए गए नवीन कार्यों से सभी को अवगत कराया गया,वितरण कार्यक्रम में रोटेरियन पूर्व अध्यक्ष डॉक्टर जी डी सिंह, श्री अशोक सराफ, प्रकाश ओचानी,क्लब के वर्तमान अध्यक्ष नरेश कुमार सिंघल क्लब के सचिव श्री अशोक बजाज, प्रेसीडेंट इलेक्ट सुशील खोडियार ,पूर्व सहायक प्रांत पाल विनय तिवारी, रोटेरियन अजय शर्मा ,देवेंद्र श्रीवास्तव , सेवा प्रकल्प प्रमुख सी एम मेहानी,लखन बुचवानी ,जसवीर सिंह, दीपक जैवलानी,शेखर दंड, शाहिद खान, देवेन्द्र थरवानी,मोहम्मद याकूब, पवन पांडे

## प्रभाकर के संरक्षण में संचालित हो रहा कमलेश और खरे का जुआ

अनूपपुर
समूचे अनूपपुर जिले में इन दिनों अवैध कारोबारी एक प्रकार से खुलेआम अवैध कारोबार का संचालन करवा रहे हैं जिस पर बीते कुछ महीनो से बदरा सहित कोतमा क्षेत्र में जूए का कारोबार बड़े मदमस्त तरीके से फल फूल रहा है जहां एक ओर एसईसीएल का एक सुरक्षा कर्मचारी जो कॉलरी क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित ना कर जंगलों में जूए का फड़ प्रभाकर की सहमति और गुप्ता के साथ मिलकर जोरों शोरों से जंगलों में बामन परी नचाई जा रही है जिसकी सूचना समुचित थाने से लेकर स्थानीय जनप्रतिनिधियों तक है लेकिन युवाओं को अवैध कारोबार के अंधकार में धकेलने वाले खरे और कमलेश पर ना तो जनप्रतिनिधियों का ध्यान आकर्षण हो रहा है और ना ही पुलिस प्रशासन का जो काफी लंबे समय से क्षेत्र में अवैध कारोबार का संचालन करवा रहे हैं थाने सहित जिला स्तर पर विभाग में हुई सर्जरी के बावजूद जिले में बामन परी का खेल जोरों शोरों से संचालित हो रहा है जिसमें प्रतिदिन लाखों रुपए का वारा न्यारा कर नाल भी निकली जा रही है जिससे सैकड़ो घर बर्बाद हो रहे हैं तो वहीं डबल के लालच में पैसे गंवा रहे हैं जहा पैसे हार कर घरों में कोलाहल तो वही चौक चौराहे में गाली गलौज चोरी जैसे अप्रिय घटनाओं को भी अंजाम दे रहे हैं जिससे अनूपपुर जिले में चोरी जैसी घटनाएं भी बढ़ती जा रही है अगर जल्द ही कमलेश और खरे का खेल बंद ना हुआ तो और भी घटनाओं को यह अंजाम दिलवा सकते हैं क्योंकि इन्हें केवल अपने वामन परी के खेल से मतलब है ना कि किसी के बर्बाद हो रहे घर से।

## स्वच्छता ही सेवा है कार्यक्रम के तहत नवोदय विद्यालय मल्हार में किया गया छात्र छात्राओं के साथ शिक्षको ने श्रम दान कर साफ सफाई

**समाज जागरण ब्यूरो विवेक देशमुख**

बिलासपुर। मल्हार स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय में गांधी जयंती के उपलक्ष्य में 1 अक्टूबर 2023 रविवार, को सुबह 10 बजे से 11 बजे तक संपूर्ण भारत में आयोजित ह्लस्वच्छता ही सेवा हैह्व कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय परिसर मे किया गया। विद्यालय में अध्यनरत छात्र छात्राओं के साथ शिक्षको ने श्रम दान कर विद्यालय परिसर में एक सघन स्वच्छता अभियान चलाया गया।
इस कार्यक्रम में प्राचार्य मनोज कुमार श्रीवास्तव, उप प्राचार्या पी आर संकरी, वरिष्ठ शिक्षक एन पी नामदेव, सुनीता देवी, किरण कुशवाहा,सुमंती तिर्की, राखी तिवारी, महेश शर्मा, वी के द्विवेदी, सी पी साहू, एच के साहू, एस के पांडा एवं शिक्षक शिक्षिकाए के साथ छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

## खादी ग्रामोद्योग भवन में इंस्पेक्टर प्रवीण कुमार सिंह ने किया झंडा तोलन।

खबर बलिया जनपद के रसड़ा से है जहां खादी ग्रामोद्योग भवन में 2 अक्टूबर को गांधी जयंती का कार्यक्रम किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में रसड़ा इंस्पेक्टर प्रवीण कुमार सिंह ने झंडा तोलन कर कार्यक्रम की शुरूआत की उसके पश्चात गांधी जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की इस मौके पर उन्होंने खादी ग्रामोद्योग भवन में लगे चरखे को भी चलाया इस मौके पर खादी ग्रामोद्योग भवन भवन के मालिक ओम प्रकाश सिंह ने अपने खादी ग्राम उद्योग के बारे में जानकारी दी इस मौके पर रसड़ा सिटी इंचार्ज बाक बहादुर सिंह, मुन्ना जी, आरिफ अंसारी, अख्तर जमाल सहित अन्य लोग उपस्थित है।

## चिलकहर नरावँ गांव में जन जनवादी पार्टी कार्यकताओं का सम्मेलन सोमवार को संपन्न हुआ।

आशु खरवार
रसड़ा(बलिया)। नराव में जन जनवादी पार्टी की कार्यकताओं का सम्मेलन सोमवार को हुआ। जिसमे जनपद मुख्यालय से 9 सितंबर को निकलने वाली राजदंड पद यात्रा की रणनीति तैयार की गई। बतौर मुख्य अतिथि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय सिंह चौहान ने कहा की बागी बलिया से 9 सितंबर को राजदंड पद यात्रा शुरू होगी। राजदंड पद यात्रा जनपद भ्रमण करते हुए 6 नवंबर को इको गार्डन लखनऊ में पहुंचेगी। वहा पर इंडिया गठबंधन के सभी नेताओ के साथ धरना प्रदर्शन एवम विशाल आम सभा की जाएगी। उसके बाद ग्यारह सूत्रीय मांग पत्र मुख्यमंत्री एवम राज्यपाल को सौपा जाएगा। उसके बाद राजदंड पद यात्रा प्रदेश भ्रमण कर 11 दिसंबर को दिल्ली रामलीला मैदान में पहुंचेगी। जहा पर धरना प्रदर्शन कर इंडिया गठबंधन के नेताओं के साथ आम सभा होगी। उन्होंने कहा की जातिगत जन गणना, समान शिक्षा लागू करने, महिला आरक्षण में पिछड़ों की भागीदारी आदि मांगे है। इस मौके पर रामदयाल चौहान, सरिता रानी, शिव कुमारी, उपेन्द्र चौधरी, रामनाथ चौहान, अशोक चौहान, बीरबल सिंह, राम दुलारे चौहान, ओम प्रकाश चौहान, विनोद चौहान, आदि ने विचार व्यक्त किए। अध्यक्षता बीरबल चौहान एवम संचालन सत्यम कुमार ने किया।

## प्रभारी निरीक्षक ने चरखा चलाया

आशु खरवार पत्रकार
रसड़ा(बलिया)। आजाद चौराहा स्टेट बैंक के सामने खादी ग्रामोद्योग भवन पर प्रभारी निरीक्षक प्रवीण सिंह ने झण्डा रोहण कर गांधी जी एवम लाल बहादुर शास्त्री के तैल चित्र पर पुष्प अर्पित किया। प्रभारी निरीक्षक ने चरखा चला कर गांधी के सपनो को साकार किया। इस मौके पर सिटी इंचार्ज बांक बहादुर सिंह, संजय सिंह, ओम प्रकाश सिंह, जिम्मी बाबा, उमाकांत विश्वकर्मा, अख्तर जमील, मुन्ना कुरैशी, पिंटू अंसारी आदि लोग उपस्थित रहे।

## राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई उमरिया के द्वारा नमन कर किया पौधारोपण

उमरिया- राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जन्म जयंती के अवसर पर शा.आर.व्ही.पी. एस स्नातकोत्तर महाविद्यालय उमरिया के प्राचार्य डॉ. सी.बी सोंधिया के निर्देशन पर राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई उमरिया के द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जन्म जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अरविंद शाह बरकड़े के नेतृत्व में महाविद्यालय परिसर में स्थापित महात्मा गांधी जी की प्रतिमा की साफ सफाई कर माला अर्पण कर उन्हें नमन किया गया तत्पश्चात महा-विद्यालय परिसर की गांधी वाटिका में पौधा लगाकर पौधारोपण किया गया। कार्यक्रम के समापन में उपस्थित सभी राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवकों के द्वारा स्वच्छता ही सेवा को ध्यान में रखते हुए साल में 100 घंटे यानी हर हफ्ते में 2 घंटे श्रमदान करने का संकल्प लिया गया।

राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ अरविंद शाह बरकड़े ने कहा कि गांधीवादी जीवन दृष्टि का प्रचार व गांधी जी के जीवन के



विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डालते हुए जातिगत भेद-भाव से ऊपर उठकर समाज में समता और समरसता लाने पर बल दिया जाए।।
राष्ट्रीय सेवा योजना उपाधि अधिनायक हिमांशु तिवारी ने कहा कि विश्व में सत्य एवं अहिंसा का मार्ग प्रशस्त करने वाले राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की जयंती पर उन्हें कोटि-कोटि नमन पूज्य बापू का जीवन और विचार देश की हर पीढ़ी को कर्तव्य पथ पर चलने के लिए प्रेरित करता रहेगा। कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ अरविंद शाह बरकड़े, राष्ट्रीय सेवा योजना उपाधि अधिनायक हिमांशु तिवारी,खुशी सेन,राहुल सिंह, संतकुमार साहू,मनीष रैदास, विकास रैदास,अंकित गौतम, अमृता सिंह,शिखा बर्मन, रामलखन हरिजन एवं सभी उपस्थित रहे।

## राजाकछार के ग्रामवासियों की जुबानी, अधूरे निर्माण की 20 साल की अधूरी कहानी

जमुना / अनूपपुर जिले में डैम और तालाब को लेकर शासन - प्रशासन ने भले ही आम जनता के हितार्थ कुछ बेहतर सोच के साथ समूचे जिले भर के ग्रामीण क्षेत्रों में बहुतायत में जल संरक्षण को लेकर चेक डेम, डैम और तालाबों का निर्माण और तालाबों का सौंदर्यीकरण करवाया हो, लेकिन ग्राम पंचायत के जिम्मेदारों ने इसे एक मौके के रूप में भुनाते हुए ग्रामीणों के हित के शासन और प्रशासन की महत्त्वाकांक्षी सोच को भ्रष्ट्राचार का सूचक बना दिया और शासन प्रशासन की सोच को भी जमीनी स्तर पर भ्रष्टाचारी सोच साबित करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी।
जिले भर में कई अमृत सरोवर मनमाने तरीके से कहीं भी बना दिए गए और इनके मानक क्या हैं, इस बात की कोई परवाह किए बिना धड़ल्ले से शासकीय राशि का मनमाने ढंग से बंदरबांट किया गया। जिले भर में ऐसे सैंकड़ों मामले हैं, लेकिन कुछ मामले उजागर हो पाते हैं तो कुछ फाइलों में ही रह जाते हैं। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत मुड़धोवा के ग्राम राज-ाकछार में लगभग 20 वर्षों पूर्व प्रा-रंभ किया गया बांध निर्माण कार्य आज तक अधूरा है और इस पर ग्रामीणों ने आपत्ति जताई है कि आखिर इतने वर्षों से यह निर्माण



कार्य क्यों अधूरा है, जो कि समूचे ग्रामवासियों के लिए लाभकारी है। ग्रामीणों ने बताया कि उक्त निर्माण कार्य के लिए स्वीकृत लगभग पूरी राशि का बंदरबांट हो गया और आज तक बांध निर्माण पूरा नहीं हो सका। आसपास के कई गांवों के लिए जल आपूर्ति के उद्देश्य से इस बांध की नींव रखी गई थी और बांध निर्माण अधूरा होने के कारण आज भी इस बांध आशान्वित गांव बांध के पानी की राह निहार रहे हैं और जल आपूर्ति की समस्या से जूझ रहे हैं लेकिन ग्राम पंचायत के जिम्मेदारों से लेकर जनप्रतिनिधियों तक, किसी को भी ग्रामीणों की समस्याओं से कोई सरोकार नहीं है।
नेता टिकट और वोट को लेकर परेशान हैं और ग्राम पंचायत के जिम्मेदार अपने व्यक्तिगत हितों में मशगूल हैं, और इस स्वार्थपरता के बीच ग्रामवासी पिस रहे हैं।
ग्रामीणों ने बताया कि लगभग 50 हेक्टेयर भूमि पर बांध बनाया जाना सुनिश्चित किया गया था और जिन भूमि स्वामियों की भूमि बांध में फंसी, उन्हें मुआवजा भी वितरित कर दिया गया, लेकिन आज दिनांक तक बांध निर्माण के कार्य को पूर्ण नहीं कराया गया, जिससे इस बांध के न बनने के कारण प्रभावित ग्रामीणों ने आक्रोश व्यक्त किया है।

## ग्राम अमझोर में ग्रह प्रवेश का कार्यक्रम

विजय तिवारी
शहडोल ।2, अक्टूबर को ग्राम पंचायत सेमरा के ग्राम अमझोर में विधानसभा विधानसभा,जयसिंहनगर क्षेत्र 84 के विधायक जय सिंह मरावी की उपस्थिति में गृह प्रवेश का कार्यक्रम संपन्न हुआ साथ में सर्वप्रथम सभी मुख्य अतिथियों ने,राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के छायाचित्र पर पुष्प अर्पण कर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित की तदुपरांत ग्राम अमझोर निवासी बुद्ध सेन सिंह सिंह के प्रधानमंत्री आवास का लोकार्पण विधायक जय सिंह मरावी वा जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती फूलमती सिंह जनपद पंचायत की अध्यक्ष श्रीमती रामबाई सिंह व,सरपंच फूल सिंह मार्को ,की गरिमांमई उपस्थिति में संपन्न हुआ गृह प्रवेश के कार्यक्रम में इनकी रही गरिमामई उपस्थित मंडल गोहपारू के मंडल अध्यक्ष मंगलेश्वर सिंह, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती फूलमती, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रामबाई जनपद सदस्य लक्ष्मण प्रसाद तिवारी,पूर्व मंडल उपाध्यक्ष द्वारिका सोनी बाला प्रसाद मिश्रा जनपद पंचायत गोहपारू के पूर्व जनपद उपाध्यक्ष त्रिभुवन सिंह चंदेल ,पूर्व



मंडी अध्यक्ष जैसा नायक किसान मोर्चा के जिला महामंत्री रामनारायण मिश्रा मंडल के उपाध्यक्ष राजीव शर्मा,ग्राम पंचायत सेमरा,सरपंच फूल सिंह मार्को के उप सरपंच नरेंद्र मिश्रा महेंद्र सोनी निलेश रजक सुरेंद्र सिंह सोभेलाल सिंह दिलदार सिंह जनपद पंचायत गोहपारूके मुख्य कार्यपालन अधिकारी वेदमणि मिश्रा,अजीबका परियोजना के खंड समन्वयक विनोद सिंह, पी , सी, ओ,राजा राम सिंह प्रधानमंत्री आवास की शाखा को संभाल रही जनपद पंचायत गोहपारु, की श्रीमती किरण सिंह सचिव,अंगद सिंह उपयंत्री पवन वर्मा सहित कई वरिष्ठ एवं कनिष्ठ अधिकारी सहित जनता जनार्दन की गरिमा में उपस्थिति में गृह प्रवेश का,कार्यक्रम हुआ संपन्न कुशल मंच का संचालन मंडल गोहपारू के मंडल उपाध्यक्ष राजीव शर्मा द्वारा तथा आभार प्रदर्शन ग्राम पंचायत के सरपंच फूल सिंह मार्को द्वारा किया गया'

## लाँजी व कटंगी के भाजपा प्रत्याशी का विरोध जारी, चुनाव में पड़ेगा विरोध का असर

**समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ**

बालाघाट।(03 अक्टूबर )भाजपा ने अपने 79 प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है जिसमे जिले की दो विधानसभा के प्रत्याशियों का विरोध हो रहा है जिसका खामियाजा चुनाव में पार्टी को भुगतना पड़ सकता है ।एक सप्ताह के बाद कभी भी चुनाव की आचार संहिता लागू हो सकती है, लेकिन इससे पूर्व देश के सबसे बड़े राजनीतिक दल कहे जाने वाले भाजपा में प्रत्याशियों की घोषणा को लेकर विरोध चरम पर है। लांजी विधानसभा में प्रत्याशी को लेकर घिरी भाजपा के लिए कटंगी में प्रत्याशी का विरोध सिरदर्द बढ़ा रहा है। हालांकि भाजपा का मानना है कि विरोध के स्वर को ठंडा कर दिया जाएगा लेकिन ऐसा जल्द होते नजर नहीं आ रहा है। चुनाव में विपक्षी कांग्रेस से जूझने से पहले भाजपा अपनो से जूझ रही है।
कटंगी में भाजपा घोषित प्रत्याशी गौरव पारधी का भाजपाईयों ने जमकर विरोध किया। जिसके विरोध का एक वीडियो भी सामने आया है। जिसमें विरोध में खड़े भाजपाई, प्रत्याशी के साथ घूम रहे कार्यकताओं को कांग्रेसी बता रहे हैं। यही नहीं बल्कि प्रत्याशी के विरोध में खड़े भाजपाईयों का कहना है कि पार्टी नेतृत्व, घर के लोगों को बाहर और बाहर के लोगों को घर में ला रही है, जिसे हम बर्दाश्त नहीं करेंगे ।कटंगी में भाजपा के प्रत्याशी गौरव पारधी के विरोध का सोशल मीडिया में



वायरल होते वीडियो के बारे में बताया जाता है कि यह विडियो एक अक्टूबर की देर शाम कटंगी के विश्रामगृह में भाजपा कार्यकताओं की बैठक का है, जहां भाजपा प्रत्याशी को बैठक में शामिल होने नहीं दिया गया।
79 प्रत्याशियों की घोषणा के बाद जिले की दो विधानसभा में भाजपा दो फाड़ में दिख रही है जिसमें जिले की कटंगी एवं लाँजी विधानसभा है जहाँ कटंगी से गौरव पारधी और लांजी से राजकुमार कराहे प्रत्याशी बनाये गए है जिनका विरोध टिकट मिलते ही शुरू हो गया था।
लांजी और कटंगी में अब भाजपा कार्यकर्ता अधिकृत प्रत्याशी को बाहरी बताकर विरोध कर रहे हैं और दोनों ही जगह भाजपा, दो गुटो में बंट गई है। जहां लांजी में प्रत्याशी के विरोध में खड़े पूर्व विधायक रमेश भटेरे का अलग गुट है तो कटंगी में पूर्व सांसद और स्थानीय नेता का अलग गुट दिखाई दे रहा है, जो विरोध में है। विडियो में कटंगी विधानसभा सीट के भाजपा प्रत्याशी गौरव सिंह पारधी, यशवंत टेंभरे, विक्रम देशमुख, संजय खंडेलवाल सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ताओ की मौजूदगी में बैठक आयोजित करने की बात कह रहे हैं।

## स्वच्छता के लिए श्रमदान के अवसर पर में एम एन सिंह पेट्रोल पंप बीपीसीएल बदरा के कर्मचारियों ने मां महामाया मंदिर में जाकर श्रमदान कर साफ सफाई की

जैसा कि आप लोगों को विदित है कि मैसर्स एम एन सिंह पेट्रोल पंप के द्वारा प्रत्येक मौके पर सामाजिक कार्यक्रम किए जाते हैं नोटबंदी के समय गांव में कैंपिंग कर फिनो पेमेंट्स बैंक के द्वारा ₹2000 नगद कोविद-19 के समय भी लोगों की मदद में पंप के मालिक एवं कर्मचारी सहयोग में सबसे आगे रहे बदरा एटीएम में अधिकतर समय पैसे की कमी रहती है आसपास के गांव वालों को विश्वास है कि पेट्रोल पंप में जाकर हम कार्ड स्वैप करके ड्2000 नगद प्राप्त कर सकते हैं जिसकी सेवा वर्षों से पेट्रोल पंप से मिल ही रही है गर्मी के दिनों में जहां कई पंपों में पानी पीने की व्यवस्था नहीं होती है एम एन सिंह पेट्रोलियम में दोपहर के समय शरबत भी अपने ग्राहकों को प्रदान करते हुए देखा गया है पेट्रोल और डीजल के गुणवत्ता में तो हमेशा पेट्रोल पंप आगे रहा है NH 43 फुनगा से केवई बेरियल से किसी भी दुर्घटना में एंबुलेंस से पहले घायल व्यक्ति को पेट्रोल पंप के मालिक के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोतमा या



अनूपपुर में अपने वाहन से फ्री सेवा देते हुए स्वास्थ्य केंद्र तक पहुंचाना एवं जरूरतमंदों के इलाज में भी आर्थिक सहायता करना जैसे सामाजिक सेवा समय-समय पर भंडारे एवं ब्लड ग्रुप जांच की कैंपिंग भी करते हुए देखा गया है क्षेत्र में पेट्रोल पंप में अच्छी सुविधा के साथ-साथ सामाजिक एवं धार्मिक कार्य में भी पंप मालिक का हमेशा सहयोग रहा है समय हर वर्ष पेट्रोल पंप मालिकों द्वारा पेट्रोल खरीदी पर उपहार स्वरूप लकी ड्रा के द्वारा दिया जाता है एवं मानसून ऑफर में इस समय 100 लीटर पर उनके ढाबे पर एक थाली भोजन और 200 लीटर डीजल लेने पर दो थाली भोजन के कूपन भी दिए जा रहे हैं क्योंकि एक सराहनीय कार्य है

## गांव के रिहायशी एरिया में घुसे बाघ की लाइव तस्वीर सामने आई

गांव के रिहायशी एरिया में घुसे बाघ की लाइव तस्वीर सामने आई है। सूत्रों से खबर है कि पतौर रेंज के ग्राम कसेरू के रहवासी क्षेत्र में मौजूद बाघ को जंगल की ओर हांकने जल्द ही हाथियों का दल भी पहुंचने वाला है ।लाइव तस्वीरों से अनुमान लगाया जा रहा है कि गांव में मौजूद बाघ दो से ढाई साल का है,सूत्रों की माने तो पास के जंगल मे एक बाघिन अक्सर मूवमेंट में रहती है,उसके तीन शावक थे,उन तीन शावकों में से ये एक श-ावक है,जो करींब दो से ढाई साल का होगा, ऐसा बताया जा रहा है ।दर-असल ये बाघ गांव के एक लंबे नाले में करींब 40 घण्टे के अधिक समय से मौजूद है,ये नाला झाड़ियों और लैंटाना से भरा पड़ा है,इसके अलावा



इस नाले की लंबाई काफी अधिक है,जो गांव से दूर जंगल तक बताई जा रही है,जिस वजह से उक्त स्थल बाघ का बेहतरीन आरामगाह है ।शायद इसी वजह से ग्रामीणों और वन कर्मियों के अथक प्रयास के बाद भी बाघ मूवमेंट नही कर रहा है। इसके अलावा गांव से कुछ दूर एक दूसरा बाघ भी मझौली रोड पर जानवर का शिकार किया है,जिससे साफ है कि टेरिटरी वजह से भी रिहायशी क्षेत्र से बाघ दूसरी जगह मूवमेंट नही कर रहा है,शायद दूसरे क्षेत्र में जाकर खुद को असहज महसूस कर रहा है।

## महाछठ पूजा को लेकर उत्तर पूर्व भारतीय संघ एवं संस्कृति मंच समिति की बैठक संपन्न

शहडोल।
उत्तर पूर्व भारतीय संघ महाछठ पूजा एवं सांस्कृतिक मंच समिति की बैठक नगर पालिका परिषद शहडोल के उपाध्यक्ष प्रवीण शर्मा (डोली) के निवास पर सम्पन्न हुई बैठक में महाछठ पूजा को लेकर निर्णय लिया गया कि महा छठ पूजा का कार्यक्रम हर वर्ष की भाति इस वर्ष भी आस्था और भक्ति के साथ बड़े ही धूमधाम के साथ मोहन राम तालाब, बड़ी भीट एवं मुडना नदी में आयोजित किया जाएगा, कार्यक्रम की सुगमता के लिए सर्व सम्मति से अध्यक्ष पद हेतु रविंद्र सिंह सचिव पद हेतु प्रोम्पी सिंह एवं संयोजक पद हेतु प्रवीण शर्मा (डोली) को चुना गया। एवं महाछठ पूजा की व्यवस्थाओं के लिए अन्य पदाधिकारी का भी चयन गया जिस महाछठ पूजा का आयोजन सुगमता से किया जा सके। इस बैठक में संरक्षक कमल प्रताप सिंह, सांसद हिमाद्री सिंह, जय सिंह मरावी, घनश्याम जायसवाल, आजाद



बहादुर सिंह ,अरविंद , विनय सिंह, चंद्रशेखर ओझा कम चौबे आनंद सिंह प्रोफेसर न सिंह ,शंभू सिंह, एस एच चौधरी, संजय सिंह सुभाष मिश्रा सुरेंद्र शर्मा, विजय सिंह ,धनंजय सिंह एवं छठ पूजा अंकित राज ,राकेश कुमार अमरनाथ तिवारी दिलीप स-राओगी, सुरेंद्र पासवान, अन्य सहित अध्यक्ष रविंद्र प्रताप सिंह कार्यवाहक अध्यक्ष दीपक प्रताप सिंह उपाध्यक्ष रामसागर सिंह ,अनिल सिंह ,भुनेश्वर तिवारी, शैलेश सिंह कोषाध्यक्ष उत्कल कांत मुन्ना गुप्ता राजेश कुमार, सचिव प्रोमपी सिंह मनोज कुमार यादव, ललन पासवान शुशांत शेखर किशोरी यादव सरकारी सदस्य एमके निराला, डीबी शर्मा विकास सिंह, मनोज शर्मा, मनोज पाठक सहित समस्त पदाधिकारी सदस्य मौजूद रहे।

## देश की सुरक्षा के लिए खतरा है भारत-नेपाल की खुली सीमा

**दैनिक समाज जागरण सुनील श्रीवास्तव**

सिद्धार्थनगर। भारत-नेपाल की खुली सीमा देश की सुरक्षा के लिए खतरनाक साबित हो सकती है। आये दिन सीमा पर तस्करी थमने का नाम नहीं ले रही है। सुरक्षा एजेंसीस की मुस्तैदी की वजह से कई बार तस्करों का देश विरोधी चेहरा भी उभर कर सामने आया है। लेकिन तस्करों का हौसला सिर्फ यह सोचकर बुलंद होता है कि यदि सुरक्षा एजेंसियों को चकमा दे ले गए तो हमारी शातिरता सफल हो जाएगी। और अपने मनसूबे में कामयाब होकर मालामाल हो जाएंगे। अराजकता के प्रति उत्तर प्रदेश सरकार की शख्त रवैए से तस्करी की ग्राफ में कमी देखने को मिल रही है। केस एक - कुछ दिन पूर्व 43 वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल की सीमा चौकी धनौरा से नाका के दौरान अवैध तरीके से नेपाल ले जा रहे 50 बकरियों को पकड़ा गया था। केस दो - 43 वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल की सीमा चौकी कोटिया के जवानों ने नाका के दौरान सीमा स्तंभ संख्या 561 के नजदीक बढ़नी लाला के गांव के पास से अबैध रूप से नेपाल ले जा रहे 27 बोरी यूरिया छः सायकिल के साथ तीन तस्करों को गिरफ्तार किया था। पूछताछ में तस्करों ने अपना नाम पुजारी गिरी,रामबिलास व राकेश निवासी ग्राम गगौरा पोस्ट थाना महराजगंज कपिलवस्तु नेपाल बताया था। केस तीन - जिला बहराइच स्थित भारत-नेपाल सीमा पर एसएसबी और पुलिस ने गश्त के दौरान एक स्मैक तस्कर को पकड़ा। वह नानपारा से स्मैक लेकर बिक्री के लिए नेपाल जा रहा था। इस्लाम के पास से 75 ग्राम स्मैक बरामद सशस्त्र सीमा बल 42वीं वाहिनी के कमांडेंट गंगा सिंह उदावत ने बताया कि रात को एसएसबी के जवान व पुलिस की संयुक्त टीम सीमा पर पेट्रोलिंग अभियान के तहत टीम आने-जाने वालों की जांच कर रही थी। सीमा पर पिलर संख्या 651/02 के पास भारत से नेपाल जा रहे युवक को रोका गया तो वह घबराने लगा जिस पर उसकी तलाशी ली गई। उसके पास से 75 ग्राम स्मैक बरामद हुई। पकड़े गए तस्कर की पहचान रूपईडीहा थाना क्षेत्र के रामपुर जैता गांव निवासी रफीक पुत्र इस्लाम के रूप में हुई है। उप कमांडेंट अनिल कुमार यादव ने बताया कि पूछताछ में तस्कर ने बताया कि उसने एक व्यक्ति से नानपारा क्षेत्र से स्मैक लिया था। इसके बाद उसे नेपाल में अधिक दाम पर बिक्री के लिए जा रहा था। उन्होंने बताया कि पुलिस ने तस्कर के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया है जबकि बरामद स्मैक को सीज कर दिया गया है।

## जिला विज्ञान क्लब ने अन्तर्राष्ट्रीय अ-हंसा दिवस के रूप में मनाया राष्ट्रीय पर्व

**दैनिक समाज जागरण**

फिरोजाबाद। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद उत्तर प्रदेश के अंतर्गत जिला विज्ञान क्लब, फिरोजाबाद के तत्वावधान में जिला विज्ञान क्लब के कार्यालय पर जिला समन्वयक अश्वनी कुमार जैन के संयोजन में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं देश के द्वितीय प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जन्मजयंती को अंतरराष्ट्रीय अ-हंसा दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम का प्रारम्भ करते हुए अश्वनी जैन ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं देश के द्वितीय प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण करके उन्हें नमन किया। अश्वनी जैन ने विद्यार्थियों को दोनों महापुरुषों की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए बताया कि
मोहनदास करमचन्द गांधी का जन्म 2 अक्टूबर 1869 को पोरबन्दर में हुआ था। उन्हें महात्मा गांधी के नाम से भी जाना जाता है, भारत एवं भारतीय स्वतन्त्रता आन्दोलन के एक प्रमुख राजनैतिक एवं आध्यात्मिक नेता थे। वे सत्याग्रह के माध्यम से अत्याचार के प्रतिकार के अग्रणी नेता थे, उनकी इस अवधारणा की नींव सम्पूर्ण अहिंसा के सिद्धान्त पर रखी गयी थी, जिसने भारत को भारतीय स्वतन्त्रता संग्राम दिलाकर पूरी दुनिया



में जनता के नागरिक अधिकारों एवं स्वतन्त्रता के प्रति आन्दोलन के लिये प्रेरित किया। प्रति वर्ष 2 अक्टूबर को उनका जन्म दिन भारत में गांधी जयन्ती के रूप में और पूरे विश्व में अन्तरराष्ट्रीय अहिंसा दिवस के रूप में मनाया जाता है। गांधी जी ने सभी परिस्थितियों में अहिंसा और सत्य का पालन किया और सभी को इनका पालन करने के लिये वकालत भी की। उन्होंने साबरमती आश्रम में अपना जीवन बिताया और परम्परागत भारतीय पोशाक धोती व सूत से बनी शाल पहनी जिसे वे स्वयं चरखे पर सूत कातकर हाथ से बनाते थे। उन्होंने सादा शाकाहारी भोजन खाया और आत्मशुद्धि के लिये लम्बे-लम्बे उपवास रखे। उनका निधन 30 जनवरी 1948 को हुआ।
उन्होंने बताया कि लालबहादुर शास्त्री का जन्म 2 अक्टूबर 1904 मुगलसराय ,वाराणसी में हुआ था। वे भारत के दूसरे प्रधानमंत्री थे।

निबंधन सं०-190/2020-21
समर्पण एक नेक पहल संस्था
।। हमारा लक्ष्य शिक्षा, रक्तदान एवं जनकल्याण ।।
दिपेश कुमार चौहान
केंद्रीय अध्यक्ष /संस्थापक
प्रधान कार्यालय - तेतुलमारी जीरोसिम धनबाद, झारखंड प्रदेश।
मोबाइल नंबर - 6200697322



## हसपुरा खादी ग्रामोद्योग में बापू व शास्त्री की जयंती धूमधाम से मनाई गई

**दैनिक समाज जागरण**
**प्रेम कुमार प्रखंड संवाददाता हसपुरा**

औरंगाबाद (बिहार)हसपुरा खादी ग्रामोद्योग परिसर सहित विभिन्न जगहों पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की



जयंती मनाई गई। खादी ग्रामोद्योग परिसर में उपस्थित गन्यमान लोगों ने महात्मा गांधी जी के चित्र पर कच्चे धागे के सूत चढ़ा व मालार्पण कर उन्हें याद किया किया। वहीं ब्लॉक कैम्पस स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के प्रतिमा पर कांग्रेस कमिटी हसपुरा की ओर से मालार्पण व पुष्पांजलि अर्पित कर याद किया गया। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के चित्र पर मालार्पण करते हुए कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष मिथलेश सिंह, पूर्व मुखिया मानदीप चौधरी, किशोरी प्रसाद ने कहा महात्मा गांधी शांतिपूर्ण संघर्ष के अदम्य शक्तिशाली प्रतीक थे। इनकी जयंती पर उत्साह पूर्वक जश्न के रूप में मनाने की आवश्यकता है। खादी ग्रामोद्योग के प्रबंधक प्रमोद कुमार ने का उनकी पहचान खादी के साथ साथ स्वदेशी है। खादी वस्त्र राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी का संपूर्ण क्रांति का पहचान बन कर पुरे देश में पहनावा बन गया।

## आधुनिक सुविधा से लैस विराट लाइब्रेरी का उद्घाटन

**दैनिक समाज जागरण, विजय कुमार सिंह**
**संवाददता कुटुंबा प्रखंड**

औरंगाबाद (बिहार) 2 अक्टूबर 2023 :- गांधी जयंती के अवसर पर औरंगाबाद के शाहपुर टिकरी रोड में विराट लाइब्रेरी का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर लाइब्रेरी के संचालक अमित कुमार ने कहा कि विद्यार्थियों के पढ़ने के लिए आधुनिक सुविधा से लैस लाइब्रेरी का निर्माण कराया गया है। जहां न्यूनतम फी में पढ़ने की व्यवस्था है। लाइब्रेरी का संचालन सुबह छः



बजे से रात्रि नौ बजे तक किया जाएगा। मौके पर अमित कुमार,अनुज कुमार, प्रिंस कुमार, फिरोज एवं वीरेंद्र कुमार उपस्थित थे।

## प्रोग्रेसिव चिल्ड्रन एकेडमी में गांधी जयंती का आयोजन

**दैनिक समाज जागरण,**
**विजय कुमार सिंह**
**संवाददता कुटुंबा प्रखंड**

औरंगाबाद (बिहार) 2 अक्टूबर 2023 :- प्रोग्रेसिव चिल्ड्रेन अकादमी में सोमवार को गांधी जयंती समारोह सह अभिभावक शिक्षक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्या कुमारी शशि तथा संचालन उप प्राचार्य जय मंगल सिंह ने किया। विद्यालय के संस्थापक वेद प्रकाश तिवारी प्राचार्या कुमारी शशि, प्ले ग्रुप इंचार्ज रीता सिंह, पंचदेव धाम की सदस्य सीमा पाण्डेय आदि ने समवेत रूप से दीप प्रज्वलित किया और माँ सरस्वती तथा महात्मा गाँधी के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संचालक ने सभी को गाँधी जी के आदर्शों को अपनाने की बात कही। प्राचार्य ने सभी अभिभावकों से उनके बच्चों



छात्र-छात्राओं को भरपूर लाभ मिलेगा। उप प्राचार्य ने विद्यालय की उत्कृष्ट प्रबंधन के प्रति अभिभावकों का फीड बैक लिया और कहा कि बच्चों के विकास में जितनी भूमिका विद्यालय की होती है उतनी ही भूमिका आप अभिभावकों की होती है। इसलिए शिक्षक और अभिभावकों मिलकर बच्चों के विकास के लिए सकारात्मक पहल करें। उन्होंने बताया कि बच्चों के बहुमुखी प्रतिभा को निखारने के लिए 30 सितंबर से स्पेशल क्लास की व्यवस्था प्रारंभ की गई। इसके अंतर्गत म्युजिक , स्पोर्ट्स , फाइन आर्ट, इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी सह साइंस आईडीयाज, इंग्लिश स्पीकिंग सह पर्सनालिटी डेवलपमेंट और कंपटीटिव मैथ्स के क्लास की व्यवस्था से को आश्वस्त कराते हुए कहा कि विद्यालय प्रबंधन विद्यार्थियों के रचनात्मक योग्यता, तकनीकी कौशल एवं वैज्ञानिक सोच को बढ़ावा देने के लिए प्रयत्नशील है। जूनियर ग्रुप से रीता सिंह और शिक्षिका कंचन सिन्हा ने बच्चों के प्रोग्रेस को समझाने का सफल प्रयास किया।

मौके पर शिक्षक एन के पाठक, पंकज कुमार, नीलेश कुमार सिंह,यूसुफ सर, प्रत्यूश कुमार,हिमांशु पाठक अकाउंटेंट शिवम कुमार, शिक्षिका राधारानी,संजना कुमारी, प्रिया सिंह, नंदनी कुमारी, सुहानी सिंह, सेजल कुमारी आदि लोग मौजूद थे।

## जयंती पर याद किये गए राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और शास्त्री जी

**दैनिक समाज जागरण गौतम कुमार**
**अनुमंडल संवाददाता दाउदनगर**

औरंगाबाद (बिहार) गोह प्रखंड मुख्यालय स्थित खादी ग्रामोद्योग एवं सरकारी तथा निजी संस्थानों में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और जय जवान,जय किसान का नारा देने वाले भारत के दूसरे प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी को हर्षोल्लास के साथ श्रद्धा सुमन अर्पित किय गया।देश के बापू कहे जाने वाले गांधी जी के सत्य, अहिंसा और सत्याग्रह के सिद्धांत को आज भी लोग प्रषांगिक बताया।उन्होंने कहा



कि उनके बारे में ब्रिटेन के प्रधानमंत्री विंस्टन चर्चिल ने ठीक ही कहा था कि आने वाली पीढ़ियाँ शायद ही विश्वास करे कि धरती पर हाड़ और मांस का ऐसा एक विलक्षण प्रतिभा का धनी आदमी पैदा हुआ था। वहीं जयप्रकाश नारायण के आंदोलन में सहभागी रहे समाजवादी नेता अरविंद पाण्डेय ने पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री व गांधी जी के तैल चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। उपहारा मंडल अध्यक्ष राजीव कुमार विधार्थी, स-ांसद प्रतिनिधि डॉ आर यू कुमार, जदयू नेता बृजमोहन वर्मा ने उनके जीवन को याद करते हुए उन्होने कहा कि शास्त्री व गांधी जी सादगी, ईमानदारी और एक कर्मठ महापुरुष के रूप में जाने जाते हैं। वहीं गांधी जयंती पर देवहरा पंचायत के नगाईन मध्य विद्यालय के प्रांगण में स्कूली बच्चों ने गांधी जी के तीन बंदरों की भव्य झांकी प्रस्तुत कर लोगों को याद दिलाया। इस कार्यक्रम का संचालन सहायक शिक्षक सुनील कुमार बॉबी ने किया। साथ में मौजूद सभी छात्र छात्राओं ने पीपल व वटवृक्ष लगाकर स्वच्छता का प्रतीक देते हुए गांधी जयंती को धूमधाम से मनाया।

## दो महापुरुषों की जयंती एक वरीय अधिवक्ता की पुन्यतिथि मनाई गई

**समाज जागरण अनिल कुमार मिश्र ब्यूरोचीफ बिहार झारखंड प्रदेश।**

बिहार प्रदेश के जिला विधिज्ञ संघ औरंगाबाद में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी



और पुर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गई और जिला विधिज्ञ संघ औरंगाबाद के वरीय अधिवक्ता सह पूर्व पीपी, स्पेशल पीपी वरीय अधिवक्ता नारेन्द्र सिंह की छठी पुन्यतिथि मनाई गई । सर्वप्रथम उनके तैलचित्र पर माल्यार्पण कर उनके व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला गया, कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला विधिज्ञ संघ औरंगाबाद के अध्यक्ष रसिक बिहारी सिंह और संचालन महासचिव नागेंद्र सिंह ने किया

## गया जी धाम में अपने पूर्वजों की पिंडदान व तर्पण कर आत्मा की शांति प्रदान करने के लिए बाबा बागेश्वर धाम धीरेंद्र शास्त्री का हुआ आगमन,

**दैनिक समाज जागरण विश्वनाथ आनंद वरीय संवाददाता मगध प्रमंडल.**

गया (बिहार )- बिहार के गया में अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर बाबा बागेश्वर



धाम धीरेंद्र शास्त्री का आगमन हुआ है .जहां जोरदार तरीके से बाबा धीरेंद्र शास्त्री का भव्य स्वागत किया गया. बाबा बागेश्वर धाम धीरेंद्र शास्त्री गया के अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर पहुंचने के बाद सीधे वो बोधगया संबोधी रिसोर्ट के लिए रवाना हो गये. भाजपा के वरीय नेता सह भोजपुरी सुपरस्टार मनोज तिवारी बाबा बागेश्वर धाम धीरेंद्र शास्त्री का खुद ड्राइव कर एयरपोर्ट से बोघगया ले गए.एयरपोर्ट पर उनके चाहने वाले समर्थकों की काफी भीड़ देखी गई . सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पंडित धीरेंद्र शास्त्री 4 अक्टूबर तक गयाजी में रहेंगे. और वह अपने पूर्वजों की पिंडदान और तर्पण गयाजी में करेंगे.हालांकि उनके चाहने वाले लाखों समर्थक नहीं मिलने से निराश हैं.वहीं बता दे कि बाबा धीरेंद्र शास्त्री गयाजी में दिव्य दरबार नहीं लगाएंगे.

## हसपुरा प्रखंड के सभी पंचायतों में आमसभा का हुआ आयोजन

**दैनिक समाज जागरण प्रेम कुमार**
**प्रखंड संवाददाता हसपुरा**

औरंगाबाद (बिहार)हसपुरा प्रखंड के सभी पंचायतों में 2 अक्टूबर को आम सभा का आयोजन कर विकास योजनाओं का प्रस्ताव लिया गया। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सोमवार को सभी पंचायतों में आम सभा का आयोजन किया गया।जिसमें पंचायतों के विकास व अन्य लोक कल्याणकारी योजनाओं का प्रस्ताव किया। आम सभा मे पंचायत सचिव, आवास सहायक सहित पंचायत के



14 वार्ड सदस्य उपस्थित थे।प्रखंड के अमझर श-रीफ पंचायत के मुखिया पम्मी कुमारी, हसपुरा पंचायत के संगीता देवी, अहियापुर के चुन्नु शर्मा, मलहारा के संतोष सौं-डिक, इटवां के राकेश सभी उपस्थित हुए।हालांकि वार्ड सदस्यों के आम सभा के बहिष्कार के घोषणा के कारण वार्ड सदस्यों की उपस्थिति कम थी लेकिन अमझर शरीफ पंचायत के आमसभा में सभी कुमार, पिरु के गोपाल सिंह,जैतपुर के सत्येन्द्र पासवान समेत अन्य मुखिया के अध्यक्षता में आमसभा का आयोजन कर करोडों रुपये के योजनाओं का प्रस्ताव लिया।

## सर्वोदय उच्च विद्यालय मखदुमपुर में हर्षोउल्लास के साथ विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने मनाया राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री की जयंती

**दैनिक समाज जागरण विश्वनाथ**
**आनंद वरीय संवाददाता**
**मगध प्रमंडल.**

गया (बिहार)- गया जिला के टिकारी अनुमंडल अंतर्गत सर्वोदय उच्च विद्यालय मखदुमपुर में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री की जयंती हर्षोल्लास के साथ शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने मनाया. इस अवसर पर विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक मोहम्मद अबरार आलम ने चेतना सत्र एवम समारोह में विस्तार से दोनों महान विभूतियों के सम्मान में उनके दैनिक जीवन को विस्तार रूप से प्रकाश डाला. उन्होंने आगे कहा कि एक सत्य अहिंसा के पुजारी थे, तो दूसरे सादगी के प्रतीक थे. यह दोनों महानुभाव के जीवन से हमें शिक्षा लेनी चाहिए. इस अवसर पर दोनों महान विभूतियों के तैलिए चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए नमन किया. कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए विद्यालय के शिक्षक विपिन कुमार, प्रभात कुमार सिंह पुरुषुतोम कुमार इत्यादि लोगों ने अपना विचार व्यक्त



किया. इस अवसर पर विद्यालय में क्विज और निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. जिसमें प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान पर उत्तीर्ण होने वाले छात्र-छात्राओं को विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक मोहम्मद अबरार आलम ने पुरस्कार देकर पु-रस्कृत किया . जिन विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया है .जो इस प्रकार है- प्रथम स्थान पर आदित्य कुमार, द्वितीय स्थान पर सुमित कुमार, द्वितीय स्थान पर शुभम कुमार, तृतीय स्थान पर विकु कुमार एवं उत्कर्ष कुमार इन सभी छात्रों को मेडल और कलम देकर सम्मानित किया गया एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई. कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक मोहम्मद अबरार आलम ने किया एवं संचालन का कार्य पुस्तकालय अध्यक्ष प्रभात कुमार सिंह ने किया.

## अजय कुमार विश्वकर्मा ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व भारत के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री का चित्रांकन कर मनाया जयंती.

**दैनिक समाज जागरण विश्वनाथ आनंद वरीय संवाददाता मगध प्रमंडल**

गया (बिहार)- गया मगध प्रक्षेत्र के जहानाबाद जिला स्थित अप्पू आर्ट्स



के निर्देशक अजय कुमार विश्वकर्मा ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं भारत के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के जयंती पर चित्रांकन कर जयंती मनाया . वहीं उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए श्री विश्वकर्मा ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं भारत के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के दिए गए संदेशों को अनुकरण कर जीवन को सफल बनाया जा सकता है . उन्होंने आगे कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने सत्य अहिंसा की पाठ पढ़ाया. वही भारत के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री ने सादगी जीवन व्यतीत कर जीवन में संघर्ष कर सफल होने का संदेश दिया .श्री विश्वकर्मा ने दोनों महापुरुषों का नमन करते हुए उनके तैलिए चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित किया. इस दौरान काफी संख्या में लोग उपस्थित थे.

## काश! गांधी व शास्त्री जी के सपनों को आज व्यावहारिक रूप दिए होते- डॉक्टर विवेकानंद मिश्र.

**दैनिक समाज जागरण विश्वनाथ आनंद वरीय**
**संवाददाता मगध प्रमंडल**

गया (बिहार )- गया के स्थानीय विसार तालाब न्यू एरिया स्थित पलुहड हाउस के प्रांगण में महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती समारोह मनाई गई. उपस्थित बड़ी संख्या में लोगों ने गांधी व शास्त्री जी की प्रतिमा पर अपनी श्रद्धा सुमन अर्पित किया. समारोह का शुभारंभ बिहार के जाने-माने साहित्यकार कौटिल्य मंच के मुख्य संरक्षक आचार्य राधा मोहन मिश्रा माधव ने किया.उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि हमारे यहां महापुरुषों के वचन सदियों से चर्चा का चिंतन का विषय रहा है. गांधी जी और शास्त्री जी का चिंतन और दर्शन भी शांति बंधुत्व सहिष्णुता विकास जैसे विचारों से अनुप्राणित था. समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित विभिन्न सामाजिक संगठनों से जुड़े मानवाधिकार संरक्षण प्रतिष्ठान के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं मानवाधिकार संरक्षण प्रतिष्ठान के राष्ट्रीय महासचिव डॉ विवेकानंद मिश्र ने अपने संबोधन में कहा महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री जी मानवीय मूल्यों के पोशक संरक्षक युगश्रष्ठा थे.किंतु उन्होंने जो आजाद भारत का सपना देखा था काश! उनके सपनों को हम सब व्यवहारिक रूप दिए होते तो आज भारत का स्वरूप उज्जवल समृद्ध भारतीयों का होता .महासभा एवं कौटिल्य मंच के संरक्षक शिवचरण डालमिया ने कहा कि गांधीजी केवल राजनीतिक स्वतंत्रता ही नहीं अपितु जनता की सामाजिक आर्थिक उन्नति के साथ स्वाभिमान की रक्षा भी चाहते थे. वहीं भारतीय राष्ट्रीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अधिवक्ता एस के पाठक ने कहा कि गांधी और शास्त्री जी के दर्शन के बिना शांति व मानव अधिकारों की रक्षा का कल्पना भी बेमानी है. कौटिल्य मंच प्रदेश सचिव कुमारी रुबी एवं किरण पाठक ने कहा कि पश्चात आधुनिकता का विरोध कर हमें यथार्थ को पहचानने का रास्ता महात्मा गांधी और शास्त्री जी ने दिखाया था ,जिसे हम लोगों ने नजर अंदाज किया, किंतु उनके विचार आज भी उतने ही महत्वपूर्ण प्रासंगिक हैं, जितने उनके समय थे.विशिष्ट अतिथि के रूप में कौटिल्य मंच के प्रदेश सचिव एवं मानवाधिकार संरक्षण प्रतिष्ठान के सदस्य राजीव नयन पांडेय ने कहा कि महात्मा गांधी ने लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक के उस उद्घघोष कि स्वतंत्रता हमारा जन्मसिद्ध अधिकार है ,को महामंत्र मानकर अपने चिंतन को उसी दिशा में मोड़कर गुलामी से छुटकारा दिलाने में सफलता पाई.

## आंगनबाड़ी सेविका, सहायिका को सरकारी कर्मियों के तर्ज पर व्यवस्था सुनिश्चित करें बिहार सरकार- शांति देवी

**दैनिक समाज जागरण विश्वनाथ**
**आनंद वरीय संवाददाता**
**मगध प्रमंडल**

औरंगाबाद (बिहार)- औरंगाबाद जिला के नवीनगर प्रखंड मुख्यालय पर आंगनबाड़ी सेविका सहायिकाओं ने अपनी मांगों को लेकर विगत कई दिनों से धरना प्रदर्शन पर बैठी है. इस संबंध में आंगनबाड़ी सेविका सहायिका का नेतृत्व कर रही शांति देवी ने मीडिया से मुखातिब होते हुए कहा कि बिहार सरकार हर परिस्थितियों में आंगनबाड़ी सेविका सहायिकाओं से सरकारी कर्मचारियों के तर्ज पर कार्य ले रही है . लेकिन सरकारी तर्ज पर आंगनबाड़ी सेविका सहायिकाओं का सरकार व्यवस्था सुनिश्चित नहीं किया है. जिसके लेकर आंगनबाड़ी सेविका सहायिकाओं ने कई दिनों से नवीननगर प्रखंड मुख्यालय पर धरना पर बैठी है. उन्होंने आगे कहा कि उक्त मांगों को लेकर बिहार सरकार एवं जिला पदाधिकारी के समक्ष कई बार ज्ञापन भी सौपा गया. कई बार प्रदेश से लेकर जिला मुख्यालय, प्रखंड मुख्यालय तक धरना प्रदर्शन की गई.

## जिला विधिक सेवा प्राधिकार औरंगाबाद के अन्तर्गत मुफ्त कानूनी बचाव पक्ष सहायता प्रणाली का हुआ उद्घाटन।

**समाज जागरण सत्य प्रकाश नारायण सहायक विधि संवाददाता / धनजय कुमार विधि संवाददाता बिहार झारखंड प्रदेश**

औरंगाबाद (बिहार) 02 अक्टूबर 2023 :- राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के निदेर्शानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार, औरंगाबाद ,वैसे लोगों को



जो" अत्यन्त ही गरीब वंचित, अनुसूचित जाति/जनजाति, महिला इत्यादि" विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम के धारा 12 के अधीन आते हैं, उन्हें उनके वादों में सशक्त एवं बेहतरीन बचाव हेतु एक नई प्रणाली की शुरूआत किया गया है। जिसका ई-उद्घाटन माननीय उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश सह बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार के मुख्य संरक्षक के0 बिनोद चन्द्रा के द्वारा किया गया।

उक्त अवसर पर माननीय बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार के कार्यकारी अध्यक्ष न्यायमूर्ति श्री चक्रधारी शरण सिह द्वारा इसके उद्देष्यों पर विशेष प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार अध्यक्ष श्री सम्पूर्णानन्द तिवारी, प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय श्री पुनीत कुमार गर्ग, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री प्रणव शंकर, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुश्री मितु सिंह, जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव श्री सुकुल राम मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी श्री आनन्द भूषण, अनुमण्डलीय न्यायिक दण्डाधिकारी श्री योगेश मिश्रा, न्यायकर्ता, श्रीमती शोभा सहित जिला विधि संघ के अध्यक्ष श्री रसिक बिहारी सिंह, महासचिव, श्री नागेन्द्र सिंह, अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष श्री संजय कुमार सिंह के साथ साथ कई पैनल अधिवक्ता तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सभी कर्मी उपस्थित रहें।

जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री सम्पूर्णानन्द तिवारी द्वारा इस अवसर पर बताया गया कि मुख्य विधिक सहायता बचाव अधिवक्ता उप विधिक सहायता बचाव अधिवक्ता एवं सहायक विधिक सहायता बचाव अधिवक्ता द्वारा बचाव पक्ष की ओर से अब सशक्त तरीके से उनकी बात को न्यायालय के समक्ष रखेंगें और उन्हें प्रतिस्पर्धात्मक बचाव की मुफ्त कानूनी सहायता इस प्रणाली के अन्तर्गत प्रदान होगी, जो विधिक सेवा प्राधिकार के अन्तर्गत उपलब्ध वादों में न्यायालय के समक्ष अपना सशक्त रूप से पक्ष रखेंगें साथ ही सम्बन्धित के वाद में हर स्तर पर कार्यवाही एवं निगरानी रखेंगें। इससे आम जनता को भी राहत मिलेगी।

अब देखना है कि इस महत्वाकांक्षी योजना जो माननीय उच्च न्यायालय द्वारा लागू किया गया है। यह कितना प्रतिशत धरातल पर उतरेगी और इसमें कितने लोगों को न्याय मिलेगा, यह तो आने वाला समय ही बताएगा।

## पितृपक्ष मेला में 11 स्थानो पर बनाया गया वाहन पड़ाव हेतु पार्किंग स्थल - जिला प्रशासन

**दैनिक समाज जागरण विश्वनाथ आनंद वरीय संवाददाता मगध प्रमंडल**

गया( बिहार)-पितृपक्ष मेल 2023 के अवसर पर कुल 11 स्थान पर वाहन पड़ाव हेतु पार्किंग स्थल बनाए गए हैं, जिसमें केवल आईडीएच हॉस्पिटल कोरला चांद चौरा एवं रेलवे स्टेशन पर शुल्क निर्धारण कर पैसा लिया जा रहा है. इसके अलावा अन्य सभी पार्किंग स्थल पूरी तरह निशुल्क है. यदि कही किसी पार्किंग स्थल पर तीर्थ यात्रियों से अवैध राशि पर सुनने की सूचना मिलने पर विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी. साथी तीर्थ यात्रियों से अपील किया जाता है कि उपरोक्त दो पार्किंग स्थान को छोड़कर अन्य किसी भी पार्किंग स्थान में निःशुल्क व्यवस्था प्रशासन द्वारा की गई है .कोई भी शुल्क नहीं दिया जाना है. अवैध शुल्क लेने की सूचना स्थानीय नियंत्रण कक्ष को देना सुनिश्चित करें.

1. सिकरिया मोड़ बस स्टेण्ड में सिर्फ बस के लिए.
2. गया कॉलेज, गया का खेल परिसर सिर्फ बस के लिए बस एवं अन्य छोटे वाहन
3. प्रेतशिला की पहाड़ तली/ किसान कॉलेज का मैदान
4. केन्दुई सुर्य मंदिर परिसर सिर्फ बस के लिए
5. आई० टी० आई०/ पॉलिटेकनिक कॉलेज का मैदान परिसर बस एवं अन्य छोटे वाहन
6. रेलवे स्टेशन गया के पास सिर्फ छोटे वाहनों के लिए
7. पंचायती अखाड़ा रेल अंडर के पास से सटे पूर्वी भाग
सिर्फ छोटे वाहन के लिए
8. कॉलरा आस्पताल का मैदान सिर्फ छोटे वाहन के लिए
9. भुसंडा मैदान बस एवं अन्य छोटे वाहन
10. सीताकुंड के पास सड़के के किनारे एवं पंचदेव धाम सिर्फ छोटे वाहन के लिए
11. कुष्ट अस्पताल का परिसर सिर्फ छोटे वाहन के लिए.

आईडीएच हॉस्पिटल कोरला चांद चौरा में केवल छोटे वाहन पार्क किये जाते हैं। जिसमे 12 घंटे तक के लिये 50 रुपया, 24 घंटे तक के लिये 75 रुपया एव 36 घंटे तक के लिये 100 रुपया निर्धारित है. इसके अलावा गया रेलवे स्टेशन पर रेलवे प्रशासन द्वारा छोटे वाहन के लिये 2 गहनतर तक के लिये 50 रुपया, 6 घंटे तक के लिये 75 रुपया, 12 घंटे तक के लिये 125 रुपया, 24 घंटे तक के लिये 200 रुपया शुल्क बसूल किये जाते हैं. इसके अलावा बोधगया नगर परिषद क्षेत्र में स्थायी रूप से नोड वन एवं चिल्ड्रन पार्क के पास पार्किंग बंदोबस्त किया गया है तथा पितृपक्ष मेला को देखते हुए तत्काल राजापुर मोड एवं धर्मारण्य वेदी स्थल के पास पार्किंग की व्यवस्था की गई है। जिसमें बस एवं बड़े वाहन से ट्ट200, टेंपो ट्रैवलर से ट्ट100, टाटा मैजिक ट्ट40, जीप कार ट्ट30, टेंपो ट्ट10 तथा ई रिक्शा ट्ट5 कि दर से वसूल किए जाते हैं।मेला क्षेत्र के इद्रगिर्द छोटे वाहनों की परिचालन व्यवस्था*

अनुमति प्राप्त मेला रिंग बस बोधगया - विष्णुपद मार्ग सहित तीन अन्य मार्गो पर चलेगी, उनका ठहराव मुक्ति धाम के निकट तुलसी पार्क के पास किया जायेगा । बंगाली आश्रम के आगे तुलसी पार्क / मुक्ति धाम/ विष्णुपद मंदिर की ओर ऑटो रिक्शा, टेम्पो, निजी यात्री बस का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। मेला अवधि में भारी वाहनों के प्रवेश की अवधि एवं परिचालन मार्ग

प्रातः 03:00 बजे से रात्रि 23:00 बजे तक गया शहर में किसी मार्ग पर मेला रिंग बस/स्थानीय बसों को छोड़कर अन्य प्रकार के सभी बड़े वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा



रात्रि 23:00 बजे से प्रातः 03:00 बजे तक बड़े वाहन (बस /ट्रक) का गया शहर मे परिचालन निम्नवत रहेगाः

1. पटना- डोभी- पटना की ओर से आने वाले बड़े वाहन :-
रामशीला चौकट्ट बागेश्रवरी गुमटी रेलवे स्टेशन रोड बाटा मोड़ स्वाराजपुरी रोड गेवाल बिगहा मोड़, सिकड़िया मोड़ होते डोभी की ओर जायेगी एवं उसी प्रकार डोभी से पटना की आने वाली वाहन इसी मार्ग से जायेगी । स्थानीय बसों का स्वराजपुरी रोड से होकर आना-जाना प्रतिबंधित रहेगा ।
2. पटना की की ओर से आने वाली बडी व्यावसायिक वाहनों का मार्गः-
बुनियादगंज बाईपास से बांए मुड़कर सीधे मेहता पेट्रोल पम्प भुसुंडा मोड़ घुघरी टॉंड़ 5 नम्बर गेट से सीधे डोभी की ओर जायेगी ।
पुनः उसी मार्ग से पटना की ओर जाने वाली बड़े वाहन इसी रूट से जायेगी

वन-वे मार्ग छोटी वाहनों के लिए

1. दिग्घी तालाब के दक्षिण पूर्वी भाग अवस्थित कोईरी बारी से नादरीगंज होते हुए पूर्वी मोड़ से टिल्हा धर्मशाला पूर्वी भाग चाँद चौरा पूर्वी चाँद चौरा पश्चिमी के उत्तरी रोड राजेन्द्र, आश्रम टिल्हा धर्मशाला का पश्चिमी गेट दिग्घी तालाब मोड़ से पश्चिम आई०एम०ए० रोड तक वन-वे रहेगा
2. जी० बी० रोड मे पिरमंसूर से पिलग्रीम अस्पताल मोड़ तक सिर्फ उत्तर में पटना की ओर जाने लिए खुला रहेगा।
3. मानपुर पुल के पश्चिमी छोर से किरण सिनेमा टॉवर चौक रमना रोड ट्ट मित्तल मौजेक > पिरमंसूर का मार्ग एवं उतर की आरे से आने के लिए खुला रहेगा।
4. राय काशनीथ मोड़ से स्टेशन की ओर जाने वाले वाहन नगमतिया मोड़ से मुड़कर रेलवे अस्पताल मोड़ ट्ट रेलवे गुमीट नं० 1 जी०आर०पी० होत हुए सिधे स्टेशन परिसर जायेगी । बाटा मोड़ से सीधे स्टेशन की ओर छोटे वाहनो का जाना प्रतिबंधित रहेगा।
5. रेलवे स्टेशन की ओर आने वाली वाहन बाटा मोड़ होते हुए स्वराजपुरी रोड होकर जायेगी । 6. समीर तक्या से मंगला गौरी की ओर सिधे वाहन नहीं जायेगी।
7. समीर तक्या से बोधगया की ओर जाने का मार्ग :- समीर तक्या चौक चाँद चौरा पश्चिमी चौकट्ट नारायण चुआं मोड़ बंगाली आश्रम नारायणी पुल होकर घुघरी टाँड रिभर साइड बाईपास होकर बोधगया जायेगी । घुघरी टाँड से गेट नं0-5 होकर बोधगया जा सकेगें।
8. घुघरी टाँड से मंगला गौरी की ओर गोद-ावरी होते हुए समीर तक्या कि ओर छोटे वाहन जा सकेगे ।
9. नारायण चुआं से मंगला गौरी की ओर वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा।
10. नारायण चुआं से उतर की ओर वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा.

# गांव-समाज के समग्र विकास के साथ शिक्षित नारियां ही पूर्ण करेगी गांधी के सपने साकार।

*स्वच्छता के संग माटी उपासक कृषकों के सम्मान से ही बढ़ेगा भारत।*

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता, ठाकुरगंज (किशनगंज)**

"स्वच्छ भारत, स्वस्थ भारत" , "शिक्षित गांव, सजग देश", "जय जवान, जय किसान", "शिक्षित व सजग नारी, सशक्त देश" आदि नारों के संग गुंजायमान माहौल में प्रखण्ड के सरकारी व गैर-सरकारी विद्यालयों में गांधी जयंती और लाल बहादुर शास्त्री का जन्म दिन मनाया गया।





विद्यालयों में सम्बंधित प्रधानाध्यापकों और शिक्षक-शिक्षिकाओं ने इस अवसर पर महात्मा गांधी, भारत के राष्ट्रपित और लाल बहादुर शास्त्री,भारत के पूर्व प्रधानमंत्री के जीवनी , देश के प्रति उनके महत्वपूर्ण कृतियों, गांव-समाज के उत्थान हेतु सत्ता के विकेंद्रीकरण को रईस्त्र पायदान पर खड़े अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने सम्बंधित उनके द्वारा सुझाये गये उपायों व विचारों से शिक्षार्थियों व उपस्थित अभिभावकों को अवगत करवाया। नारी सशक्तिकरण हेतु शतप्रतिशत नारियों का शिक्षित होना, आजीविका अर्जन में समान भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक पहल और राजनीति के क्षेत्र में सक्रिय भागीदारी हेतु सुदृढ व्यवस्था करने सम्बंधित इन दोनों महापुरुषों द्वारा रचित किताबों, लेखों और उनके सुझावों पर चर्चा करते हुए छात्राओं को बगैर किसी चूक अथवा झिझक के उच्च शिक्षा प्राप्ति हेतु प्रेरित किया गया।

इस मौके पर कई शैक्षणिक व गैर-शैक्षणिक संस्थानो में "रघुपति राघव राजा राम" भजन -गायन की सुंदर व भव्य प्रस्तुति देखने को मिली। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से बाल-विवाह, बाल श्रमिक और घर के दहलीज तक बंद लड़कियां/नारियां जैसे समाजिक बुराई पर चोट करते हुए बच्चों व अभिभावकों को सजग व जागरूक करने का प्रयास किया गया। इन सभी आयोजनों में से आकर्षण का केंद्र बिंदु एक अभिभावक द्वारा महात्मा गांधी बने छोटे बच्चे को अपने गोद मे उठाकर चलते हुए भाव विभोर करने वाली वास्तविक दृश्य रहा। बड़ी संख्या में राह चलते लोगों द्वारा इस अभिभावक के गोद में चल रहे महात्मा गांधी बने बालक के संग सेल्फी लिया जाना चर्चा का विषय बना।

# 72 वी वाहिनी सीमा सुरक्षा बल के द्वारा किशनगंज जिले के सीमावर्ती गाँव में सिविक एक्शन और मेडिकल कैम्प का आयोजन

**राहुल कुमार, किशनगंज**

किशनगंज मुख्यालय सीमा सुरक्षा बल किशनगंज के अंतर्गत आने वाली 72 वी वाहिनी सीमा सुरक्षा बल द्वारा सोमवार को सीमावर्ती गाँव कैलाडांगी मे सिविक एक्शन और मेडिकल कैम्प का आयोजन किया गया। इस आयोजन का उद्घाटन मुख्य अतिथि ईश औल उप महानिरीक्षक क्षेत्रीय मुख्यालय सी सुबल किशनगंज एवं बी०एस०एफ० वाइफ वेलफेयर ऐसोसिऐशन क्षेत्रीय मुख्यालय सीसुबल किशनगंज की अध्यक्षा श्रीमती मोना औल द्वारा वाहिनी समादेष्टा शैलेश कुमार सिन्हा, वाहिनी के अन्य अधिकारियों, अधिनय अधिकारियों, जवानों तथा वाहिनी के बाबा सदस्यों तथा गणमान्य ग्रामीणों की उपस्थिति में किया गया। इस आयोजन में ग्रामीणों और स्कूलों के लिए जरूरी सामान का वितरण के साथ-साथ मेडिकल कैंप का भी आयोजन किया गया। इस दौरान डा० शहीना एम०सी० (सहायक कमांडेट / मेडिकल आफिसर) क्षेत्रिय मुख्यालय सीसुबल किशनगंज, सा० महेश कुमार (सहायक कमांडेट / मेडिकल आफिसर) 152 वी वाहिनी एवं डा० अनिमेश पाल (मेडिकल आफिसर) माता गुजरी मेडिकल अस्पताल किशनगंज, डा० प्रीतम देवनाथ (2ल्र्ला मेडिकल आफिसर) इढलउ रायगंज के द्वारा सीमावर्ती गाँव कैलाडांगी एवं अन्य निकटवर्ती सीमावर्ती गाँवो के लगभग 228 पुरुष, 208 महिला एवं 76 बच्चो का बुनियादी हेल्थ चैकअप



किया गया तथा निशुल्क दवाईयाँ प्रदान की गयी।

इसके अतिरिक्त स्थानीय स्कूल के बच्चों और ग्रामीणों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक भी किया गया तथा उन्हें नशीली चीजों के सेवन से बचने की सलाह दी गई एवं गाँववासियों की सुविधा को ध्यान मे रखते हुए वाहिनी द्वारा चुने गए सीमावर्ती वाइब्रेट विलेज ग्राम कैलाडांगी के ग्रामीणों एवंम् स्कूली बच्चों के लिए एक 250 लिटर आओ, 10 सोलर लाईट, 01 कम्प्युटर सहायक उपकरण के साथ, 01 ऑफिस चेयर 01 आफिस टेबल, 04 फुटवाल, 04 वॉलीवाल, 08 सेलिंग फैन एवं अन्य सीमावर्ती वाइब्रेट विलेज ग्राम परियाल के ग्रामीणों एवंम् स्कूली बच्चों के लिए एक 250 लिटर आओ, 10 सोलर लाइट, 06 जोड़ा बेंच डेस्क और वाइडेंट विलेज घुलवाखारी के ग्रामीणों एवं बच्चो के लिए 07 सोलर लाइट, 02 फुटवाल, 02 वॉलीवाल का वितरण किया गया ।

इस गतिविधि के अन्त में श्री ईश औल उप महानिरीक्षक क्षेत्रीय मुख्यालय सीसुबल किशनगंज द्वारा उपस्थित स्थानीय ग्रामीणों को अपने बच्चो को ज्यादा से ज्यादा शिक्षित करने के लिए प्रेरित किया गया ताकि उनका भविष्य उज्जवल हो सके तथा वो अपराधिक गतिविधियो की ओर अग्रसर न हो पाय। साथ ही उप महानिरीक्षक महोदय ने ग्रामीणों को स्वच्छ पानी एवं पौष्टिक भोजन के महत्व के बारे में बताया तथा बच्चो के लिए इसे सुनिश्चित करने के लिए प्रेरित किया ताकि उनका शारीरिक और मानसिक विकास ठीक ढंग से हो पाये ग्रामीणों ने 72 वी वाहिनी द्वारा कराये गये सिविक एक्शन और मेडिकल कैम्प का जमकर सराहना की। ग्रामीणों ने यह भी आश्वासन दिया कि वे सीसुबल को सीमा पर होने वाले अपराधों को रोकने, अपराधी या तस्कर को उस क्षेत्र में देखा जाता है तो उन्हें पकड़वाने में 72 वीं वाहिनी की मदद के लिए हमेशा आगे आयेगे।

# महावीर मार्ग स्थित कांग्रेस कार्यालय में महात्मा गाँधी जी एवं लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती मनाई गई

**राहुल कुमार, किशनगंज**

किशनगंज युवा कांग्रेस कमिटी के जिला अध्यक्ष मो आजाद साहिल के अध्यक्षता में शहर के महावीर मार्ग स्थित किशनगंज कांग्रेस कार्यालय में महात्मा गाँधी जी की जयंती एवं लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती मनाई गई। जिसमे मुख्य रूप से मौजूद रहे किशनगंज सांसद प्रतिनिधि परवेज रेजा, किशनगंज नगर अध्यक्ष सजल कुमार साह, किशनगंज सांसद के निजी सहायक एहसान हसन, महिला जिला अध्यक्ष शाहजहां बेगम, किशनगंज कांग्रेस के पूर्व नगर अध्यक्ष अरुण कुमार साह, किशनगंज सांसद के भाई फैयाज आलम भट्ठ, महिला प्रखंड अध्यक्ष शाहिदा बेगम, महिला कांग्रेस नेत्री इला देवी, युवा काँग्रेस पूर्व प्रदेश महासचिव सरफराज खान, कांग्रेस नेता सह वार्ड पार्षद सफी अहमद, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जुल्फेकार अंसारी, किशनगंज जिला महासचिव तौसीफ अंजार, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सुमेन्द्र बहादुर सिंह, युवा कांग्रेस जिला संयोजक वसीम अख्तर, युवा काँग्रेस किशनगंज नगर अध्यक्ष



अमजद अली, युवा कांग्रेस नेता गौतम कुमार साह, युवा कांग्रेस नेता अब्दुल खालिक, युवा कांग्रेस नेता आकाश कुमार दास, युवा काँग्रेस नेता शुभम दास, कांग्रेस नेता मो गुड्डू, युवा कांग्रेस नेता हाफिज मोवासिर, काँग्रेस नेता मो नासिर, आदि मौजूद रहे। उसके बाद कांग्रेस कार्यकताओं ने चूड़ीपट्टी गांधी घाट पहुँच कर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की प्रतिमा पर माला अर्पित किया।

इस दौरान युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष मो आजाद साहिल ने कहा कि सत्य, अहिंसा और सौहार्द का रास्ता, भारत को जोड़ने का रास्ता महात्मा गांधी ने ही दिखाया था। एवं भारत के पूर्व प्रधानमंत्री, श्री लाल बहादुर शास्त्री जी ने 'जय जवान, जय किसान' के नारे से उन्होंने देश के दो बड़े तपस्वी वर्गों को सशक्त करने का काम किया था। शास्त्री जी का दिखाया रास्ता हमें भारत के हर मेहनती नागरिक को उनका अधिकार दिलाने के लिए प्रेरित करता है।

# फर्जी जन्म प्रमाण पत्र और आधार कार्ड बनाने वाला युवक गिरफ्तार! युवक बतासी का रहने वाला है

**उत्तम सिंहः संवाददाताः दैनिक समाज जागरणः ब्यूरो चीफ (दार्जिलिंग):**

वीजा समाप्त होने के बावजूद अवैध रूप से रहने के आरोप में घोषपुकुर चौकी पुलिस ने एक बांग्लादेशी युवक को गिरफ्तार किया था। इसके बाद फांसीदेवा थाने की पुलिस ने गिरफ्तार युवक से पूछताछ की। पूछताछ में पता चला की उनका वीजा तीन माह पहले ही खत्म हो गया था। फिर भी युवक अवैध रूप से रह रहा था। यहां उन्होंने टोटो मैकेनिकल में काम किया। इसके बाद गिरफ्तार युवक को रविवार को सिलीगुड़ी सब-डिविजनल कोर्ट ले जाया गया। जांच के लिए पुलिस ने रिमांड में लेने का अनुरोध अदालत से किया गया। इसके बाद फांसीदेवा थाने की पुलिस के हाथ सनसनीखेज जानकारी लगी। पता चला कि युवक का फर्जी जन्म प्रमाण पत्र बनवाकर आधार कार्ड बनवाया गया था। फर्जी प्रमाण पत्र बनाने वाले युवक की पहचान सोनाय सरकार (33) के रूप में हुई है, जो खोरीबाड़ी ब्लॉक के बतासी बाजार इलाके में एक फोटो स्टूडियो का मालिक है। बाद में, पुलिस ने उसकी दुकान पर छापा मारा और लैपटॉप और फिंगर प्रिंट मशीनों के साथ-साथ कई फर्जी जन्म प्रमाण पत्र भी बरामद किए। इसके बाद फांसीदेवा थाने की पुलिस ने युवक को गिरफ्तार कर लिया। सोमवार को उसे सिलीगुड़ी महाकुमा कोर्ट भेज दिया गया। हालांकि पता चला है कि खोरीबाड़ी बतासी बाजार के इस युवक ने ऐसे कई फर्जी आधार कार्ड बनाये हैं। भारतीय आधार कार्ड बनाने के आरोप में एक बांग्लादेशी युवक को गिरफ्तार किया गया है। हालांकि पुलिस सूत्रों के मुताबिक खोरीबाड़ी थाने की पुलिस ने इस युवक को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। बहरहाल, पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई है। फांसीदेवा पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि इस घटना में कोई और भी शामिल है या नहीं।

# गांधी जयंती पर शतरंज प्रतियोगिता आयोजित

**राहुल, दैनिक समाज जागरण किशनगंज**

गांधी जयंती के अवसर पर जिला शतरंज संघ द्वारा सोमवार के दिन इंडोर स्टेडियम डुमरिया में एक निःशुल्क एज-ग्रुप शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में करीब चार दर्जन बालक-बालिका खिलाड़ियों ने भाग लिया।



कार्यक्रम का उद्घाटन संघ के नव मनोनीत उपाध्यक्ष निशान सिंह ने किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि बच्चों के मानसिक विकास हेतु शतरंज एक बेहतरीन खेल है।अतः सभी बच्चों को निश्चित रूप से इस खेल को सीखने और खेलने का प्रयास करना चाहिए।

संघ के मानद महासचिव शंकर नारायण दत्ता एवं वरीय संयुक्त सचिव सह कार्यक्रम के संयोजक कमल कर्मकार ने जानकारी दी कि सारे प्रतिभागियों को कुल 4 आयुवर्गों में बांटकर इस प्रतियोगिता को संपन्न किया गया। संघ के संयुक्त सचिव तथा कार्यक्रम के सहसंयोजक रोहन कुमार ने सूचित किया कि अंडर- 7 आयु वर्ग में आयुष राज चैंपियन बने। इसके अगले स्थानों पर मायरा रंजन, काव्या जैन, सार्थक आनंद, अनिमेष कुमार, नैतिक बोथरा, श्रीजय पाल, अयंतिका हालदार एवं अन्य ने जगह बनाई। वहीं अंडर-9 आयु वर्ग में हार्दिक प्रकाश ने बाजी मारी। जयब्रतो दत्ता,हिमांश जैन, सालेहा परवीन, रमित जैन ,ग्रंथ जैन एवं अन्य क्रमशः इनके पीछे-पीछे रहे। अंडर-11 आयु वर्ग में रित्विक मजूमदार ने शीर्ष स्थान पर पहुंचकर अपने प्रतिभा का लोहा मनवाया। सुरोनोय दास, धानी अग्रवाल, पलचीन जैन, युवराज साह, मानव तामांग एवं अन्य को क्रमशः इनके पिछले स्थानों पर संतोष करना पड़ा। वही अंडर-17 आयुवर्ग में ज्योति कुमारी ने इस मानसिक खेल में अपनी श्रेष्ठता सिद्ध की। आयुष कुमार, मोहम्मद अमानुल्लाह, नमन कुमार,रुशील झा, प्रतीक साह एवं क्वेस रजा को क्रमशः दूसरे से सातवां स्थान प्राप्त हुआ।

इन विजेता सहित सारे प्रतिभागियों को संघ द्वारा पुरस्कृत किया गया। इन्हें पुरस्कृत करने में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि निशान सिंह सहित संघ के उपाध्यक्ष बासुकीनाथ गुप्ता, हृदय रंजन घोष, अभिनंदन कुमार एवं अन्य ने अपना योगदान दिया।

# स्वच्छता से प्रेरित होकर भारत के प्रत्येक गंतव्य को टिकाऊ पर्यटन स्थल के रूप में आकर्षित बनाएंगे : सगनिक चौधरी

**बिभूति भूषण भद्र दैनिक समाज जागरण झाड़ग्राम जिला संवाददाता**

पेयजल और स्वच्छता विभाग तथा आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय के संयुक्त तत्वावधान में श्रमदान गतिविधियों को शुरू करने के लिए स्वच्छता ही सेवा मनाया जा रहा है। सामुदायिक भागीदारी के माध्यम से जन आंदोलन उत्पन्न करना स्वच्छ भारत मिशन के कार्यान्वयन पर प्रोत्साहन प्रदान करना, संपूर्ण स्वच्छ गांव के महत्व का प्रसार करना,प्रत्येक व्यक्ति के व्यवसाय के रूप में स्वच्छता की अवधारणा को सुदृढ़ करना,और राष्ट्रव्यापी भागीदारी के साथ स्वच्छ भारत दिवस 2 अक्टूबर की प्रस्तावना के रूप में मनाने ।

स्वच्छता ही सेवा -2023 की थीम 'कचरा मुक्त भारत' है, जिसका मुख्य उद्देश्य स्वच्छता और सफाई मित्रों के कल्याण के लिए है । पिछले वर्षों की तरह स्वच्छता गतिविधियों की भावना स्वैच्छिक श्रमदान करना है ।इन स्वच्छता अभियानों का ध्यान बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, छावनी बोर्ड, समुद्र तटों, पर्यटक स्थलों, चिड़ियाघरों, राष्ट्रीय उद्यानों और अभयारण्यों, ऐतिहासिक स्मारकों, विरासत स्थलों, नदी के किनारों, घाटों, और नालों आदि जैसे अधिक मंत्रालय भारत सरकार द्वारा पूरे देश में 886 स्वच्छता श्रमदान गतिविधियां संचालित की है। पश्चिम बंगाल में 80 पर्यटन स्थलों पर या



लोगों की संख्या वाले सार्वजनिक स्थानों पर है। राज्य/केंद्र शासित प्रदेश के ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में यह अभियान चलाया गया। रविवार को झाड़ग्राम टूरिज्म के द्वारा बिनपुर प्रखंड दो अंतर्गत पर्यटन स्थल कंकराझोर, आमलासोल केतकी झील,खंडारानी डैम व घाघरा आदि जगहों पर स्वच्छता ही सेवा के तहत स्वच्छता अभियान चलाया गया। मौके पर इंडिया टूरिज्म कोलकाता के क्षेत्रीय निदेशक (पूर्व) सगनिक चौधरी ने कहा कि पर्यटन कार्यक्रम चलाया गया। हमारा मानना है कि नागरिक इन व्यापक स्वच्छता पहल से प्रेरित होंगे और जीवन के लिए स्वच्छता की प्रतिज्ञा लेंगे। और भारत के प्रत्येक गंतव्य को स्वच्छता और टिकाऊ पर्यटन स्थल के रूप में आकर्षित बनाएंगे। झाड़ग्राम टूरिज्म के संस्थापक सह आई ए टी ओ सदस्य सुमित दत्ता ने कहा कि यह अभियान वास्तव में स्वच्छता एवं हरित बेलपहाड़ी के ग्रामीणों के बीच जागरूकता लाना है। मौके पर अन्य सदस्यगण उपस्थित।

# स्वच्छता ही सेवा मिशन के तहत 207 कोबरा बटालियन द्वारा शालबोनी में चलाया गया स्वच्छता अभियान

**बिभूति भूषण भद्र दैनिक समाज जागरण झाड़ग्राम जिला संवाददाता**

09 वर्ष पहले माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2014 में स्वच्छता के लिए एक स्पष्ट संदेश देकर आवहान किया था सभी क्षेत्रों में आने वाले नागरिकों ने इसका स्वागत किया और सक्रियता दिखाते हुए स्वच्छ भारत के लिए स्वामित्व लेने में अत्यधिक उत्साह दिखाया जिसके परिणामस्वरूप स्वच्छता एक राष्ट्रीय स्वभाव परिवर्तन बन गया और हर किसी की जुबान पर स्वच्छ भारत मिशन एक घरेलू नाम की तरह बन गया। इसी क्रम में माननीय प्रधानमंत्री भारत सरकार द्वारा स्वच्छता ही सेवा मिशन (एक तारीख एक घंटा एक साथ) के तहत सभी नागरिकों द्वारा सामूहिक रूप से स्वच्छता के लिए 01 घंटे (प्रातः 10 बजे से 11 बजे तक) श्रमदान की अपील की, जो गांधी जयंती की पूर्व संध्या पर ही बापू को स्वच्छांजलि होगी। बापू की जंयती पर पुरे देश में स्वच्छता की तैयारियां चल रही है और पश्चिम मिदनापुर जिला भी इससे अछूता नही रहा है। इसी क्रम में 207 कोबरा स्वच्छ भारत के सपने को साकार करने हेतु स्वच्छांजलि दी। इस मौके पर ग्राम प्रधान शालबोनी शक्ति रानी



बटालियन द्वारा कमाण्डेंट देवेन्द्र सिंह कठायत के नेतृत्व में कोबरा अधिकारियों एंव कार्मियों ने शालबोनी उप डाकघर एंव उसके आस-पास के क्षेत्रों में एक सफाई अभियान चलाया जिसमें कोबरा जवानो के अलावा आस-पास के लोगों द्वारा बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया गया एंव राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जंयती की पूर्व संध्या पर उनके पाल, प्रखंड विकास पदाधिकारी शालबोनी प्रणय दास, संयुक्त प्रखंड विकास पदाधिकारी शालबोनी देवब्रत कोनार, थाना प्रभारी शालबोनी गोपाल विश्वास, तपन महतो, प्रशान्तो डोलई, भारत गैस एजेंसी के पलटू चौधरी, मृत्युंजय दास, पंचायत सदस्य एंव अन्य गणमान्य अतिथि एंव आमलोग मौजूद रहें।

# बाघझांपा प्राथमिक विद्यालय में महात्मा गांधी की 155 वीं जयंती मनाई गई

**बिभूति भूषण भद्र दैनिक समाज जागरण झाड़ग्राम जिला संवाददाता**

हर साल की तरह आज 2 अक्टूबर को झाड़ग्राम पूर्वी चक्र के बाघझांपा प्राथमिक विद्यालय में महात्मा गांधी की 155 वीं जयंती गरिमामय ढंग से मनाई गई।

यह दिन भारत में राष्ट्रीय सार्वजनिक छुट्टियों में से एक है। भले ही स्कूल की कक्षाएं बंद हैं, लेकिन बच्चों की स्कूल उपस्थिति बंद नहीं हुई है। प्रधानाध्यापक भवतोष भौमिक के सौजन्य और ईमानदार प्रयासों से, अन्य शिक्षकों की मदद से और बाल



परिषद के मार्गदर्शन में, गांधीजी की जीवनी पर नृत्य, गायन, वाचन और पाठन करके, बापूजी की तस्वीर पर माला चढ़ाकर यह दिन वास्तव में एक राष्ट्रीय त्योहार बन गया। गांधीजी ने अपने पर्यावरण को हमेशा स्वच्छ रखा। भारत सरकार ने 2 अक्टूबर 2014 को "स्वच्छ भारत अभियान" यानी स्वच्छ भारत मिशन शुरू किया। इसी क्रम में आज स्कूली बच्चों ने स्कूल परिसर और आस-पास की सड़कों से प्लास्टिक और कूड़ा-कचरा साफ किया, शिक्षकों और छात्रों ने स्वच्छ भारत मिशन को उचित सम्मान दिया।

# नव पदस्थ जिलाधिकारी तुषार सिंगला ने किया पदभार ग्रहण

**विरेन्द्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

बिहार के किशनगज जिला में नव पदस्थापित जिलाधिकारी सह समाहर्त्ता तुषार सिंगला ने पदभार ग्रहण किया। जिला के प्रभारी जिलाधिकारी सह एडीएम अनुज कुमार से नव पदस्थ जिलाधिकारी ने पदभार ग्रहण किया।

मौके पर जिला के विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने पहले दिन समाहरणालय में उनका स्वागत किया और जिलाधिकारी को अपने विभागीय परिचय से अवगत कराएं। जिलाधिकारी ने कहा आप सबों को धन्यवाद।

जिलाधिकारी ने मिडिया से कहा विधि-व्यवस्था एवं विकास कार्यों का क्रियान्वयन मेरी प्राथमिकता होगी। उल्लेखनीय है कि निवर्तमान जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने जिला से विदा होने से पहले ही नव पदस्थ जिलाधिकारी तुषार सिंगला के अनुपस्थिति में ही एडीएम अनुज कुमार को जिला समाहर्ता का प्रभार सौप दिया था।

# राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की जयंती नेहरू युवा केंद्र के तत्वाधान में आयोजित

**राहुल, दैनिक समाज जागरण किशनगंज**

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की जयंती, नेहरू युवा केंद्र किशनगंज के तत्वाधान में आयोजित की गई। इस कार्यक्रम में जिले के सभी युवा क्लब, महिला मंडल के सक्रिय सदस्यों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन धर्मेंद्र कुमार, रंजीत कुमार सिंह सचिव सैक्रिफाइस के कर कमलों द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में सभी राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवकों ने भाग लिया। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की जीवनी पर अपना अपना विचार रखें तथा उनके द्वारा बताए गए रास्ते पर सब अपने जीवन को व्यतीत करने के लिए शपथ लिए। साथ ही राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के जयंती के पूर्व 1 अक्टूबर 2023 को स्वच्छता ही सेवा है कार्यक्रम का आयोजन करते हुए जिले के सभी सातों प्रखंडों में एवं जिला मुख्यालय में सभी ग्रामवासियों ने माननीय प्रधानमंत्री जी के आह्वान पर एक घंटा स्वच्छता अभियान में शामिल हुए, जिसमें नेहरु युवा केंद्र के सभी अधिकारी एवं कर्मचारी तथा सभी राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवको ने भी स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम में भाग लेकर इस अभियान को सफल बनाने में भरपूर योगदान दिया।



# पुलिस अधिकारी की पत्नी से सोने की चेन छिनताई करने वाला अपराधी हुआ गिरफ्तार

**उत्तम सिंहः संवाददाताः दैनिक समाज जागरणः ब्यूरोचीफ (दार्जिलिंग):**

बदमाश को पुलिस अधिकारी की पत्नी के गले से डेढ़ भरी सोना का चेन छिनतई करके भी कोई लाभ नही हुआ। क्योंकि छिनतई के 24 घंटे के अंदर ही पुलिस ने छिनतई बाज को सोने की चेन बेचकर मौज करने से पहले ही सलाखों के पीछे भेज दिया।

जानकारी मिली है कि रविवार यानी 1 अक्टूबर की सुबह सिलीगुड़ी मेट्रोपॉलिटन के एक पुलिस अधिकारी की पत्नी हिंदी हाई स्कूल के पास मार्निंग वॉक के लिए निकली थी। इस दौरान एक बदमाश ने पीछे से उनके गले से सोने की चेन छिनताई कर फरार हो गया। इसके बाद सिलीगुड़ी थाने में एक लिखित शिकायत दर्ज करवाई गई। शिकायत के आधार पर जांच में जुटी सिलीगुड़ी थाने की सादे पोशाक की क्राइम विंग की टीम ने घटना के 24 घंटे के अंदर ही रविवार रात को पीएनटी गली से छिनतई बाज बदमाश को गिरफ्तार किया।

साथ ही उसके पास से पुलिस अधिकारी की पत्नी के छिनताई हुए डेढ़ भरी सोने के चेन को बरामद किया। आज आरोपी को सिलीगुड़ी अदालत में पेश किया गया है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

# पुर्णियां: जिले के शीर्ष दस अपराधियों की सूची में शामिल कुख्यात जिलानी गिरफ्तार

**समाज जागरण विशेष संवाददाता पूर्णियां प्रमंडल**

पुलिस अधीक्षक,पूर्णियां आमिर जावेद के द्वारा जिले के मुख्य शीर्ष दस अपराधियों की सूची में शामिल कुख्यात अपराधकर्मी जिलानी, पिता-अपील,साकिन-पोखरिया थाना-बायसी,जिला पूर्णियां की गिरफ्तारी हेतु अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी,सदर पुष्कर कुमार के नेतृत्व में एक पुलिस टीम का गठन किया गया था। गठित टीम में थानाध्यक्ष बायसी,पुनि रमेशकांत चौधरी,पुनि अनिल कुमार सिंह, थानाध्यक्ष के हाट,प्रभारी तकनीकी शाखा पुनि पंकज आनंद,पुअनि नवदीप गुप्ता एवं अन्य पुलिसकर्मी को शामिल किया गया। गठित पुलिस टीम ने लगातार दबिश एवं छापेमारी करते हुए सोमवार, दिनांक-02.10.23 को जिले के मुख्य शीर्ष दस अपराधियों की सूची में शामिल कुख्यात अपराधकर्मी जिलानी को पुणे,महाराष्ट्र से गिरफ्तार कर लिया गया है।



कुख्यात जिलानी का आपराधिक इतिहासः-बायसी थाना कांड सं०189/18,दिनांक-18.07.18 धारा-395/397 भादवि एवं बायसी थाना कांड संख्या-195/18, दिनांक-25.07.18,धारा-366/376 भादवि।समाचार प्रेषित करने तक गिरफ्तार अपराधकर्मी को न्यायिक हिरासत में भेजने की प्रक्रिया की जा रही थी।

# एक दिवसीय शिव गुरू महोत्सव का हुआ आयोजन

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

जिला से सटे पश्चिम बंगाल के हटवार में एक दिवसीय शिव गुरू महोत्सव का आयोजन हुआ। इस महोत्सव को स्थानीय निवासी अख्तर भाई ने अपने आवास पर निजी खर्च पर पुरी श्रद्धा के साथ आयोजन कराया।इस आयोजन में नागेश्वर मंडल,कैलास चौधरी , सुबोध कुमार साहा ,सुनिता ,नीतू इत्यादि शिव शिष्य किशनगंज से पुरी टीम के साथ शिव चर्चा में शामिल हुए। इसके अलावें स्थानीय गुरूभाई एवं बहनों भी शिव गुरू भजन एवं चर्चा के माध्यम से शिव शिष्यता के महत्व पर जानकारी देते हुए शिव की ओर चलने की बातें की ।



वही इस अवसर पर मंच से शिव शिष्यता के जनक वरेण्य गुरू भ्राता शिव शिष्यता के जनक साहब श्री हरीन्द्ररानंद के बताएं मार्ग पर तींन सुत्र ही महेश्वर शिव को गुरू बनाने का आधार है।और कहा गया कि शिव वह सत्ता जिसे किसी ईश्वर माना किसी ने खुदा कहा ,किसी वाहें गुरू कहा एवं किसी ने गोंड कहा है आज उसी सत्ता भगवान शिव को जन -जन गुरू मान रहें हैं। स्थानीय लोगों ने नागेश्वर मंडल के गुरू भजन पर शिव के आस्था में लीन भी दीखा और तालियों के साथ स्वागत किया। दर्जनों लोगों ने शिव को गुरू मानकर गुरू की राह में चलने के लिए संकल्पित भी हुए और अपने नामों की घोषणा भी कराया।

# के रि पु बल 232 महिला बटालियन ने द्वारा श्रमदान कर की सफाई अभियान

**बिभूति भूषण भद्र दैनिक समाज जागरण झाड़ग्राम जिला संवाददाता**

देश भर में चल रहे हैं स्वच्छता ही सेवा के तहत पश्चिम मेदिनीपुर जिले में भी रविवार को स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शालबोनी स्थित केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल 232 महिला बटालियन द्वारा शालबोनी सब्जी बाजार में एक घंटे का श्रमदान किया गया। इसके अतिरिक्त बस पड़ाव क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर भी सफाई अभियान की गई।



# खोए हुए मोबाइल को पुलिस ने टेक्निकल सहयोग से बरामद कर असली धारक को किया सुपुर्द

**दैनिक समाज जागरण राज कुमार सिंह कोचस रोहतास**

सोमवार को रोहतास जिले के कोचस थाने की पुलिस ने ऑपरेशन मुस्कान के तहत थाना क्षेत्र मे खोए हुए तीन मोबाइल को बरामद कर असली धा-रक को सुपुर्द किया है। थानाध्यक्ष अमोद कुमार ने बताया कि मोबाइल धार को के द्वारा थाना क्षेत्र में खोए हुए मोबाइल की प्राथमिक थाने में दर्ज कराई गई थी, जिसमें पुलिस के द्वारा मोबाइल के ईएमआई नंबर और टेक्निकल सर्विस के आधार पर उसे ट्रैक कर मोबाइल को जप्त किया गया। वही ऑपरेशन मुस्कान के तहत कोचस नगर पंचायत के वार्ड नंबर 3 के ओमप्रकाश शर्मा का



मोबाइल बरामद कर सौप दिया गया वही धनु कुमार गांव कंजर का रेडमी 8 आई मोबाइल पुलिस ने सौपा है ,जबकि तीसरे व्यक्ति कुछीला निवासी शिवम सेठ का एंड्राइड मोबाइल को तकनीकी सहयोग से बरामद कर असली धारक को सुपूर्द किया गया। वही खोए हुए मोबाइल को पा कर लोगों में काफी हर्ष है तथा ऑपरेशन मुस्कान को सफल ऑपरेशन बताते हुए कोचस पुलिस को लोगों ने आभार व्यक्त किया।

# तेनुअज ग्राम पंचायत भवन में ग्राम सभा की बैठक आयोजित

**के०के०दूबे, वरीय संवाददाता दैनिक समाज जागरण, दिनारा रोहतास**

गांधी जयंती के अवसर पर रोहतास जिले के दिनारा प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत सरकार भवन तेनुअज में मुखिया अंशु राय की अध्यक्षता में ग्राम पंचायत विकास योजना ग्राम सभा का आयोजन किया गया। जिसमें स्वच्छता संबंधित कार्य को प्रमुखता पूर्वक धरातल पर लाने के लिए ग्रामीणों को प्रेरित किया गया। डोर टू डोर कचरा उठाओ, नाली गली की साफ-सफाई के प्रति लोगों को जागरूक करते हुए स्वच्छता के प्रति महत्व से अवगत कराया गया। ग्राम सभा में मनरेगा सात निश्चय योजना, षष्ठम एवं 15 वीं वित्त, राशन कार्ड, प्रधानमंत्री इंदिरा आवास सहित शिक्षा, कृषि, स्वास्थ्य, पेंशन संबंधी समस्याएं एवं अन्य विषयों पर चर्चा किया गया।



मुखिया अंशु राय ने गरीब महिलाओं के लिए राशनकार्ड, जॉब कार्ड ,वृद्धा पेंशन, विकलांगता पेंशन तथा पंचायत में पड़े अधूरा कार्यों को ग्राम पंचायत के माध्यम से पूरा कराने का भरोसा दिलाया। उन्होंने बैठक में जानकारी देते हुए बताया कि 73 वें संविधान संशोधन के तहत 29 विषयों पर मुखिया का अधिकार दिया गया है, जिसे सरकार द्वारा लगातार कटौती की जा रही है। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि अमिता राय, पंचायत सचिव जय श्री राम, मनीषा कुमारी, जितेंद्र चौधरी, सुनील कुमार, अजीत मेहता, मोहन पासवान, सोनू कुमार, महेंद्र कुमार, धनु शाह, राधा मोहन प्रसाद सहित

# एनजीओ की मनमानी से काराकाट नगर पंचायत बदहाल , सफाई निरीक्षण की टाल-मटोल

## *नगर में गंदगी और कचरा से लोगों का बुरा हाल*

**दैनिक समाज जागरण अमित कुमार काराकाट रोहतास**

पूरे देश भर में सोमवार को राष्ट्रीय स्तर पर स्वच्छता दिवस मनाई जाती है जैसे कि आज 2 अक्टूबर है। लेकिन सफाई एजेंसी के मनमानी से पिछले कई महीनों से लोग और पूरे नगर पंचायत काराकाट तंग देखी जा रही है, और कल की ही जानकारी दे दी जाए तो पूरा जनप्रतिनिधियों ने स्वच्छता ही सेवा अंतर्गत श्रमदान अभियान में हिस्सा लिया, जबकि सफाई एजेंसी इस अभियान से भी दूर देखी गयी और आज की बात किया जाए पूरे आस पास के जैसे नासरीगंज, बिक्रमगंज व पिरो नगरों में सफाई कर्मियों अपनी कार्य को किया है जबकि काराकाट में सफाई कर्मियों को एजेंसी पीवीएस के सफाई निरीक्षण कमलेश कुमार के आदेशानुसार जानबूझकर कर अवकाश या फुरसत रखा गया है।जबकि आज 2 अक्टूबर 'स्वच्छता दिवस' है। यह कहना गलत नही होगा कि सफाई एजेंसी की मनमानी काराकाट नगर पंचायत त्रस्त देखी जा रही है। वही कुछ सूत्रों के माने तो आज की या पहले की इस मनमानी छुट्टियों से सफाई कर्मियों का बना दैनिक वेतन से भी खाना-पूर्ति का काम चलता आ रहा है। जानकारी दे दिया जाये कि नवगठित काराकाट नगर पंचायत में कुल 14 सदस्यों को शामिल किया गया है जिसमे 12 वार्ड पार्षद तथा मुख्य पार्षद, उप-मुख्यपार्षद है। जब लगभग सभी जनप्रतिनिधियों से एजेंसी के बारे में बात की गयी तो करीब सभी ने मनमानी काफी पहले से चलते आ रहा जिसपर आवेदन कार्यपालक पदाधिकारी को किया गया है, अभी एक अक्टूबर की बात की जाए किसी प्रकार का स्वच्छता हेतु इक्विपमेंट जैसे कि दास्ताने, मास्क इत्यादि किसी को नही उपलब्ध कराया गया । वही जब सफाई निर-



सफाई एजेंसी की मनमानी और बात न मानने की बात कही, जबकि जनप्रतिनिधियों के प्रति दिन शिकायत सफाई को लेकर जनता करती रहती है, ऐसे में जनप्रतिनिधि गण का सफाई कर्मियों का बात न सुनना यानी जनता की जनसमस्या को नजरअंदाज करना हुआ। वही वार्ड 8 के पार्षद अभिभावक संतोष कुमार का कहना है कि ऐजेंसी ीक्षण कमलेश कुमार से कई बार सम्पर्क बनाई गई तो फोन की उपेक्षा कर दिया गया है, जबकि नए कर्मचारी रौशन कुमार से सफाई कर्मियों की छुट्टी की बात पूछी गई तो उन्होंने बताया कि आज सफाई कर्मियों की कोई छुट्टी नहीं दी गई है बाकी जानकारी बाद में देने की बात कह कर संपर्क को जानबूझ-ाकर काटा गया।

# गांधी जयंती के अवसर पर अलग अंदाज में दिखे नगर पंचायत के उप चेयरमैन

**के०के०दूबे, वरीय संवाददाता दैनिक जागरण, दिनारा रोहतास**

रोजमर्रा की जिंदगी में हम ऐसे बहुत से लोगों को देखते हैं जिनके बात और काम करने का तरीका बिलकुल अलग होता है। ऐसे लोग अपने जिम्मेदारियों का दायित्व अलग ढंग से निभाते हैं। ऐसे लोगों में गजब की व्यक्तित्व की क्षमता मिलती है।गौरतलब है कि गांधी जयंती पुरे देश में धूमधाम से मनाई गई लेकिन, वहीं रोहतास जिले में दिनारा नगर पंचायत के उप चेयरमैन विवेकानंद पांडेय ने आज के दिन अपने अनोखे अंदाज से हर किसी को चौंकाने का काम किया है। जो लोगों के लिए चर्चा का विषय बन गया है। दर-असल सोमवार को गांधी जयंती के शुभ अवसर पर उनका एक अलग ही अंदाज में दिखा जो उन्होंने अपने अनोखे अंदाज से हर किसी को चौंकाने का काम किया है,उन्होंने अपने इस खास अंदाज से लोगों के बीच एक अच्छा सा संदेश दिया। नगर पंचायत क्षेत्र में घुम-घुमकर कचड़ा चुना और कचड़े को हैंड टॉली में रखकर उसे संग्रहित जगहों पर ठिकाने लगाने का काम किया। इस बावत उनसे पुछने पर बताया कि गांधी जी की जयंती के इस मौके पर हमें उनके दिए गए महत्वपूर्ण संदेशों को याद रखना चाहिए। बापू ने हमेशा राष्ट्र के विकास के लिए काम किया और इसलिए हमें एक बेहतर दिनारा नगर पंचायत के लिए उन सभी बातों का अनुसरण करना चा-हए जो उन्होंने हमें सिखाई। इस बात को याद दिलाता है कि एक व्यक्ति द्वारा कम से कम लोगों की सोच को बदला जा सकता है। आज का दिन पीछे मुड़कर देखना और महात्मा गांधी को याद करने और खुद से वादा करने का है कि हम हमेशा दिनारा की प्रगति और विकास के लिए काम करते रहेंगे।जो बदलाव हम दूसरों में देखना चाहते हैं वह बदलाव हमें सबसे पहले अपने में या छोड़ दिया जाता है। अफसोस की बात है कि लोग बेखौफ होकर सड़क या किसी अन्य सार्वजनिक स्थान पर गंदगी फैलाते हुए पाए जाते हैं। किसी को किसी स्थान पर कचरा फेंकने से रोकने के लिए यह पहचानना बहुत महत्वपूर्ण है कि वह सबसे पहले उसे विशिष्ट स्थान पर कचरा क्यों फेंकते हैं। ज्यादातर मामलों में आदत और लापरवाही के अलावा इसका कारण पहले से ही



लाना होगा अगर हमारे मन में किसी लक्ष्य तक पहुंचने के बारे में नका-रात्मक भाव होता है तो उन परिस्थितियों में हमें नकारात्मक विचारों को मन से हटा देना चाहिए और केवल सकारात्मक सोच के साथ मेहनत करते रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि कूड़े का अर्थ है कूड़ा कचरा जिसे लापरवाही से क-हीं भी विशेषकर सार्वजनिक स्थान पर इधर-उधर फेंक दिया जाता है जगह पर पड़ा कूड़ा कचरा होता है। यदि कोई देखता है कि किसी विशेष संस्थान पर पहले से ही कूड़ा पड़ा है, तो वह और कूड़ा फेंक देता है। तो आप सबसे पहले सुनिश्चित कर सकते हैं कि वह स्थान कूड़ा कचरा मुक्त हो।आईए दिनारा नगर पंचायत को एक विकसित और समृद्ध नगर पंचायत बनाने की दिशा में काम करें।और एक बेहतर समाज की दिशा में कदम बढ़ाएं।

# महात्मा गांधी जयंती पर मध्य विद्यालय धवनी में हर्सोल्लास से मनाई गई गांधी जयंती

**दैनिक समाज जागरण अमित कुमार काराकाट रोहतास**

भारत के राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जयंती के अवसर पर 2 अक्टूबर को काराकाट प्रखंड के मध्य विद्यालय धवनी में बड़ी ही धूम धाम से गांधी जयंती मनाई गई। जिसमें विद्यालय के शिक्षकों तथा सैकड़ों छात्र छात्र-ाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम में सबसे पहले विद्यालय में स्थापित गांधी जी की छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर माल्यार्पण किया गया। छात्र औंर छात्राओं ने इस अवसर पर गांधी जी के जीवनी पर भी प्रकाश डाला तथा उनके पद



चिन्हों पर आगे चलने की बात कही तथा अहिंसा को भी अपनाने के लिए भी बात कही गई। इस अवसर पर शिक्षकों ने भी अपने-अपने बातों से उनके जीवनी पर प्र-काश डाला। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक अख्तर जमा, सहित शिक्षिका मालती कुमारी, शिक्षक अनिल कुमार पासवान, शिक्-ाक श्री भगवान सिंह, शिक्षिका वीणा कुमारी, शिक्षक मो०. अब्बास अंसारी, शिक्षक मो०.जैनूल एवम विद्यालय के छात्र, छात्राएं उपस्थित थे।

# इंदु तपेश्वर महाविद्यालय में धूमधाम से मनी राष्ट्रपिता व पूर्व प्रधानमंत्री की जयंती

**दैनिक समाज जागरण प्रहलाद तिवारी बिक्रमगंज रोहतास**

रोहतास जिले के बिक्रमगंज नगर परिषद स्थित इंदु तपेश्वर महिला महाविद्यालय में सोमवार को धूमधाम से राष्ट्रपिता व भारत के पूर्व प्रधानमंत्री की धूमधाम से जयंती मनाई गई। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता डिग्री खंड प्राचार्य डॉ० बिनोद कुमार सिंह व संचालन डॉ० उमेश्वर प्रसाद सिंह ने की। जबकि जयंती समारोह मौके पर महाविद्यालय प्राचार्य डॉ० बिनोद कुमार सिंह ने सर्वप्रथम राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व भारत के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के तैलचित्र पर दीप प्रज्वलित व पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। साथ ही साथ इंदु तपेश्वर महाविद्यालय संस्थापक स्व० तपेश्वर सिंह के स्थापित प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर उपस्थित समस्त महाविद्यालय कर्मी सहित सैकड़ों छात्राओं ने भी पुष्प अर्पित कर श्रद्धा सुमन नमन वंदन किया। मौके पर इंदु तपेश्वर महा-विद्यालय सचिव सह बिहार पूर्व विधान पार्षद डॉ० अजय कुमार सिंह सभा को संबोधित करते हुए बताया कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने जिन्होंने साबरमती संत स्वरूप देश को आजादी बिना-खड्ग बिना ढाल दिलाते पूरे विश्व में शौर्य की भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महान नेता थे। जिन्होंने 1965 ई० में पाकिस्तान के खिलाफ भारत-पाक युद्ध में देश को सफलता दिलाते हुए ह्लजय जवान, जय किसानह्व का



ऐतिहासिक गाथा लिखने कार्य किया था।जिनके आदर्शो पर चल कर ही देश आज शिखर पर पहुंच रहा है। जहां देश के युवाओं से पूर्व विधान पार्षद ने अपील करते हुए कहा कि बापू के सपनों के भारत को उनके आदर्शों पर चलकर अवश्य पूरा करें। साथ ही साथ लाल बहादुर श-ास्त्री जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उन्हें देश का कर्मठ व उदारवादी व्यक्तित्व का धनी व्यक्ति थे। जो नारा लगाया था। इस मौके पर पूर्व प्रचार्या डॉ० माधुरी सिंह, प्राचार्य शशि रंजन कुमार, प्रो० हरेंद्र सिंह, नीरजा सिंह, पुष्पा सिंह ,सरस किशोर, दिवाकर पांडे, रमाकांत सिंह, उमेश राय, किसलय सिंह, राकेश कुमार, असगर आलम, रविन्द्र सिंह, विपिन बिहारी सिंह व समस्त कर्मी व छात्रा प्रिया,गुड़िया,मधु , रेखा,अनूपम सहित अन्य लोग उपस्थित थें।

# हर्षोल्लास के साथ मनाई गई जयंती

**दैनिक समाज जागरण प्रहलाद तिवारी बिक्रमगंज रोहतास**

बिक्रमगंज एसडीएम उपेंद्र कुमार पाल ने पुराने प्रखंड परिसर में अवस्थित बापू के प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित करने के उपरांत पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन व वंदन किया। साथ ही उनकी प्रतिमा के समक्ष देश की आजादी में शहीद हुए भारत मां के सच्चे वीर सपूत को शहीद स्मारक के समक्ष उन्हें नमन व वंदन किया। उक्त दौरान अनुमंडल के सभी अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने भी बारी-बारी से उनकी प्रतिमा के समक्ष पुष्प अर्पित करते हुए नमन व वंदन किया। पाल ने कहा कि बापू का जन्मदिन देशभर में 'गांधी जयंती' के रूप में और दुनियाभर में 'अंतर्राष्ट्रीय अ-हंसा दिवस' के रूप में मनाया जाता है। कहा कि गांधी जी से केवल भारतीय ही प्रभावित नहीं थे बल्कि विदेशों में भी गांधी जी के आदर्शों को माना जाता रहा है। साबरमति के इस संत ने अपने अहिंसावादी नीतियों से यह जता दिया कि इंसान अगर अपने आप पर भरोसा कर लें तो जीवन की हर कठिनाइयों का हुए दिशा-निर्देश पर चलने को क-हा। मौके पर एसडीएम उपेंद्र कुमार पाल , सीओ आलोक चंद्र रंजन , बीडीओ अमित प्रताप सिंह ,



सामना वो कर सकता है। तो वहीं दूसरी ओर अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत सभी प्रखंडों के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के सरकारी एवं गैर-सरकारी शैक्षणिक संस्थानों में बापू और पूर्व प्रधानमंत्री शास्त्री जी की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। उसके उपरांत सभी गणमान्य लोगों ने उन दोनों महान विभूतियों के व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला । साथ ही साथ उन महान विभूतियों के द्वारा बताए सभापति मनोरंजन सिंह , उपसभापति प्रतिनिधि सह वार्ड पार्षद प्रविंद्र कुमार सिंह उर्फ मिंटू सिंह,कार्यपालक पदाधिकारी मनोज कुमार, नप जेई, डॉ नागेंद्र झा महिला महाविद्यालय प्राचार्य डॉ अमरेंद्र मिश्रा, मोईनुद्दीन खान,जसीम कुरैशी उर्फ जसीम बाबा,अयूब खान , छोटू सिंह, जनप्रतिनिधि सहित छात्र-छात्रा उपस्थित थे।

# स्वच्छता हीं सेवा है की छात्रों को दिलाई गई शपथ

**दैनिक समाज जागरण मंटू तिवारी राजपुर रोहतास**

रोहतास जिले के राजपुर बाजार के नोखा रोड़ छनहा मोड़ स्थित आवासीय बाल प्रतियोगिता निकेतन में गांधी जयंती के अवसर पर सोमवार को प्रधानाध्यापक विपिन कुमार के नेतृत्व में छात्रों को स्वच्छता हीं सेवा है की शपथ दिलाई गई। प्रधानाध्यापक ने बच्चों को शपथ दिलाते हुए कहा कि हम सब मिलकर शपथ लेते हैं कि हम स्वयं भी स्वच्छ रहेंगे और अपने घर,आंगन,गांव को स्वच्छ रखेंगे.इधर-उधर कचरा नहीं फेंकेंगे,ना हीं फेंकने देंगे.खुले में ना तो खुद शौच करेंगें ना हीं किसी और को करने देंगें। खाने से पहले,शौच के बाद,बच्चों को खाना खिलाने के पहले और बच्चों का माल साफ करने के बाद साबुन से हाथ धोएंगे। पीने का पानी सुरक्षित स्त्रोत से लाएंगे। निवासी आर्यन कुमार को प्रथम पु-रस्कार से पुरस्कृत किया गया.अन्य छात्रों को मिठाई खिला उनके



इसकी संरक्षा और सुरक्षित उपयोग करेंगे। गांव की स्वच्छता हमारा दायित्व है। हम सब इस दायित्व के लिए प्रतिबद्ध है.स्वच्छता पर छात्रों के बीच लेखन व संबोधन का कार्यक्रम हुआ,जिसमें घोड़ीही गांव मनोबल को बढाया गया। मौके पर विद्यालय के व्यवस्थापक सौरभ कुमार ,जितेन्द्र कुमार,अविनाश,सचिन,निक्की,अर्चन-ा,संजू,ज्योति,नेहा,विभा,सागर,पंकज कुमार समेत अन्य मौजूद रहे।

# सर्पदंश से दो जगहो से दो लोगो की मौत, गांव मे पसरा मातम

**दैनिक समाज जागरण अजय कुमार सोनी करगहर रोहतास**

रोहतास जिले के करगहर थाना क्षेत्र अंतर्गत रविवार कि देर रात बड़हरी ओपी के अगरसीडिहरा और बिसोपुर गांवों में सर्पदंश से दो लोगों की मौत हो गई । मामले की जानकारी ओपी प्रभारी जितेंद्र पंडित ने देते हुए बताया कि बिसोपुर निवासी 60 वर्षीय चंद्रबली पासवान अपने गोशाला में सो रहे थे। इस बीच तेज वर्षा होने के कारण एक जहरीला सर्प गोशाला में घुस गया। जहां घर में सो रहे चंद्रबली पासवान को डंस लिया। तेज दर्द होने के कारण वे बाहर निकले और परिवार के लोगों को आवाज दी। परिजन उन्हें तत्काल झाड़ फूंक के लिए ले जहा सुधार नही हुआ इस बीच उस्-ाकी स्थिति काफी गंभीर हो गई । तब वे सासाराम स्थित एक निजी क्लीनिक में ले गए। जहां चिकित्सक ने उसे मृत्यु घोषित कर दिया। दूसरी घटना ओपी क्षेत्र के अगरसीडिहरा गांव में हुई। जब रविवार की रात जय प्रकाश लाल का 22 वर्षीय दिव्यांग पुत्र चंदन कुमार रात में लघु शंका करने के लिए घर से बाहर निकला। इस बीच घास में छिपे जहरीले सांप में उसे डंस लिया। चिल्लाने की आवाज पर परिवार के लोग रोशनी में देखा तो एक जहरीला सांप तेजी से भाग रहा है। तब वे झ-ाड़ फूंक के लिए आसपास के कई गांवों में ले गए। जब उसकी स्थिति बिगड़ने लगी तो परिजन उसे एक निजी अस्पताल में ले गए जहां चिकित्सक ने उसे मृत्यु घोषित कर दिया।

# करगहर बाजार से शिक्षक की बाइक की चोरी

**दैनिक समाज जागरण अजय कुमार सोनी करगहर रोहतास**

रोहतास जिले के स्थानीय बाजार में रविवार की शाम एक शिक्षक की बाइक चोरी कर ली गई। प्राथमिक विद्यालय ठोरसन (पश्चिमी) के अशोक पासवान ने बताया कि वे बाजार में सड़क के किनारे बाइक खड़ी कर चाय पीने चले गए। जब वापस आया तो बाइक हिरो होंडा स्प्लेंडर बीआर 24 वाई 6375 गायब मिला।काफी खोजबीन की गई लेकिन उसका कहीं अता पता नहीं चल सका। शिक्षक ने थाना में आवेदन दिया है।

# छापेमारी कर कोचस पुलिस ने 20 पिस अंग्रेजी फ्रूटी शराब की बरामद

**दैनिक समाज जागरण राज कुमार सिंह कोचस रोहतास**

रोहतास जिले के कोचस थाने की पुलिस ने नगर पंचायत के वार्ड नंबर 5 के एक मकान में छापेमारी कर 20 पीस अंग्रेजी फ्रूटी शराब को बरामद कर लिया जबकि कारोबारी पुलिस को देख छत के रास्ते भागने में सफल रहा।फरार करोबारी की पहचान नगर पंचायत वार्ड नंबर 5 का रहने वाला धन्नी चौहान के रूप में हुई है। इसकी जानकारी देते हुए थाना अध्यक्ष अमोद कुमार ने बताया कि लगभग दो सप्ताह पूर्व में उक्त व्यक्ति के घर पुलिस छापेमारी की थी जिसमें 132 पीस शराब बरामद किया गया था जिसमें वह पुलिस को देख भागने में सफल रहा था। वहीं पुलिस को



सूचना मिली कि फरार कारोबारी अपने घर पर मौजूद है तभी पुलिस ने नगर पंचायत के मेहता हॉल के समीप वार्ड नंबर 5 के एक मकान में छापामारी की जिसमें कारोबारी झोले में रखें 20 पीस एट पीएम फ्रूटी अंग्रेजी शराब को फेक छत के रास्ते भागने में कामयाब रहा। वहीं पुलिस शराब को जप्त कर फरार करोबारी के विरुद्ध अग्रिम कार्रवाई कर रही है।

# 52 पेटी अंग्रेजी शराब बरामद चार पहिया वाहन जप्त

**दैनिक समाज जागरण विकाश शुक्ला चेनारी रोहतास**

रोहतास जिले के चेनारी थाना क्षेत्र के खुरमाबाद स्थित महादेव राजधानी होटल के समीप 52 पेटी अंग्रेजी शराब बरामद किया गया। जिसकी जानकारी देते हुए अपर थाना अध्यक्ष पंकज कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी की गई, जहां पर 52 पेटी शराब बरामद किया गया। और एक चार पहिया वाहन इनोवा जिसका गाड़ी नंबर यूपी 53AF7771 है। जप्त किया गया वाहन



को जांच करने के बाद अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। मौके से शराब तस्कर फरार हो गए।

# गांधी जयंती के मौके पर किया गया पौधारोपण

**दैनिक समाज जागरण अमन गुप्ता रोहतास**

रोहतास क्षेत्र के बोलियां हाई स्कूल के परागण में 2 अक्टूबर गांधी जयंती के मौके पर पर्यावरण एवं शुद्ध वातावरण स्वच्छ हवा के लिए पौधारोपण का कार्य हाई स्कूल के परागण में वन परिसर पदाधिकारी सोनू कुमार राम एवं वनरक्षी सुश्री पिंकी कुमारी के सौजन्य से पौधारोपण का कार्य संपन्न हुआ। बता दे की बोलिए परगना में पौधारोपण कर



महात्मा गांधी को याद कर उन्हें सम्मान देने का कार्य किया। मौके पर बलिया हाई स्कूल के प्रधानाचार्य श्री सुमेर कुमार सिंह, राकेश कुमार , मुकेश कुमार राधिका पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य चंदन कुमार , दीपक सर व अन्य शिक्षक गण मौजूद थे।

# जिलाधिकारी ने स्वच्छता को लेकर मुखिया को किया सम्मानित

**दैनिक समाज जागरण प्रहलाद तिवारी बिक्रमगंज रोहतास**

रोहतास जिले के काराकाट प्रखंड क्षेत्र के नोनहर पंचायत में स्वच्छता ही सेवा, कार्यक्रम के सफल आयोजन पर पंचायत के मुखिया आभा देवी को जिलाधिकारी नवीन कुमार ने मोमेंटो और प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया। गौरतलब हो कि स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम में नोनहर पंचायत पूरे जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया। गांधी जयंती के अवसर पर जिला जल एवं स्वच्छ समिति



रोहतास द्वारा सासाराम में आयोजित शुभारंभ सह सम्मान समारोह में नोनहर पंचायत के मुखिया आभा देवी को जिलाधिकारी नवीन कुमार ने मोमेंटो और प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया। इस सम्मान से पूरे पंचायत के लोगों में हर्ष व्याप्त है। लोगों ने मुखिया आभा देवी को और सभी पंचायत प्रतिनिधियों को बधाई दी है।

# बिक्रमगंज में लोकसभा के पूर्व अध्यक्ष का कांग्रेस कार्यकताओं ने किया स्वागत

**दैनिक समाज जागरण प्रहलाद तिवारी बिक्रमगंज रोहतास**

लोकसभा के पूर्व अध्यक्ष सह कांग्रेस नेत्री मीरा कुमार का बिक्रमगंज के आरा रोड में कृषि विज्ञान केन्द्र के समीप कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष अमरेन्द्र कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकताओं ने फूलों का माला और बुके देकर स्वागत किया। इनके साथ चल रहे कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता



अंशुल मीरा कुमार और बिहार सरकार के पंचायती राज मंत्री मुरारी गौतम का भी कार्यकताओं ने गर्मजोशी के साथ फूलों का माला देकर स्वागत किया। श्री पांडेय ने बताया कि लोकसभा के पूर्व अध्यक्ष सहित सभी नेता पटना से चलकर बिक्रमगंज होते हुए सासाराम किसी कार्यक्रम में शामिल होने के लिए जा रहे थे। स्वागत करने वालों में कांग्रेस नेता बैद्यनाथ चौबे, अशोक सिंह, मन्टू सिंह, शैलेश मिश्र, ललन सिंह, अजय चौबे, डब्लू पांडेय, मो. इसराइल सहित कई लोग शामिल थे।

# धूमधाम से मनाया गया शास्त्री व गांधी जी की जयंती समारोह

**दैनिक समाज जागरण मंटू तिवारी राजपुर रोहतास**

रोहतास जिला अंर्तगत राजपुर क्षेत्र अंतर्गत सभी सरकारी और गैर सरकारी संस्थानों में भारत के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री व राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती समारोह धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर गुदडी के लाल समुचे दुनिया में जय जवान,जय किसान की नारा बुलंद करने वाले शास्त्री जी व ब्रिटिश सरकार से भारत माता को आजादी दिलाने के महानायक गांधी जी के जीवन चरित्र व उनके कार्यों पर प्रकाश डाला गया। सभी स्कूलों में छात्रों को इनके बारे में बताया गया,साथ हीं दोनों महान हस्तियों पर बच्चो के बीच निबंध लेखन व संबोधन का कार्यक्रम आयोजित हुआ।अमरपुर जगन्नाथ मठ के महंत सुदर्शनाचार्य जी महाराज,पकड़ी बरदराज कुटिया के महंत सूर्यकांताचार्य जी ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का जीवन व विचार जाति व धर्म से ऊपर उठ मानवता का था। मानवता को शोषण से मुक्ति दिलाने के लिए वे जीवन जीवन प्रयंत संघर्ष करते रहे।

# हाइवा की चपेट मे आने से महिला घायल इलाज के क्रम मे रास्ते मे हुई मौत

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार) 2 अक्टूबर 2023 औरंगाबाद जिले के नवीनगर प्रखंड मुख्यालय के समीप शनिवार देर शाम ईलाज कराकर बाईक से अपने घर जोबे लौट रही एक महिला हाईवा के चपेट मे आने से गंभीर रूप से घायल हो गयी। जहां ईलाज कराने को लेकर बाहर जाने के क्रम मे रास्ते में ही महिला की मौत हो गयी।मृत महिला नवीनगर नगर पंचायत के वार्ड नम्बर 14 जोबे गांव निवासी सुनील सिंह की पत्नी रिंकू देवी बताई जा रही है ।

मिली जानकारी के अनुसार महिला अपनी बेटी का इलाज कराने बाइक से शनिवार को पड़ोसी के साथ सदर अस्पताल गई हुई थी। बेटी का ईलाज कराकर घर लौटते समय नवीनगर ब्लॉक मोड़ के समीप सामने से आ रही एक तेज रफ्तार हाईवा के चकमे से वह बाइक से अनियंत्रित होकर गिर गई जिससे गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना के बाद महिला को ईलाज के लिए रेफरल अस्पताल नवीनगर ले जाया गया, जहां से चिकित्सकों ने उसकी गंभीर स्थिति देखते हुये बाहर रेफर कर दिया। परिजनो द्वारा महिला बेहतर इलाज के लिए बनारस ले जाया जा रहा था लेकिन उसकी रास्ते में ही मौत हो गयी।




# अनुग्रह नारायण स्मारक महाविद्यालय नबीनगर मे चलाया स्वच्छता अभियान

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद )**

नबीनगर (बिहार) 2 औरंगाबाद जिले के नवीनगर अनुग्रह नारायण स्मारक महाविद्यालय परिसर में स्वच्छता पखवाड़ा अभियान के तहत स्वच्छता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम कॉलेज के प्राचार्य डॉ. मेघन प्रसाद के एवम प्रो. जयप्रकाश के मार्गदर्शन मे किया गया।स्वच्छता कार्यक्रम के दौरान कॉलेज के एनएसएस. एवं एनसीसी. के छात्र-छात्राओं के साथ कॉलेज के प्राचार्य डॉ. मेघन प्रसाद, डॉ. मदन रजक, प्रो. जयप्रकाश, प्रो. अरुण कुमार, प्रो. मुकेश रंजन, निखिल तिवारी आदि ने भी छात्र-छात्राओं के साथ मिलकर स्वच्छता अभियान कार्यक्रम में श्रमदान किया।इस अवसर पर प्राचार्य डॉ मेघन प्रसाद ने अपने संदेश में कहा कि दैनिक कार्यों की तरह ही स्वच्छता को भी अपना कर बापू के स्वच्छता सन्देश का अनुसरण कर हम उन्हें श्रद्धांजलि दे सकते हैं। प्रो. जयप्रकाश ने स्वच्छता के महत्त्व को समझाया तथा छात्र-छात्राओं को अपने आसपास गंदगी नहीं करने और गन्दगी नहीं फैलाने का संकल्प दिलाया। प्रो. अरुण कुमार ने सिंगल यूज पॉलीथीन से पर्यावरण के प्रदूषित होने और जीव-जंतुओं पर उससे पड़ने वाले दुष्प्रभाव की चर्चा करते हुए उसके सार्थक निष्पादन करने का संदेश दिया।




मौके पर कमलेश कुमार सिंह, कमला देवी, विनय कुमार, विवेक कुमार दुबे, विशाल कुमार, मृत्युंजय कुमार, राजेश कुमार पासवान, रामसेवक पासवान समेत अन्य लोग मौजुद रहे।

# 29 वी वाहिनी सशस्त्र सीमा बल के द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया गया।

दैनिक समाज जागरण वीरेंद्र यादव जिला संवाददाता औरंगाबाद (बिहार) 2अक्तूबर 2023:- औरंगाबाद जिले के देव प्रखंड के 29 वी वाहिनी सशस्त्र सीमा बल के कमांडेंट महोदय श्री. एच. के. ड्डू गुप्ता के निदेर्शानुसार 'ए' समवाय भलुआही के सहायक कमाण्डेंट महोदय श्री. शिवांक पांडे के नेतृत्व में स्वच्छता ही सेवा' के अन्तर्गत "एक तारीख एक घंटा " का आयोजन बालूगंज स्थित ढिबरा थाना अंतर्गत क्षेत्र के बालुगंज मार्केट, देवी मंदिर, बरंडा तथा कैम्पस एरिया मे किया गया।




जिसमे सहायक कमाडेंट श्री शिवांक पांडे व ढीबरा थाना के थानाध्यक्ष पवन कुमार, सामाजिक कार्यकर्ता सुनील कुमार श्री. मनिष कुमार (सामाजिक कार्यकर्ता, बरंडा) एवं डाक्टर सी. पी. सिंह (बालुगंज), श्री इंद्रजीत कुमार ,मुखिया (बरंडा - रामपुर) व सशस्त्र सीमा बल के कार्मिको मे हिस्सा लिया।जिसमे लगभग 60-70 जनता (सिविल) उपस्थित थे ।इस कार्यक्रम के तहत इन सभी जगह पर साफ-सफाई किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य "एक भारत स्वच्छ भारत " हैं।

# विद्यालयो मे धूम धाम से मनाया गया गांधी जयंती और लाल बहादुर शास्त्री जयंती

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार) 2 अक्टूबर 2023 नबीनगर प्रखंड के कई विद्यालयों मे गांधी जयंती और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती धूम धाम से मनाया गया।महात्मा गांधी के तैल चित्र पर विद्यालय के शिक्षक एवम छात्र छात्राओं द्वारा फुल माला अर्पण कर गांधी जी को श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। मध्य विद्यालय धुंधुआ मे विद्यालय के छात्र छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम अयोजित कर गांधी जयंती मनाया गया । इस अवसर पर प्रधानाध्यापक विजय कुमार सिंह,शिक्षक प्रणय कुमार श्रीवास्तव, दिनेश ठाकुर, अरूण पासवान, नेहा कुमारी, अमरेंद्र पाण्डे एवम शिक्षा सेवक यमुना बैठा और रीता कुमारी मौजूद रहे। मौके पर शिक्षकों एवम शिक्षा सेवक द्वारा गांधी जी के विचारो को व्यक्त करते हुए उनके आदर्शो पर चलने का आह्वान किया गया। शिक्षकों ने कहा कि आज का दिन देश के पूर्व प्रधान मंत्री लाल बहादुर शास्त्री का भी जन्म दिन है इस अवसर पर पूर्व प्रधान मंत्री शास्त्री जी को भी फूल माला अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय मे क्विज प्रतियोगिता और सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। संस्कृतिक कार्यक्रम मे छात्रा रागनी कुमारी, कोमल कुमारी, आरती कुमारी शिक्षिका नेहा कुमारी एवम अन्य द्वारा संगीत प्रस्तुत किया गया जबकि क्विज प्रतियोगिता मे दीपिका कुमारी, रितिका कुमारी, सुंदरम कुमार और शर्मिला कुमारी को पुरस्कृत किया गया।



कन्या मध्य विद्यालय नबीनगर, मध्य विद्यालय नबीनगर, मध्य विद्यालय जयपुर, प्राथमिक विद्यालय पछेयारी बेनी, प्राथमिक विद्यालय फेसरा, मध्य विद्यालय गुरदी, परफेक्ट कोचिंग सेंटर सहित कई विद्यालयों से भी गांधी जयंती और लाल बहादुर शास्त्री जयंती मनाए जाने की सूचना है

# राजा जगन्नाथ बांध में डूबने से एक 15 वर्षीय युवक की हुई मौत।

**दैनिक समाज जागरण वीरेंद्र यादव जिला संवाददाता औरंगाबाद (बिहार) 2अक्तूबर 2023:-**

औरंगाबाद जिले के देव थाना क्षेत्र के एरौरा पंचायत के राजा जगन्नाथ बांध में डूबने से एक 15 वर्षीय युवक की हुई मौत प्राप्त जानकारी अनुसार सोमवार को वह अपने घर से मवेशी को लेकर राजा जगन्नाथ बांध के तरफ गया युवक बांध में नहाने के दौरान डूबने से मौत हो गई।आसपास के लोगों ने बताया कि तेजी से उगी धूप के दौरान गर्मी का बचाव करने को लेकर वह जगन्नाथ बांध में नहाने चला गया।नहाने के दौरान बांध में गहराई अधिक होने के वजह से युवक डूब गया। जब आसपास मवेशी चरा रहे चरवाहा उक्त युवक को कुछ देर तक बांध से बाहर आते नही देखा तो शक हुआ कि कहीं लगता है कि वह युवक डूब गया है। तो चरवाहा दौड़े और ग्रामीणों के मदद से डूबे हुए युवक को बांध से निकला, तब तक युवक मौत के मुंह में समा गया था। वहीं घटना की सूचना पाकर एरौरा पंचायत के मुखिया निरंजन कुमार साव मौके पर पहुंचे और रीते बिलखते परिजनों को शांत करवाया। घटना की सूचना पर देव थाना की पुलिस मौके पर पहुंचकर युवक के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की प्रक्रिया में जुट गई है। उक्त युवक की पहचान देव थाना क्षेत्र के एरौरा पंचायत के तेतरिया गांव निवासी जयराम शर्मा के 15 वर्षीय पुत्र अंकित कुमार के रूप में हुई है।अंकित सोमवार को अपने घर से मवेशी चराने के दौरान राजा जगन्नाथ बांध में नहाने गया था।जिसमे डूबने से मौत हो गई।



# एससी एसटी मामले मे फरार चल रहे चार गिरफ्तार भेजा गया जेल

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार) 2 अक्टूबर 2023 औरंगाबाद जिले के नवीनगर प्रखंड के टंडवा थाना पुलिस ने थाना क्षेत्र के विशुनपुर गांव से एससी एसटी मामलों में फरार चल रहे चार अभियुयुक्तों गिरफ्तार किया है ।एस आई देवनंदन पासवान एवम सशस्त्र बल ने गुप्त सूचना के अधार पर थाना क्षेत्र के विशुनपुर गांव निवासी ललन पासवान,रामप्रवेश विश्वकर्मा,प्रवेश सिंह और रामदेव प्रजापति को घर से गिरफ्तार किया है।




मामले मे टंडवा थानाध्यक्ष मनोज कुमार तिवारी ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त पर एससी एसटी एक्ट मामले में प्राथमिकी दर्ज था। सभी अभियुक्त काफी दिनो से फरार चल रहे थे। गुप्त सूचना पर तत्वरित कार्रवाई करते हुए विशुनपुर गांव मे छापेमारी कर उक्त अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

# सत्य अहिंसा का था वह पुजारी. कभी ना जिसने हिम्मत हारी. पूज्य बापू का मूल मंत्र- अधिवक्ता कमलेश कुमार

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

महात्मा गांधी जयंती के शुभ अवसर पर आदर्श नगर मोहन मारी कोचाधामन के पावन धरती पर संचालित मां की संस्कारशाला के प्रधान आचार्य श्री लालचंद सिंह की नेतृत्व में पूज्य बापू को श्रद्धांजलि दिया गया। इस मौके पर संस्कारशाला के सभी नन्हे- मुन्ने बच्चों ने सामूहिक रूप से पूज्य बापू के स्वरूप धारण करते हुए उनके तीन मूल सिद्धांतों का आवाहन " बुरा ना देखो "बुरा ना बोलो "बुरा ना सुनो" के साथ स्वच्छता अभियान चलाकर समाज के गली- मोहल्लों का साफ - सफाई किया। साथ ही समाज के लोगों को अपने घरों के आस-पास साफ - सफाई रखने के लिए प्रार्थना किया। इस पुनीत अवसर पर मुख्य रूप से मां की संस्कारशाला के निदेशक अधिवक्ता कमलेश कुमार ने पूज्य बापू को श्रद्धांजलि समर्पित कर उनके आदर्श का विस्तृत चर्चा करते हुए कहा की आज का दिन भारत के राष्ट्रपिता मोहनदास करमचंद गांधी जिन्हें बापू या महात्मा गांधी के नाम से भी मनाया जाता है ।उनका जन्म 02 अक्टूबर 1969 को गांधी जयंती के रूप में मनाया जाता है। इस दिन को विश्व अहिंसा दिवस के रूप में भी मनाया जाता है।इस दौरान " स्वच्छता ही सेवा"अपना गांव - सुंदर गांव "गांधी का था सपना स्वच्छ और सुंदर हो देश अपना "आदि गगनभेदी नारों से कार्यक्रम सानंद संपन्न किया गया। कार्यक्रम की सफलता में गायत्री परिवार के परिजन सिप्टी सिंह, बीना देवी, विजय सिंह, प्रीति कुमारी, खुशी कुमारी के साथ-साथ मां की संस्कारशाला के सभी बच्चे एवं काफी संख्या में ग्रामीणों की उपस्थिति रही।



# अलग-अलग राज्यों के मिट्टी के उपयोग से दिल्ली के कर्तव्य पथ पर बनेगी अमृत वाटिका।

**दैनिक समाज जागरण वीरेंद्र यादव जिला संवाददाता औरंगाबाद (बिहार) 2 अक्तूबर 2023:-**

औरंगाबाद जिले के देव सीआरपीफ कैंप के केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल 47 बटालियन के सहायक कमांडेड सुशील जोशी के नेतृत्व में देव प्रखंड कार्यालय के बाहर

सैकड़ों गांव से मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत जो माट्टी अमृत कलश मे एकत्र किया गया था। सभी मिट्टी को एक साथ मिश्रण किया गया और शहीदों के परिवारों को एक वृक्ष देकर सम्मानित किया गया। सीआरपीएफ के सहायक कमांडेंट सुशील जोशी ने बताया कि अमृत कलश में सभी प्रखंडों से जो मिट्टी एकत्र किया गया है यहां जिला जाएगी उसके बाद जिला से राजधानी पटना पहुंचेगी फिर दिल्ली के लिए पहुंचाया जाएगा। इसके बाद देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा चलाया गया मेरी मिट्टी मेरा देश का उद्देश्य था की अलग-अलग राज्यों से अलग-अलग गांव से 7500 कलश में मिट्टी लाए जाएगी । इस मिट्टी के उपयोग दिल्ली के कर्तव्य पथ पर बने अमृत वाटिका को विकसित करने के लिए किया जाएगा । और दिल्ली में एक शिलाफलकम स्थापित की जाएगी। इस पर देश के शहीदों के नाम अंकित होगी। यह अमर वाटिका हमारे देश के नागरिकों का देश प्रति समर्पण का भाव व्यक्ति करेगी। इसके अलावा हमारे देश के सभी स्वतंत्रता सेनानी का नाम अंकित किया जाएगा। भारत अपने आजादी के 75वर्ष पूरा कर चुकी है। इस उपलक्ष में पूरा देश अमृत उत्सव के रूप में मना रहा है। इसी के तहत गांव गांव में जाकर घर घर से मिटी संग्रह की जा रही है। इस दौरान इंस्पेक्टर जुगी लाल,सब इंस्पेक्टर के साथ साथ शहीदों सभी परिवार जनप्रतिनिधि देव नगर पंचायत के अध्यक्ष पिंटू साहिल उप चेयरमैन गोलू कुमार गुप्ता भाजपा प्रवक्ता आलोक सिंह नंदलाल मेहता वार्ड सदस्य पंकज यादव के साथ-साथ सीआरपीफ के दर्जनों जवान उपस्थित रहें।



# सशस्त्र सीमा बल द्वारा कई क्षेत्रो मे चलाया गया स्वच्छता अभियान

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार) 2 अक्टूबर 2023 औरंगाबाद जिले के नबीनगर प्रखण्ड के काला पहाड़ स्थित सशस्त्र सीमा बल के 29 वीं वाहिनी कैंप के जवानों द्वारा भारत सरकार एवम कैंप के उच्चाधिकारियों के निर्देश के आलोक मे कई स्थानों पर स्वच्छता अभियान चलाया गया।कंपनी कमांडर इंस्पेक्टर प्रदीप सिंह सी ओ बी काला पहाड़ के नेतृत्व मे पिपरा बगाही गांव के देवी मंदिर,सूर्य मंदिर,मुख्य बाजार रामनगर और रेलवे स्टेशन नबीनगर मे स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अभियान मे मुखिया पिपरा बगाही,मुखिया रामनगर,पुलिस टंडवा थाना ,बच्चे एवम ग्रामीणों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। स्वच्छता अभियान समाप्ति के बाद एक स्वच्छता जागरूकता रैली भी निकाली गई जिसमे स्लोगन के माध्यम से आम जन को स्वच्छता का संदेश दिया गया।



# कांग्रेस की परिवर्तन संकल्प रैली रही असफल

दैनिक समाज जागरण अविनाश कुमार जिला संवाददाता औरंगाबाद बिहार

औरंगाबाद:- औरंगाबाद भाजपा का जिला प्रवक्ता दीपक कुमार सिंह ने कांग्रेस के परिवर्तन संकल्प रैली को असफल बताया है। कहा कि किसी को ऐसी उम्मीद नहीं थी की एक प्रखंड स्तर के कार्यक्रम की उपस्थिति से भी कम संख्या इस रैली में रहेंगी।

इस रैली से कांग्रेस को अपने अस्तित्व का स्तर समझ जाना चाहिए। औरंगाबाद में कांग्रेस अब इतिहास बन चुकी है।



# गांधी जयंती पर वरीय समाजसेवी ई.मनोज झा की अगुआई में चलाया गया स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम

सिकटी । देशभर में स्वच्छता अभियान जारी है, पीएम मोदी ने देशवासियों से सफाई के लिए श्रमदान का किया था आह्वान , जिसमें सिकटी के डेढुआ पंचायत भवन में गांधी एवम शास्त्री जी के चित्र पर पुष्पांजलि कर

वरीय समाजसेवी ई.मनोज झा की अगुवाई में चलाया गया सफाई अभियान । डेढुआ पंचायत भवन एवम सड़क मार्ग की सफाई कर ई. झा वार्ड 6 के स्कूल परिसर की भी साफ सफाई में डटे दिखे । साथ ही स्वच्छ भारत मिशन के तहत सभी ने स्वच्छ भारत और स्वस्थ भारत का शपथ लिया , इस कार्य मे डेढुआ पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि चन्द्रकान्त झा , जिविका ब्लाक काडिनेटर सुरेन्द्र साह सहित डेढुआ पंचायत के सभी स्वच्छता कर्मी व जिविका दीदीयां एवं अन्य ग्रामीणजन मौजूद रहे ।



# पालीगंज में भक्तों के रक्षक चोरों के कहर से खुद व अपने परिवार को नही कर पाए रक्षा

**समाज जागरण संवाददाता:- वेद प्रकाश पालीगंज अनुमण्डल**

पालीगंज/ कलयुगी प्रभाव के कारण भक्तों के रक्षक त्रेतायुग के भगवान राम ने अपने व अपनी पत्नी सीता, भाई लक्ष्मण व सेवक हनुमान की रक्षा करने में असफल रहे। ऐसा ही मामला पालीगंज अनुमण्डल सह प्रखण्ड क्षेत्र के नव स्थापित थाना पियरपुरा अंतर्गत मौरी गांव की है। जहां आठ दशकों पूर्व मठ सह ठाकुरबाड़ी में राम जानकी मंदिर का निर्माण कराया गया था। जिसमे अष्टधातु की राम, सीता, लक्ष्मण व हनुमान की आदमकद मूर्तियां स्थापित किया गया था। तब से वहां उन मूर्तियों को भक्तों द्वारा यह मानकर पूजा किया जाता था कि त्रेतायुग से ही राम अपने भक्तों की रक्षा करते आ रहे है। और उनके पूजा पाठ करने से भक्तों को मुक्ति मिलती है।

वही रविवार की रात कुछ ऐसा हुआ कि पियरपुरा थाना क्षेत्र के ठाकुरवाड़ी स्थित राम जानकी मंदिर के मुख्य दरवाजे पर लगी लोहे की गेट को अज्ञात चोरों ने खोल दिया। साथ ही मंदिर में स्थापित राम, लक्ष्मण, सीता व हनुमान की आदमकद मूर्तियों को उखाड़कर ले भागा। जब सोमवार की सुबह पुजारी राजेन्द्र शर्मा नित्य क्रिया जैसे शौच व स्नान के बाद पूजा करने मंदिर में गया तो सभी मूर्तियों को लापता पाया। जिसकी सूचना पाकर ग्रामीणों ने मंदिर पहुंचा तो वहां का दृश्य देख ग्रामीण आश्चर्यचकित रह गए। उन ग्रामीणों ने देखा कि मंदिर से सभी मूर्तियां गायब है। यह सूचना आग की तरह इलाके में फैल गयी। वही सूचना के बाद ठाकुरवाड़ी परिसर में ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। जबकि सूचना पाकर मौके पर पहुंची पियरपुरा थाने की पुलिस मामले की जांच व मूर्तियों की खोजबीन में जुट गई। खोजबीन के दौरान मूर्तियों में सुशोभित रहनेवाली मुकुट, धनुष व तीर बरामद हुई है। इस तरह की घटना के बाद से ग्रामीणों का कहना है कि पूर्व में खिरिमोड थाना क्षेत्र के अधीन छह पंचायत था। अपराध पर नियंत्रण पाने के लिए खिरिमोड थाना क्षेत्र को छोटे छोटे भागो में विभाजित कर खिरिमोड थाने सहित पियरपुरा व इमामगंज में नया थाना बनाया गया। अब इस इलाके में तीन थाना बन जाने से ग्रामीण अपने को शुरक्षित महसूस करने लगे है। इसी बीच चोरी की घटना को अंजाम देकर चोरों ने पुलिस के लिए चुनौती खड़ी कर दी है। वही ग्रामीणों के अनुसार उन मूर्तियों की मूल्य लाखो करोड़ो में बताई जा रही है।



इस सम्बंध में पियरपुरा थाने की पुलिस ने बताया कि अज्ञात के खिलाफ मूर्तियों को चोरी करने की प्राथमिकी पुजारी राजेन्द्र शर्मा ने दर्ज कराया है। मामले की जांच किया जा रहा है।

# अररिया पुलिस ने स्मैक के साथ 11लाख 80 हजार रूपए समेत तस्करों को लिया हिरासत में

अररिया थाना पुलिस द्वारा गुप्त सूचना के आधार पर स्मैक तस्करो के ठिकाने पर छापेमारी कर 03 तस्करों को कुल - 200 ग्राम स्मैक एवम स्मैक तस्करी के 11,80,000.00 (11लाख 80हजार रूपए) पहले ही बरामद+ किया गया था। उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त- छोटू उर्फ सोहराब पिता - रुस्तम अंसारी, सा०- - राजोखर, थाना आर० एस० ओ० पी०, जिला - अररिया के अपराध स्वीकारोक्ति बयान एवम निशानदेही पर स्मैक तस्करी के कारोबार का 850000.00(8 लाख 50 हजार रूपए, कारोबार में प्रयुक्त - 16 विविध बैंको के पासबुक, 01 एटीएम कार्ड एवम 05 मोबाइल फोन पुनः बरामद किया गया है। कार्रवाई जारी है।



# बाढ़ प्रखंड: जिला कांग्रेस कमेटी ने दिया बापू और शास्त्री को विनम्र श्रद्धांजलि

**समाज जागरण**

बिहार के पटना जिला ग्रामीण कांग्रेस संगठन के द्वारा बाढ़ प्रखंड के एक-डंगा गांव में सोमवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं देश के पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय लालबहादुर शास्त्री जी की जयंती के अवसर पर जिलाअध्यक्ष रघुनंदन पासवान के नेतृत्व में एक समारोह का आयोजन किया गया।इस अवसर कांग्रेसियों द्वारा उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बाढ़ प्रखंड कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष सतीश कुमार ने कहा कि पूज्य श्रद्धेय बापू के विचार व श्रद्धेय लाल बहादुर शास्त्री जी का व्यक्तित्व, कर्तव्य निष्ठा आने वाले पीढ़ियों को प्रेरित करता रहेगा। इस अवसर पर बच्चों के बीच मिठाईयां,टॉफियों का वितरण भी जिला अध्यक्ष के द्वारा किया गया।कार्यक्रम में बेलछी प्रखंड अध्यक्ष पप्पू सिंह, प्रियरंजन कुमार,आर के गौतम,अली अहमद सहित दर्जनों कांग्रेसी व गणमान्य लोग उपस्थित हुए ।



# पेंसनर समाज ने कलमकारों को किया सम्मानित

फारबिसगंज। पेंसनर समाज फारबिसगंज की ओर से गांधी एवम शास्त्री जयंती के मौके पर दोनों महान आत्मा को याद किया। दोनों विभूतियों के तैल चित्र पर आगत अतिथियों द्वारा माल्यार्पण कर उनके जीवन दर्शन पर प्रकाश डाला गया। इस मौके पर आधा दर्जन कलमकारों को शॉल ओढ़ा कर सम्मानित भी किया गया।



# पनोरमा स्पोर्ट्स क्लब का जल्द किया जाएगा गठन, क्लब की और से प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को दिया जाएगा सहयोग

**समाज जागरण पूणिया।**

पनोरमा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स ई होम्स पूर्णिया के इंडोर हॉल में शतरंज अंडर 11 बालक एवं बालिका वर्ग के प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला आज खेला गया। फाइनल मुकाबला के अवसर पर पनोरमा ग्रुप के प्रबंध निदेशक श्री संजीव मिश्रा " सर " ने कहा कि प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को आर्थिक सहायता पनोरमा स्पोर्ट्स क्लब के माध्यम से दिया जाएगा। खिलाड़ियों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। एक से बढ़कर एक प्रतिभाशाली खिलाड़ी प्रतियोगिता में खेल रहे हैं। पनोरमा स्पोर्ट्स क्लब का गठन जल्द की जाएगी।

ईस्ट जोन पूर्व चेयरमैन व बिहार अंडर 16 आयु वर्ग के पूर्व चयन समिति सदस्य व क्रिकेट प्रशिक्षक सह पनोरमा स्पोर्ट्स सीजन -6 आयोजन समिति सदस्य हरिओम झा ने कहा कि दिनांक 03- 04 अक्टूबर को सुबह 8:00 बजे से अंडर 16 आयु वर्ग में बालक एवं बालिका शतरंज प्रतियोगिता खेली जाएगी।



पनोरमा स्पोर्ट्स सीजन -6 अंडर 11 शतरंज प्रतियोगिता अंतिम परिणाम

बालक वर्ग में :-

ध्रुव जयपुरिया एस आर डी ए वी पब्लिक स्कूल सर्वाधिक अंक 6 में 6 अंक लाकर के विजेता बनने का गौरव प्राप्त किया। वहीं

बालिका वर्ग :-

चारवी बैद उर्सलाइन कॉन्वेंट इंग्लिश मीडियम स्कूल ने 6 में 5 अंक लाकर विजेता बनने का गौरव प्राप्त की मैच परिणाम

# राजा रवि वर्मा न होते तो देवी-देवता कैसे होते यह कहना मुश्किल था ?

पहली बार देवी-देवताओं को तस्वीरों में उकेरने वाले राजा रवि वर्मा ने भारतीय सिनेमा के पितामह दादा साहब फाल्के के जीवन में भी अहम भूमिका निभाई । कहते हैं कि किसी भी शख्सियत का मूल्यांकन दुनिया को सौंपी उसकी विरासत से होता है। सामान्य से सामान्य जन को यदि लगे कि वह शख्स न होता तो उसका जीवन थोड़ा कम बेहतर होता तो ऐसा शख्स ही शख्सियत बन जाता है। राजा रवि वर्मा ऐसी ही शख्सियत थे। कहने को तो वे ह्रराजाह्ल थे लेकिन उनके पास कोई राज्य न था। उनके नाम में जुड़ा यह शब्द एक उपाधि थी जो तत्कालीन वायसराय ने उनकी प्रतिभा का सम्मान करते हुए उन्हें दी थी। अति-प्रतिभाशाली रवि वर्मा की लोकप्रियता का आलम यह था कि टीवी और इंटरनेट न होने के बावजूद वे घर-घर में वह मशहूर थे। हालांकि तमाम दूसरी हस्तियों की तरह उन्हें एक तरफ अपार लोकप्रियता नसीब हुई तो दूसरी ओर बदनामी और विवाद भी झेलने पड़े। लेकिन रवि वर्मा का काम और उनकी कल्पनाशीलता इन सबसे बेपरवाह चित्रकला को नई बुलंदियां बख्शती रही। चित्रकारी में उन्होंने कई ऐसे प्रयोग किए जो भारत में तब तक किसी ने नहीं किए थे। आज घर-घर में देवी-देवताओं की तस्वीरें आम हैं। लेकिन अब से करीब सवा सौ साल पहले ये देवी-देवता ऐसे सुलभ न थे। उनकी जगह केवल मंदिरों में थी। वहां सबको जाने की इजाजत भी नहीं थी। जात-पांत का भी भेद होता था। घर में भी यदि वे होते तो मूर्तियों के रूप में। तस्वीरों, कैलेंडरों और पुस्तकों में जो देवी-देवता आज दिखते हैं वे असल में राजा रवि वर्मा की कल्पनाशीलता की देन हैं। केरल के किलिमानूर में पैदा हुए राजा रवि वर्मा के चाचा भी कुशल चित्रकार थे। कहते हैं कि चाचा से ही उन्हें पेंटिंग का चस्का लगा। रवि वर्मा करीब 14 साल के थे तब उनके चाचा ने उनकी प्रतिभा को पहचाना और उन्हें त्रावनकोर के राजमहल पेंटिंग सिखाने ले गए। उस समय त्रावनकोर महाराज के दरबार में वाटर पेंटिंग के महारथी रामास्वामी नायडू से उन्होंने चित्रकारी के गुर सीखे। जल्द ही रवि वर्मा वाटर पेंटिंग के उस्ताद बन गए। हालांकि दुनिया में उन्हें ख्याति मिली अपने तैल चित्रों या आयल पेंटिंग्स की वजह से। उनकी तमाम मशहूर रचनाएं ऑयल पेंटिंग से ही बनीं। चित्रकला की इस शैली में रंग निखर कर आता है और इसे सालों तक सुरक्षित रखना संभव होता है। आलोचक भी मानते हैं कि उनके जैसी ऑयल पेंटिंग बनाने वाला दूसरा चित्रकार इस देश में आज तक नहीं हुआ। रवि वर्मा करीब 20 साल के रहे होंगे तब नीदरलैंड के मशहूर चित्रकार थियोडोर जेनसन भारत आए थे. विदेशी पेंटर ऑयल पेंटिंग किया करते थे। भारत इस तकनीक से लगभग अनजान ही था. हालांकि माना जाता है कि ऑयल पेंटिंग की शुरूआत भारत और चीन के पेंटरों ने ही की थी लेकिन यह शैली यहां उतनी प्रचलित नहीं हो सकी. किसी तरह यह ग्रीस पहुंची और पुनर्जागरण के बाद 15वीं सदी में इसका यूरोप में विस्तार हुआ. यूरोपीय पेंटरों में ऑयल पेंटिंग की तकनीक बहुत मशहूर हो गई थी। इसे फिर भारत पहुंचते-पहुंचते 19वीं सदी आ गई। तब तक यहां ज्यादातर पेंटिंग्स वाटर कलर से ही बनती थी। राजा रवि वर्मा ने थियोडोर जेनसन से ऑयल पेंटिंग की तकनीक न सिर्फ सीखी बल्कि उसमें महारत हासिल की। भारत में ऑयल पेंटिंग को मशहूर करने में उनका योगदान अतुलनीय माना जाता है। राजा रवि वर्मा विदेशी लोगो का ह्रऑइल पेंटिंगह्ल करते थे यानी लकड़ी के तिपाए पर ह्रकैनवासह्ल रखकर पेंट किया करते थे. कैनवास सूत या जूट का बना होता था। भारत इस तकनीक से पूरी तरह अनजान था। राजा रवि वर्मा ने इस शैली को यूरोपीय चित्रकारों से अपनाया और भारत में मशहूर कराया। रवि वर्मा ने पोर्ट्रेट बनाने की कला भी थियोडोर जेनसन से ही सीखी। पोर्ट्रेट यानी प्रतिकृति किसी को सामने बिठा कर या उसकी फोटो देखकर बनाई जाती थी। जेनसन उस समय पोर्ट्रेट बनाने के लिए पूरी दुनिया में मशहूर थे। बाद में राजा रवि वर्मा को इसमें खूब मकबूलियत हासिल हुई। उनके इस हुनर की लोकप्रियता ऐसी थी कि उस समय के तमाम राजा-महाराजा रवि वर्मा से अपना पोर्ट्रेट बनवाने के लिए लाइन लगाए रहते थे। कहते हैं राजा साहब इसके लिए तगड़ी फीस वसूलते थे जो आज के लिहाज से करोड़ों के बराबर थी। महाराणा प्रताप का बनाया पोर्ट्रेट रवि वर्मा के हुनर का बेमिसाल नमूना माना जाता है. जानकार उनके बनाए बड़ौदा के महाराज और महारानी के पोर्ट्रेट को भी लाजवाब मानते हैं। अपना प्रशिक्षण पूरा करने के बाद रवि वर्मा के सामने सबसे बड़ी चुनौती यह थी कि उनकी पेंटिंग का विषय क्या हो। वे महीनों तक इधर से उधर घूमते रहे



और भारत की आत्मा को समझने की कोशिश करते रहे। काफी घूमने के बाद इनकी कल्पनाशक्ति ने समझ लिया कि धार्मिक ग्रंथों और महाकाव्यों में भारत की आत्मा बसी है. उन्होंने फैसला लिया कि वे इन ग्रंथों के चरित्रों की पेंटिंग बनाएंगे. रवि वर्मा ने कई पौराणिक कथाओं और उनके पात्रों के जीवन को अपने कैनवास पर उतारा। वे हिंदू देवियों के चित्रों को अक्सर सुन्दर दक्षिण भारतीय महिलाओं के ऊपर दशार्ते थे। राजा रवि वर्मा ऐसे पहले चित्रकार थे जिन्होंने हिंदू देवी-देवताओं को आम इंसान जैसा दिखाया. आज हम फोटो, पोस्टर, कैलेंडर आदि में सरस्वती, लक्ष्मी, दुर्गा, राधा या कृष्ण की जो तस्वीरें देखते हैं वे ज्यादातर राजा रवि वर्मा की कल्पनाशक्ति की ही उपज हैं. उनके सबसे मशहूर चित्रों में ह्रसरस्वतीह्ल और ह्रलक्ष्मीह्ल के चित्र भी शामिल हैं, जो घर-घर में पूजे जा रहे हैं भले ही पूजने वालों को इसका पता हो या न हो। किसी कलाकार के लिए इससे बड़ी उपलब्धि और क्या होगी. उनके कई चित्र बड़ौदा के लक्ष्मी विलास पैलेस में आज तक सुरक्षित हैं. कइयों का मानना है कि उनके सभी चित्रों की बाजार कीमत देश के उस सबसे बड़े महल से भी ज्यादा हो सकती है. विचारमग्न युवती, दमयंती-हंसा संभाषण, संगीत सभा, अर्जुन और सुभद्रा, विरह व्याकुल युवती, शकुंतला, रावण द्वारा जटायु वध, इंद्रजीत-विजय, नायर जाति की स्त्री, द्रौपदी कीचक, राजा शांतनु और मत्स्यगंधा, शकुंतला और राजा दुष्यंता आदि उनके प्रसिद्ध चित्र हैं. रवि वर्मा के तैल चित्रों की बहुत मांग थी। उन्होंने सोचा कि यदि इन चित्रों को आमजन तक पहुंचना है तो प्रेस खोलना होगा. इसलिए उन्होंने 1894 में विदेश से कलर लिथोग्राफिक प्रेस खरीदकर मुम्बई में लगाई और अपने चित्रों की नकल बनाकर बेचना शुरू किया। इनसे पहले किसी भी चित्रकार ने ऐसा नहीं किया था। हालांकि इस कारोबार में उन्हें ज्यादा मुनाफा नहीं हुआ लेकिन आमजन विशेषकर उन तक तक देवी-देवताओं की पहुंच हो गई जिनका मंदिरों में प्रवेश वर्जित था। कट्टरपंथियों ने इसका भी विरोध किया लेकिन आलोचकों ने इसके लिए राजा रवि वर्मा के प्रयास की खूब प्रशंसा की। दादा साहब फाल्के ने गुजरात के गोधरा से फोटोग्राफर के तौर पर शुरूआत की थी। बाद में वे बड़ौदा आ गए. वहां उन्होंने पेंटिंग और फोटोग्राफी की शिक्षा हासिल की। बाद में जब राजा रवि वर्मा ने अपनी प्रेस खोली तो फाल्के को वहां नौकरी मिल गई। उनका रवि वर्मा से परिचय इसी दौरान हुआ। धीरे-धीरे वे इस महान हस्ती के करीब आते गए। रवि वर्मा ने भी उनकी प्रतिभा को पहचाना और प्रोत्साहित किया। कई यह भी मानते हैं कि रवि वर्मा ने वह पैसा दादा साहब फाल्के को दे दिया था जो उनके पास अपनी प्रेस बेचने के बाद आया था और फाल्के ने इसी पैसे से अपने काम को आगे बढ़ाया। राजा रवि वर्मा की एक चर्चित पेंटिंग 'राधा-माधव' रवि वर्मा दो अक्टूबर, 1906 को दुनिया से चल बसे। उनके जाने के करीब सात साल बाद दादा साहब फाल्के ने भारत की पहली फीचर फिल्म ह्रराजा हरिश्चंद्रह्ल बनाई. तब से भारतीय फिल्म उद्योग की शुरूआत हो गई। करीब एक सदी बाद बॉलीवुड हर साल करीब दो हजार फिल्में बना रहा है. सोचा जा सकता है कि यदि रवि वर्मा ने फाल्के की मदद नहीं की होती तो क्या होता। हो सकता है भारतीय सिनेमा के पितामह के तौर पर फाल्के के बजाय किसी और का नाम इतिहास में दर्ज होता। राजा रवि वर्मा को भी कुछ वही परेशानी झेलनी पड़ी थी जो मकबूल फिदा हुसैन ने झेली वैसे भी वह 125 साल पहले का भारत था। उन पर आरोप लगे थे कि उन्होंने उर्वशी, रंभा जैसी अप्सराओं की अर्द्धनग्न तस्वीरें बनाईं. कई लोगों ने इसे हिंदू धर्म का अपमान माना। उन पर देश में कई जगह सालों तक मुकदमे चले। इसमें रवि वर्मा का काफी आर्थिक नुकसान हुआ और उन्हें काफी मानसिक प्रताड़ना भी झेलनी पड़ी। बताते हैं कि उनसे नाराज लोगों ने उनकी मुंबई स्थित प्रेस को जला दिया था। इस अग्निकांड में न केवल मशीन बल्कि उनके कई बहुमूल्य चित्र भी जल गए। हालांकि कई इस बात को सच नहीं मानते। उनके मुताबिक प्रेस में घाटा होने पर उन्होंने उसे किसी जर्मन चित्रकार को बेच दिया था। राजा रवि वर्मा पर एक और आरोप लगाया गया कि सरस्वती और लक्ष्मी जैसे कई हिंदू देवियों का चेहरा उनकी प्रेमिका सुगंधा से मिलता है। लोग कहते हैं कि रवि वर्मा अपने चित्र और पोर्ट्रेट के लिए सुगंधा की ही सहायता लिया करते थे। सुगंधा नामक यह लड़की किसी वेश्या की बेटी भी बताई गई। कट्टरपंथियों ने इसे लेकर उन पर हिंदू धर्म को अपवित्र करने का आरोप लगाया। इस मामले को लेकर भी काफी दिनों तक उन्हें मुसीबतें झेलनी पड़ी। कई आलोचकों का मानना है कि राजा रवि वर्मा ने धर्म का सहारा लेकर अपनी कला चमकायी। उनके मुताबिक बेशक उनकी पेंटिंग्स सुंदर होती थीं लेकिन वे लोकप्रिय इसलिए हुईं कि वे धार्मिक और मिथकीय पात्र थे जो पहले से मशहूर थे। रविन्द्रनाथ टैगोर सहित बंगाल स्कूल के कई चित्रकारों ने राजा रवि वर्मा को तो चित्रकार मानने से ही इनकार कर दिया क्योंकि वे यूरोपीय तकनीक से भारतीय चरित्रों के चित्र बनाते थे। बहरहाल, यह तो सब मानते हैं कि भारत में उनके जितना लोकप्रिय दूसरा चित्रकार अब तक नहीं हुआ। राजा रवि वर्मा को 56 साल की उम्र में 1904 में तब देश का शीर्ष सम्मान ह्रकेसर-ए-हिंदह्ल दिया गया था. यह सम्मान आज के भारत-रत्न की तरह माना जाता था। यह सम्मान पाने वाले राजा रवि वर्मा पहले कलाकार थे। उस महान शख्सियत के कद का अंदाजा इससे भी लगाया जा सकता है।

डॉ जवाहर पासवान
प्रधानाचार्य
के. पी.कालेज, मुरलीगंज, मधेपुरा, बिहार।

# गाँधी एवं शास्त्री के विचारों को करें आत्मसात : कुलपति

**दैनिक समाज जागरण मधेपुरा।**
राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी एवं भारतरत्न लाल बहादुर शास्त्री दोनों ने अपने विचारों एवं कार्यों से विश्व मानस पटल पर अपना अमिट प्रभाव छोड़ा है। हम दोनों के विचारों को आत्मसात करें और उनके अधूरे कार्यों को पूरा करने की कोशिश करें, यही उन दोनों के प्रति हमारी सबसे बड़ी श्रद्धांजलि होगी। यह बात बीएनएमयू के कुलपति प्रो. (डॉ.) राजनाथ यादव ने कही। वे सोमवार को ठाकुर प्रसाद महाविद्यालय, मधेपुरा में आयोजित गाँधी-शास्त्री जयंती समारोह का उद्घाटन कर रहे थे। कार्यक्रम का आयोजन 3/17 बिहार बटालियन एनसीसी, सहरसा एवं राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के संयुक्त तत्वावधान में ऑनलाइन एवं ऑफलाइन दोनों मोड में किया गया। इसमें बिहार राज्य एड्स नियंत्रण समिति, स्वास्थ्य विभाग, बिहार सरकार, पटना द्वारा संचालित सेहत केंद्र का भी सहयोग प्राप्त हुआ।

**सत्य एवं अहिंसा के प्रबल समर्थक थे गाँधी**

कुलपति ने कहा कि महात्मा गाँधी सत्य एवं अहिंसा के प्रबल समर्थक एवं सफल प्रयोगकर्ता थे। उन्होंने अपने जीवन में बचपन से लेकर जीवनपर्यंत कभी भी सत्य एवं अहिंसा का दामन नहीं छोड़ा कुलपति ने कहा कि गाँधी ने सत्य एवं अहिंसा पर आधारित सत्याग्रह रूपी अस्त्र के माध्यम से राजनीतिक, सामाजिक एवं आर्थिक बदलाव की मुहिम चलाई। उन्होंने देश-दुनिया को राजनीतिक स्वराज के साथ-साथ सामाजिक सद्भाव एवं आर्थिक स्वावलंबन का भी रास्ता दिखाया। कुलपति ने कहा कि गाँधी ने दक्षिण अफ्रीका एवं भारत में कई सफल आंदोलन चलाए.इससे शोषित-पीड़ित लोगों में आशा एवं विश्वास का संचार किया। भारतीय राजनीति में गाँधी के प्रवेश के बाद भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में आम लोगों की भागीदारी बढ़ी। उनके नेतृत्व में चलाए गए चंपारण सत्याग्रह, असहयोग आंदोलन, नमक सत्याग्रह एवं भारत छोड़ो आंदोलन ने देश की आजादी का मार्ग प्रशस्त किया।

**शास्त्री ने स्थापित किए उच्च मापदंड**

कुलपति ने कहा कि गाँधीवादी स्वतंत्रता सेनानी पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री सादगी, ईमानदारी एवं दृढ़ता के प्रतीक थे। वे महज 16 वर्ष की उम्र में आजादी की लड़ाई में शामिल हुए और जीवनपर्यंत देश के स्वाभिमान की रक्षा के लिए समर्पित रहे। कुलपति ने बताया कि लालबहादुर शास्त्री ने राजनीति में त्याग, सेवा एवं नैतिकता के उच्च मापदंड स्थापित किया। उन्होंने भारत के रेल मंत्री एवं गृह मंत्री के रूप में देश को मजबूत बनाने में अहम भूमिका निभाई और प्रधानमंत्री के रूप में भी अविस्मरणीय कार्य किया। उन्होंने बताया कि लालबहादुर शास्त्री सन 1964 ई. में प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के निधन के बाद देश के दूसरे प्रधानमंत्री बने। उस समय देश में भीषण आकाल पड़ा था और हम खाद्यान्न संकट से जूझ रहे थे। दूसरी ओर पड़ोसी देश पाकिस्तान ने भी सन 1965 में हम पर हमला कर दिया। ऐसे कठिन समय में लालबहादुर शास्त्री ने दूरदर्शिता एवं दृढ़ता से कार्य किया और देश को आंतरिक एवं बाह्य दोनों संकटों से सफलतापूर्वक बाहर निकाला।

**प्रेरणादायी है 'जय जवान जय किसान' का नारा**

कुलपति ने बताया कि लाल बहादुर शास्त्री ने 'जय जवान जय किसान' का नारा दिया है, जो आज भी हमारे लिए प्रेरणादायी है। इस नारे ने पूरे भारत में एक नया जोश भर दिया। वीर जवानों के पराक्रम ने देश की सीमाओं की सुरक्षा सुनिश्चित की ओर कर्मठ किसानों के परिश्रम ने देश को खाद्यान्न के



मामले में आत्मनिर्भर बनाया। आज भी देश को सुरक्षित रखने और इसे विकसित बनाने में हमारे जवान एवं किसान अपनी महती भूमिका निभा रहे हैं।

**गाँधी ने दिया आदर्श को व्यावहारिक रूप**

मुख्य अतिथि डीएसडब्ल्यू प्रो. (डॉ.) राजकुमार सिंह ने कहा कि गाँधी संपूर्ण भारतीयता के प्रतीक हैं उनका नाम लेते ही संपूर्ण भारत की छवि हमारे सामने आ जाती है। उन्होंने कहा कि सत्य एवं अहिंसा सदियों से भारतीय सभ्यता-संस्कृति का आदर्श रहा है। लेकिन गाँधी ने इस आदर्श को अपने जीवन में व्यावहारिक रूप दिया और इसे सामाजिक एवं राजनीतिक प्रयोग में भी सफल बनाया।

**गाँधी ने दिया है सत्याग्रह का संदेश**

उन्होंने कहा कि गाँधी ने हमें सत्याग्रह का संदेश दिया है। इसमें घृणा का मुकाबला प्रेम से, हिंसा का मुकाबला अहिंसा से और शरीरबल का मुकाबला आत्मबल से किया जाता है। जिसके पास आत्मबल होता है, वह कभी पराजित नहीं हो सकता है। उन्होंने कहा कि कहा कि लाल बहादुर शास्त्री सही मायने में गाँधीवादी संत थे। उन्होंने गांधी की सच्चाई, सादगी एवं ईमानदारी को अपने जीवन में आत्मसात कर लिया था।

**महापुरुषों के विचारों से युवाओं का परिचय आवश्यक**

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रधानाचार्य प्रो. (डॉ.) कैलाश प्रसाद यादव ने कहा कि गाँधी एवं शास्त्री जैसे महापुरुषों के विचार आज भी प्रासंगिक हैं। युवा पीढ़ी को इन महापुरुषों के विचारों से परिचय कराना आवश्यक है।

**गाँधी एवं शास्त्री के चित्र पर पुष्पांजलि**

कार्यक्रम की शुरूआत में अतिथियों ने गाँधी एवं शास्त्री के चित्र पर पुष्पांजलि किया। विधिवत दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम की शुरूआत हुई। संचालन उप कुलसचिव (स्थापना) डॉ. सुधांशु शेखर और धन्यवाद ज्ञापन गणित विभागाध्यक्ष ले. गुड्डू कुमार ने किया। तकनीकी पक्ष दर्शनशास्त्र विभाग के शोधार्थी सौरभ कुमार चौहान एवं जंतु विज्ञान विभाग के शोधार्थी मनीष कुमार ने संभाला। कार्यक्रम के आयोजन में एसयूओ गौरव कुमार, शैलेन्द्र कुमार, नीतू कुमारी एवं अंकित कुमार ने सहयोग किया। इस अवसर पर राजनीति विज्ञान विभाग के शोधार्थी सारंग तनय, डॉ. दिलीप यादव, अमन, प्रिया, वाणी, खुशी, काजल, आनु, श्रुति, शिम्पी, गोलू, चुनचुन, पूजा, नीति राज, नीतीश, आनंद, आशीष, भगत यादव, विनोदनंदन ठाकुर, बिट्टू कुमार, चंद्र प्रकाश, राहुल, बृजनंदन कुमार, क्रेजी कुमार, धीरज, हरेराम कुमार, ज्योति मौर्य, आचार्य कुमार, प्रिंस ठाकुर, मनीष यादव, मुकेश यादव, मो. अब्दुल रहमान, मिथिलेश, मिट्ठू कुमार, प्रिंस राज, रामानुज, रवि, राज यादव, सतीश, सोनी, प्रिंस, आरजू, मोनू, बाबूल, आदित्य, अमित, सत्यम, राजू कुमार, अमरदीप कुमार, अमृत राज, रोहन कुमार, अभिनव कुमार, शिवम कुमार, कृष्णनदेव कुमार, रमाकांत कुमार, राहुल कुमार, अभिनय कुमार, बाबू, निक्की भारती, विशाल, भुवन, कौशल, अंकेश कुमार, गणेश कुमार, संजीत, अभिषेक, मनोहरलाल साह, राजनंदन, राजीव, अभिनव, जय, बिट्टू, रामशंकर, विवेकानंद, केशव कुमार, दिलखुश, धीरज, सुनील कुमार, शिवशंकर, संतोष, रविशंकर सतीश आदि उपस्थित थे।

# गाँधी प्रतिमा स्थल पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

## गाँधी हम सबों के लिए प्रेरणास्रोत हैं:कुलसचिव

**दैनिक समाज जागरण मधेपुरा।**
गाँधी एक संस्था थे। उन्होंने मानव जीवन के जो प्रतिमान स्थापित किए हैं, वहां पर पहुंचना आसान नहीं है। लेकिन हमें उनके विचारों को अपने जीवन में अपनाने का प्रयास अवश्य करना चाहिए। यह बात बीएनएमयू के कुलसचिव प्रो. मिहिर कुमार ठाकुर ने कहा कही। वे मुख्य परिसर में गाँधी प्रतिमा स्थल पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा की अध्यक्षता कर रहे थे। कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के तत्वावधान में किया गया। कुलसचिव ने कहा कि गाँधी हम सबों के लिए प्रेरणास्रोत हैं। हमें उनके विचारों को अपने जीवन में आत्मसात करने की जरूरत है। इस अवसर पर आईक्यूएसी के निदेशक प्रो. नरेश कुमार ने कहा कि गाँधी शत- प्रतिशत व्यावहारिक हैं। उनके विचारों को केंद्र में रखकर ही स्वच्छता कार्यक्रम चलाया जा रहा है और नई शिक्षा नीति में मातृभाषा में शिक्षण एवं रोजगारपरक शिक्षा को स्थान दिया गया है। विकास पदाधिकारी प्रो. ललन प्रसाद अद्रि ने कहा कि गाँधी पहले प्रासंगिक थे, आज प्रासंगिक




हैं और आगे भी प्रासंगिक रहेंगे। पार्वती विज्ञान महाविद्यालय के डॉ. आलोक कुमार ने कहा कि गाँधी सादा जीवन उच्च विचार के प्रतीक हैं। उन्होंने स्वाधीनता आंदोलन को जन-जन तक पहुंचाया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए एनएसएस समन्वयक डॉ. अभय कुमार ने कहा कि एनएसएस गाँधी के विचारों को करें में रखकर कार्य करता है। उप कुलकचिव (स्थापना) डॉ. सुधांशु शेखर ने कहा कि भारतीय सभ्यता-संस्कृति एवं दर्शन में शुरू से ही सत्य एवं अहिंसा का आदर्श प्रस्तुत किया गया है। गाँधी ने उन आदर्शों को अपने जीवन में व्यावहारिक रूप दिया। कुलपति के निजी सचिव शंभू नारायण यादव ने कहा कि गाँधी ने नशामुक्ति पर जोर दिया था। लेकिन आज युवा वर्ग नशा की गिरफ्त में है। इससे अपराध भी बढ़ रहा है। हमारी आने वाली पीढ़ी बर्बाद हो रही है। इस अवसर पर बिहार माध्यमिक शिक्षक संघ के कृष्ण कुमार, उपकुलकचिव परीक्षा डॉ. उपेन्द्र प्रसाद यादव,क्षरकिेश कुमार, आनंद कुमार, सौरभ कुमार चौहान, अंकेश, योगेन्द्र कुमार आदि उपस्थित थे।

# अगले सत्र से छात्र-छात्राओं के लिए पठन पाठन की मिलेगी सुविधा: कुलसचिव

*के एन डिग्री कॉलेज बखरी का मनाया गया बारहवीं स्थापना दिवस*

*मुख्य अतिथि थे पूर्णिया विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. डा.घनश्याम राय*

**दैनिक समाज जागरण कुसाकांटा ।**
कलानंद नित्यानंद डिग्री कॉलेज बखरी कुसाकांटा का सोमवार को 12वीं स्थापना दिवस पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया जिसमें मुख्य अतिथि पूर्णिया यूनिवर्सिटी के कुलसचिव प्रो.डा.घनश्याम राय, विशिष्ट अतिथि परशुराम परिषद संयोजक पंडित अजय झा एसडीएम ग्रुप के संस्थापक श्री संजय मिश्रा पंडित जटाधार झा उपस्थित थे। सभी वक्ताओं ने इस स्थापना दिवस के मौके पर डिग्री कॉलेज को जल्द से जल्द मान्यता मिलने की बात कही साथ ही अगले सत्र से छात्र-छात्राओं के लिए पठन पाठन की सुविधा उपलब्ध होने की कुलसचिव ने भी बात कही ।बताते चले कि 40 किलोमीटर पूरब पश्चिम उत्तर दक्षिण में एक भी डिग्री कॉलेज नहीं है जिससे यहां के क्षेत्र के छात्र छात्राओं को अपनी पढ़ाई व शिक्षा प्राप्त करने पहनाकर शॉल ओढाकर और बुके देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि इस महाविद्यालय को पूर्व में बी एन एम यू मधेपुरा से संबंधन मिली



के लिए शहरों की ओर रुख करना पड़ता है यदि इस कॉलेज को पूर्णियां विश्वविद्यालय एवम राज्य सरकार से संबंधन मिली तो आसपास के हजारों छात्र-छात्राओं को कहीं भटकने की जरूरत नहीं पड़ेगी उक्त बातें उपस्थित वक्ताओं ने बारी-बारी से कही।मौके पर कॉलेज के प्रधानाचार्य प्रो.त्रिलोक नाथ झा ने सभी अतिथियों का फूल माला थी। यू जी सी के मापदंड पर यहां सारी सुविधाएं महाविद्यालय को प्राप्त है। कई सत्रों के छात्र छात्राएं यहां से पास भी हुई है। ऐसे छात्र छात्राओं को सी एल सी भी दी गई है। पूर्णियां विश्वविद्यालय बनने पर उसी के अधीन कॉलेज आ गया है। विश्वविद्यालय एवम राज्य सरकार से मांगी गई सारी प्रपत्र एवम शुल्क जमा कर दिया गया है। निरीक्षण भी

# विमेंस कॉलेज मधेपुरा में गांधी जी को एवं लाल बहादुर शास्त्री को किया गया याद

**दैनिक समाज जागरण मधेपुरा।**
विमेंस कॉलेज कौशल्या ग्राम वार्ड नंबर 2 मधेपुरा बिहार में प्रधानाचार्य डॉक्टर जूली ज्योति के निदेर्शानुसार गांधी जयंती राष्ट्रीय सेवा योजना के तीनों इकाइयों के द्वारा आयोजन दीप प्रज्वलित पुष्पांजलि अर्पित एवं माल्यार्पण कर किया गया इस अवसर पर गांधी जी को एवं लाल बहादुर शास्त्री को भी याद किया गया, सभा के संबोधन में प्रधानाचार्य ने कहा महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री दोनों ही हमारे देश के सर्वमान्य नेता थे,उन्होंने कहा महात्मा गांधी ने अपने आसपास को स्वच्छता बनाए रखने संबंधी शिक्षा प्रदान कर राष्ट्र को एक उत्कृष्ट संदेश दिया था! उन्होंने स्वच्छ भारत का सपना देखा था जिसके लिए वह चाहे कि भारत के सभी नागरिक एक साथ मिलकर देश को स्वच्छ बनाने के लिए कार्य करें महात्मा गांधी के स्वच्छ भारत के सपने को पूरा करने के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने 15 सितंबर से 2 अक्टूबर तक स्वच्छता अभियान का शुरूआत किया इसको सफल बनाने का कार्य हेतु भारत के सभी नागरिकों से इस अभियान से जुड़ने की अपील की अपनी बात को आगे बढ़ते हुए प्रधानाचार्य ने कहा कि हम सब इस देश का नागरिक है हमारा कर्तव्य बनता है अपने देश को स्वच्छ रखें। एक स्वस्थ समाज ही स्वच्छ देश का निर्माण कर सकता है, तो इसके लिए



सबसे पहले सफाई का कार्य अपने घर गली मोहल्ले से ही शुरूआत करना चाहिए हम बढ़ेंगे तो देश बढ़ेगा साथ ही स्वच्छ भारत का अभियान के तहत 15 दिनों से चल रहे स्वच्छता पखवाड़ा मै गोद लिए गए गांव के गली मोहल्ले को प्लास्टिक मुक्त एवं कचरा मुक्त करते हुए स्वयंसेवियों ने 1 अक्टूबर को स्वच्छता अभियान के तहत वायु शुद्धिकरण के लिए वृक्षारोपण का कार्य कार्यक्रम पदाधिकारी प्रोफेसर रूपा कुमारी प्रोफेसर रविंद्र कुमार के साथ किया एवं इसी के साथ 15 दिनों से चल रहे स्वच्छता अभियान का समापन 1 अक्टूबर को वृक्षारोपण के साथ किया गया प्रधानाचार्य ने बताया कि स्वच्छ भारत अभियान का उद्देश्य समग्र स्वच्छता सामुदायिक स्वच्छता का विकास और 5 वर्षों में भारत को खुले में सोच से मुक्त देश बनाना है मौके पर उपस्थित प्रोफेसर अनिल कुमार प्रोफेसर रविंद्र कुमार प्रोफेसर मंटू कुमार कालिंदी कोमल अन्नू कुमार पूनम कुमारी छात्राएं शाजिया प्रवीण मीरा कुमारी आरती कुमारी गीता कुमारी नीतू कुमारी कुमारी पायल नेहा कुमारी आदि उपस्थित थे।

# गांधी जी अहिंसा के पद पर चलकर हमारे देश को आजादी दिलवाई उन्होंने संपूर्ण संसार को दिया अहिंसा का संदेश: डा. पूनम यादव

**दैनिक समाज जागरण मधेपुरा।**
मधेपुरा महाविद्यालय मधेपुरा के परागण में राष्ट्रीय पिता महात्मा गांधी जी का जयंती पर राष्ट्रीय सेवा योजना के तीनों इकाई के कार्यक्रम पदाधिकारी के संयुक्त तत्वाधान में प्राचार्य डॉक्टर पूनम यादव की अध्यक्षता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की विधि व उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर किया गया। डॉक्टर पूनम यादव ने गांधी जी के प्रतिमा पर पुष्प श्रद्धा सुमन




अर्पित किया साथ ही महाविद्यालय के समस्त परिवार बड़ी-बड़ी करके नमन किया। इसी कड़ी में चर्चित रंगकर्मी श्री विकास कुमार के नेतृत्व में कॉलेज के छात्र एवं छात्राओं द्वारा प्लास्टिक भगाओ नाटक का मंचन किया गया। कार्यक्रम के सराहना करते हुए डॉक्टर पूनम यादव ने कहा गांधी जी अहिंसा के पद पर चलकर हमारे देश को आजादी दिलवाई उन्होंने संपूर्ण संसार को अहिंसा का संदेश दिया। संस्थापक डॉक्टर अशोक कुमार ने कहा स्वदेशी स्वच्छता सर्वोदय के सबसे बड़े पैरोकार महान चिंतक और अहिंसा के पुजारी को में शत-शत नमन करता हूं। वही कार्यक्रम में पदाधिकारी प्रोफेसर विजेंदर कुमार प्रोफेसर मोहम्मद शोएब आलम प्रोफेसर रत्नाकर भारती एवं कॉलेज कर्मी एवं महाविद्यालय के छात्र एवं छात्राएं थे।

# समाजसेवी संजय ने गांधी जयंती व लालबहादुर शास्त्री की जयंती की दी बधाई

*बापू के बताएं मार्ग पर चलकर ही जनजागरण संभव – संजय मिश्रा*

**दैनिक समाज जागरण अररिया ।**
एसडीएम ग्रुप के संस्थापक सह समाजसेवी संजय मिश्रा ने गांधी जयंती के मौके पर काली मंदिर मार्ग सहित महिला कॉलेज के सामने झाड़ू लगाकर स्वच्छता का संदेश दिया।साथ ही उन्होंने गांधी जयंती सहित जय जवान जय किसान का नारा देने वाले पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के समर्पण व बलिदान को भी याद किया।उन्होंने प्रेस वार्ता के दौरान कहा अभी के समय में बाहर की सफाई के साथ अंदर की सफाई जरूरी है।इसलिए बापू के




जयंती के मौके बापू के बताए मार्ग पर चलने का सभी से अनुरोध किया।राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के बताए गए मार्ग पर चलकर ही हमारे राष्ट्र राज्य जिले गांव में रहने वाले जन का कल्याण संभव है।

# गांधी जयंती के शुभ अवसर पर यू भी के कॉलेज कड़ामा में सात दिवसीय कार्यशाला का हुआ उद्घाटन

*प्रधानाचार्य डा. माधवेंद्र झा ने विधिवत दीप प्रज्वलित कर किया शुभारंभ*

*छात्र छात्राओं में बढ़ा उत्साह।*

*राष्ट्रीय शिक्षा नीति को सरजमी पर छात्र छात्राओं के साथ लिया संकल्प*

*विषयवार एवम विभागवार होगा राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन।*

*क्विज प्रतियोगिता भी होगी अयोजित*

*छात्र छात्राओं का होगा समग्र विकास।*

**दैनिक समाज जागरण पुरैनी।**

निर्धारित समय के अनुसार ठीक 10 बजे पूर्वाह्न में यू भी के कॉलेज कड़ामा के प्रधानाचार्य डॉ. माधवेन्द्र झा ने राष्ट्रीय सेवा योजनाके तीनों इकाइयों द्वारा संचालित कार्यशाला का दीप प्रज्वलित कर उदघाटन किया। मौके पर गांधी जी के गांधी दर्शन एवम राष्ट्रीय शिक्षा नीति के प्रथम चरण में सेमेस्टर फर्स्ट को सुलभ तथा छात्रोपयोगी सिद्ध करने हेतु अपने यशस्वी प्रयास किया। उन्होंने बताया कि आज की तिथि अपने आप में मायने रखता है। आज ही के दिन भारत के दो महान विभूतियों का जन्म हुआ जिसमें हम राष्ट्र पिता महात्मा गांधी जी के साथ स्वनाम धन्य लाल बहादुर शास्त्री जी को नही भुला सकते। आज का समृद्ध भारत उन्हे समर्पित है। बढ़ते क्रम में उन्होंने कहा कि हम सम्पूर्ण राष्ट्र को आज विश्व अहिंसा दिवस की भी बधाई देते हैं। आप सभी छात्र छात्रा यदि गांधी जी के सिद्धांत तथा दर्शन को आत्मसात करते हैं तथा महामना लाल बहादुर शास्त्री जी के विचार, ईमानदारी तथा कर्तव्यपरायंतसे अभिभूत होते हैं तो भारत का कण कण अपने विकास का गवाह बनेगा। अपने वक्तव्यों को स्मार्ट बोर्ड पर चित्रित कर गांधी जयंती समारोह को पूर्णतः जीवंत बनाने का हरसंभव प्रयास किया। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के मिशन को भी गांधी जी से जोड़ते हुए कहा कि गांधी जी का ही देन बुनियादी शिक्षा रही है जो आज सरजमी पर मुखरित हो रही है। उपस्थित छात्र छात्राओं को राष्ट्रीय शिक्षा नीति, प्रथम एवम द्वितीय सेमेस्टर के अंक प्रणाली, विषय चयन, स्किल इन्हांसमेंट कोर्सेज एम आई एल का चयन तथावैल्यू एडेड कोर्सेज की समग्र जानकारी दी गई जिससे छात्र छात्रा काफी उत्साहित दिख रहे हैं। कार्यक्रम में सभी विभागीय अधिकारी, राष्ट्रीय सेवा योजना के अधिकारी गण, स्थानीय अभिभावक एवम सैकड़ों छात्र छात्रा उपस्थित हुवे तथा अपने विचार से गांधी जी के कृतित्व एवं व्यक्तिव की चर्चा की।

# भाजयुमो जिला भागलपुर की बैठक, भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष के स्वागत की तैयारियों को लेकर चर्चा

**समाज जागरण**

भागलपुर बिहार शीला विवाह भवन में भाजयुमो जिला अध्यक्ष चंदन ठाकुर के नेतृत्व में भाजयुमो जिला की बैठक आहूत की गई।

भारतीय जनता युवा मोर्चा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष भारतेन्दु मिश्रा के आगमन को लेकर स्वागत की तैयारी के लिए चर्चा की गई।

भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद भारतेन्दु मिश्रा का प्रथम भागलपुर प्रवास सात अक्टूबर को होने जा रहा है।भाजयुमो अध्यक्ष चंदन ठाकुर ने कहा की भाजयुमो के प्रदेश अध्यक्ष बनने के उपरांत प्रथम जिला आगमन पर भाजयुमो के प्रदेश अध्यक्ष भारतेन्दु मिश्रा का युवा मोर्चा के कार्यकर्ता भव्य व आतिशी स्वागत करेंगे।इसी तात्पर्य में यह बैठक



आयोजित की गई थी जिसमें आवश्यक विषयों पर बातचीत एवं चर्चा की गई तथा सभी कार्यकताओं को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

इस अवसर पर महामंत्री अनुज झा सूरज जयसवाल ,कुंदन सिंह, सोनू आनंद सिद्धार्थ सिंह सोलंकी, रोहित कुमार, सुधाकर सोनू, विकास कुमार, आकाश कुमार राय, सोनू कुमार राय, कुंदन कुमार , गौरव जयसवाल, आशीष आनंद, कौशल कुमार, सोनू कुमार, आशीष यादव, मोनू कुमार , सुमन कुमार, राहुल कुमार सिंह, राजकुमार यादव, अमन कुमार, बाबू मंगल मूर्ति आदि कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

# बिहार विधान परिषद में नेता विरोधी दल के हरि सहनी का अभिनंदन समारोह आयोजित कर स्वागत किया गया।

**समाज जागरण राम बालक**

मोतिहारी बिहार के पकड़ीदयाल प्रखंड की सुंदरपट्टी पंचायत स्थित लोटहा बाजार पर बिहार विधान परिषद में नेता विरोधी दल के हरि सहनी का अभिनंदन समारोह आयोजित कर स्वागत किया गया। अभिनंदन समारोह में भाजपा कार्यकताओं ने प्रतिपक्ष के नेता हरि सहनी, विधायक राणा रणधीर सिंह, महिला आयोग के अध्यक्ष नीलम सहनी, दरभंगा डिप्टी मेयर भारत सहनी, मुज्जफरपुर के भाजपा नेता लालबाबू सहनी, प्रदेश कोषाध्यक्ष आशुतोष सिंह, जिलाध्यक्ष राजेश तिवारी आदि को अंगवस्त्र एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया। लोटहा बाजार पर अभिनंदन समारोह से पहले बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकताओं ने भेड़िया में पहुंचने पर प्रतिपक्ष के नेता हरि सहनी का स्वागत किया। अभिनंदन समारोह को




संबोधित करते हुए कहा कि हरि सहनी ने कहा कि अति पिछड़ा, दलित, शोषित समाज को वोट लेकर सभी पार्टी ने ठगने का काम किया। भाजपा ने मेरे जैसे मछली पकड़ने वाले के बेटा को विधान परिषद में विरोधी दल का नेता बनाकर पूरे बिहार में सहनी समाज को सम्मान देने का काम किया है। भाजपा ने पूरे बिहार में इकलौता सहनी समाज के अजय निषाद को जिताकर लोक सभा में भेजने का काम किया है। वही स्थानीय विधायक राणा रणधीर सिंह ने बारिश में भी उमड़ी सहनी समाज को धन्यवाद दिया। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष नितेश सराफ, जिला महामंत्री अशोक कुमार सिंह, मत्स्यजीवी प्रकोष्ठ के संयोजक सुनील सहनी, प्रदेश प्रवक्ता प्रेम शंकर पासवान, वीरेंद्र सिंह, मदन कुमार सहनी, संजय सहनी, भोला सहनी, सिकंदर सहनी, जितेंद्र कुमार सहनी, वीरेंद्र कुमार सहनी आदि थे।

# महिला समन्वय भागलपुर विभाग द्वारा मातृ शक्ति सम्मेलन का हुआ आयोजन, भारत माता की जय के जयघोष से हुई कार्यक्रम की शुरुआत

**समाज जागरण**
**कार्यालय प्रभारी आनंद कुमार**

भागलपुर बिहार सोमवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की अनुषांगिक इकाई राष्ट्रीय सेविका समिति के द्वारा महिला समन्वय की भागलपुर इकाई के तत्वावधान में एकदिवसीय मातृशक्ति सम्मेलन का आयोजन आनंदराम ढंढनिया सरस्वती विद्या मंदिर भागलपुर में आयोजित की गई। कार्यक्रम की शुरूआत भारत माता की जय के जयघोस से की गई, उसके बाद भारत माता के चित्र पर पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्वलन किए गए फिर वंदे मातरम गीत गाए गए, कार्यक्रम के दौरान भागलपुर व भागलपुर के आसपास के क्षेत्र के कई विधा से जुड़ी महिलाएं कार्यक्रम में उपस्थित थी, कार्यक्रम में शहर के गणमान्य महिला शिक्षाविद समाजसेविका नेत्री कवित्री व चिकित्सक के अलावे दर्जनों महिलाएं उपस्थित थी, भागलपुर की मेयर डॉक्टर वसुंधरा लाल के साथ-साथ अपने विशिष्ट कार्य में विशिष्ट उपलब्धि पाने वाली महिलाओं को भी इस महिला समन्वय भागलपुर



इकाई के कार्यक्रम में सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम के दौरान भारतीय जनता पार्टी की नेत्री प्रीति शेखर ने कहा कि इस कार्यक्रम के माध्यम से मातृशक्ति को जागृत करने का काम किया जा रहा है इस कार्यक्रम का उद्देश्य है जो लोगों की सोच थी की नारी सिर्फ सुविधा व भोग की वस्तु है लेकिन आज की स्थिति में और आज के आधुनिक भारत में महिलाएं हर एक ऊंचाई को हासिल कर रही हैं भारतवर्ष को सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ाने में मातृशक्ति एकजुट हुई है यह बड़ी बात है।

वहीं राष्ट्रीय सेविका समिति की अखिल भारतीय सहकार्यवाहीका सुनीता हल्देकर ने कहा कि महिलाओं की भूमिका हर क्षेत्र में राष्ट्र के उत्थान में रहा है फिर भी महिलाओं को नीचे नजरिए से देखा जाता है इसकी सोच बदलने के लिए महिलाएं कमर कस ली हैं अब वह किसी से कम नहीं, जो महिला आगे नहीं बढ़ पा रही है उन्हें राह दिखाने के लिए ऐसे कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

# डीएलएस शिक्षा महाविद्यालय में सत्र 21-23 के छात्रों का विदाई एवं 23-25 के छात्रों का स्वागत सह सम्मान समारोह का किया गया आयोजन

**समाज जागरण**

भागलपुर (बिहार)जिले के ही पीरपैंती महात्मा गाँधी जी और लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती के अवसर पर डीएलएस शिक्षा महाविद्यालय बदलूगंज बाराहाट में कार्यक्रम आयोजित कर छात्रों को गुलाब पुष्प देकर विदाई एवं स्वागत समारोह मनाया गया। शिक्षा महाविद्यालय के निर्देशक श्री संजय कुमार साह, प्राचार्य पंकज कुमार सिन्हा, नोडल पदाधिकारी रवि कुमार, मैनेजिंग डायरेक्टर आकाश कुमार, साहित्यकार डॉक्टर इंदु भूषण मिश्र देवेंदु, समाजसेवी परमानंद केजरीवाल,मो0 सिद्धिक खान, सहित कॉलेज के प्रोफेसर ने गांधीजी के फोटो पर माल्यार्पण और पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि और नमन किया। जयंती के अवसर पर एक से बढ़कर एक देश भक्ति गीत, लोकगीत ,गणेश वंदना ,स्वागत गीत



सहित एक से बढ़कर एक नृत्य की प्रस्तुति की गई' अच्छे अंक से प्राप्त करने वाले छात्रों को विद्यालय की ओर से अंग वस्त्र और शील्ड देकर किया गया सम्मानित ' कार्यक्रम मे थाना प्रभारी ईशीपुर सुधांशु शेखर उपस्थित डॉक्टर आलोक, पंचायत समिति मंटू रजक, साइंस शिक्षक गुरुदेव सर, अमरजीत भारती, प्रोफेसर बलवंत, प्रोफेसर ललन कुमार ,डॉ योगेश कौशल विकास पांडे, कुलदीप कुमार मोहम्मद गुलाम स्काउट के जिला प्रशिक्षक मुकेश आजाद, चंदन मंडल ,रिचा कौशल रंजीत कुमार सहित सामाजिक, साहित्यकार विद्वान और जनप्रतिनिधि ने गांधी के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनके आदर्श और विचार पर बातें की' प्राचार्य पंकज कुमार सिन्हा ने अच्छे अंक प्राप्त करने वाले को शुभकामनाएं देते हुए अन्य प्रशिक्षु अध्यापक को मेहनत कर कुशल अध्यापक बनने की सलाह दी।

# गांधी जयंती पर कार्यक्रम आयोजित

**समाज जागरण जयनगर नित्यानंद झा राजू 02 अक्टूबर**

जयनगर ललित कुटीर स्थित कांग्रेस पार्टी कार्यालय में सोमवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अध्यक्षता जयनगर प्रखंड कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष सुरेन्द्र महतो एवं संचालन कार्यकारी अध्यक्ष नित्यानंद झा ने किया। कार्यक्रम में उपस्थिते कांग्रेस समर्थकों ने महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के तैलचित्र पर माल्यार्पण किया तथा उनके विचारों की महत्ता पर प्रकाश डाला। वक्ताओं ने कहा कि उनके योगदान को कभी भूलाया नहीं जा सकता। वक्ताओं ने कहा कि महात्मा गांधी एक व्यक्ति नहीं अपितु एक विचार थे।उनकी प्रासंगिकता सदैव



बनी रहेगी। गांधीजी ने दुनिया को सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। गांधीजी जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को पूर्व प्रमुख व वरिष्ठ नेता चन्द्रमोहनसिह, जिला महासचिव शरणानंद झा, दिलिप सिंह, राकेश झा, धनुषलाल महतो, मो चांद, अजय झा, अरुण प्रधान, रविन्द्र पोद्दार,अयोधी पास्-वान, रामचन्द्र साह, मुकेशसिंह,अनुरंजन सिंह, महारूद्र झा, रामविलास राम, राजूराम, वरिष्ठ अधिवक्ता नन्द किशोर सिंह,प्रदीप पंजियार, इम्तियाज शेख, मो०अकबर,माकपा के अंचल मंत्री राणा प्रताप सिंह,मो दानिश,मो असलम,नेहाल शेख, उदयचंन्द्रझा, मो०फिरोज,पवन यादव,मो०जहांगीर समेत अन्य लोगों ने संबोधित किया।

# गांधी जयंती के मौके पर गांधी प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया।

**समाज जागरण**

भागलपुर (बिहार) गांधी जी के 154 वीं जयंती के मौके पर सोमवार को भाजपा कार्यकताओं ने भाजपा जिला अध्यक्ष संतोष कुमार के नेतृत्व में नया बाजार मुहल्ला में स्थित खादी ग्राम उद्योग में गांधी प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजित कर श्रद्धासुमन अर्पित किया।सभी कार्यकताओं ने नयाबाजार स्थित खादी ग्रामोद्योग भंडार से वस्त्र खरीदकर स्वदेशी अपनाने पर जोर दिया।जिला अध्यक्ष संतोष कुमार ने कहा की गांधी जी हमेशा खादी को पसंद और बढ़ावा देने के लिए लोगों को खादी वस्त्र धारण करने के लिए अपील करते थे और उन्हीं के प्रेरणा से प्रधानमंत्री मोदी जी भी हमेशा लोकल फॉर वोकल और आत्मनिर्भर भारत की बात करते हैं ताकि स्वदेशी सामानों की खरीदारी को बढ़ावा मिल सके। सेवा सप्ताह प्रभारी नितेश सिंह ने कहा की राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने खादी को देश की आजादी के आंदोलन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बनाया था। मोदी सरकार द्वारा मिले



बढ़ावे से नौ वर्षों में देश भर में खादी वस्त्रों और कपड़े की बिक्री में वृद्धि हुई है निवर्तमान जिला अध्यक्ष रोहित पांडेय ने कहा की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्ष 2014 में प्रधानमंत्री का पदभार संभालने के पश्चात ही देशवासियों से अधिक से अधिक खादी का प्रयोग करने का आह्वान किया था।जिला प्रवक्ता प्रदीप जैन ने कहा की प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की ह्यआत्मनिर्भर भारत' और 'वोकल फॉर लोकल' की अपील ने खादी उद्योग में नई जान डाल दी है।इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सुधांसु तिवारी,रोशन सिंह, योगेश पांडेय, मनीष दास, राजेश टंडन, जिला मीडिया प्रभारी प्राणिक वाजपेयी, प्रवक्ता विनोद सिन्हा,युवा मोर्चा अध्यक्ष चंदन ठाकुर,अमरदीप साह,सुधीर भगत,नंदकिशोर हरि, ओमप्रकाश मंडल,धर्मेन्द्र बब्लू, सुबोध चंदेल,सज्जन अवस्थी, दीपक, मुकुल कुमार,राहुल तोमर, संजीव गुप्ता,करण,रंजीत गुप्ता,महेश शर्मा, विनोद मंडल कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# महात्मा गांधी की 154वीं जयंती पर एमआईएम कार्यकताओं ने उन्हें पुष्प अर्पित कर किया याद

**समाज जागरण**
**जिला संवादाता विवेक कुमार**

भागलपुर बिहार महात्मा गांधी की 154 वीं जयंती के अवसर पर एमआईएम भागलपुर इकाई द्वारा महानायक राष्ट्रपिता महात्मा गांधी पूज्य बापू की जयंती एआईएमआईएम के प्रदेश सचिव संजीव सुमन के नेतृत्व में मनाई गई। इस मौके पर एमआईएम के पदाधिकारी एवं कर्मियों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किए। वहीं एमआईएम के भागलपुर शाखा के जिला संयोजक हाजी शाहीन ने अपने संबोधन में कहा कि महात्मा गांधी का देश को आजादी दिलाने में एक अहम भूमिका रही है और उनकी नीति भी अहिंसा की रही है. उनके विचारों से हम लोगों को प्रेरणा लेने की जरूरत है गांधी जी ने हिंदी पर जोर देते हुए कहा था कि राष्ट्रीय व्यवहार में हिंदी को काम में लाना देश की उन्नति के लिए आवश्यक है. साथ ही युवा प्रदेश सचिव ने कहा की बापू हमे देश की एकता अखंडता व भाईचारे की सिख देता है, सत्य की राह पर चलने की प्रेरणा देता है अतः हमलोगों को उनके नीति और विचारों को अपनाना चाहिए. श्री सुमन ने कहा महात्मा गांधी के सत्य और अहिंसा के रास्ते पर हम लोगों को चलना चाहिए, देश में बेहतर दिशा और दशा देने का काम महात्मा गांधी ने किया है। भारत को आजाद कराने में उनकी अहम भूमिका रही. महात्मा गांधी के बताए सत्य और अहिंसा के रास्ते पर चलकर ही देश को फिर से एक विकासशील देश बना सकते हैं। इसलिए हमें उन्हें प्रेरणा स्रोत मानकर उनके विचारों को अमल करना चाहिए।

इस दौरान युवा जिला उपाध्यक्ष जोहर शाहिद, जिला प्रवक्ता शम्स तबरेज, राशिद, शाहजहां, नवेद आरफी, अहमद मुशर्रफ, सैय्यद सऊद अख्तर, डॉ. मनीष राज, कृष्णा, अनादि, मुकेश, संतोष आदि मौजूद रहे।

# तिलकामांझी भागलपुर विश्वविद्यालय के गांधी विचार विभाग में मनाई गई राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती

**समाज जागरण कार्यालय**
**संवाददाता दिलीप कुमार साह**

भागलपुर (बिहार)आज पूरा भारतवर्ष राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती मना रहा है ,इस मौके पर प्रत्येक देशवासी उन्हें नमन कर रहे हैं, इस मौके पर तिलकामांझी भागलपुर विश्वविद्यालय के गांधी विचार विभाग में भी राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जन्म दिवस पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, लोगों ने महात्मा गांधी के आदमकद मूर्ति पर श्रद्धांजलि अर्पित किए साथ ही तिलकामांझी भागलपुर विश्वविद्यालय के गांधी विचार विभाग के शिक्षकों एवं कर्मियों ने गांधी से जुड़े कई अनमोल बातों पर प्रकाश डाला, वहीँ कार्यक्रम के दौरान गांधी विचार विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉक्टर उमेश प्रसाद नीरज ने कहा की मनुष्य का जीवन शांति अहिंसा सत्य इसके बिना व्यर्थ और अधूरा है इसके लिए बापू के सिद्धांत को सामाजिक व सांस्कृतिक गतिविधियों में डालकर ही राष्ट्र की रक्षा व सुरक्षा की जा सकती है, बापू कहा करते थे जो शरीर इस देश की मिट्टी से बना है रोग शोक में उसका उपचार भी तो इसी मिट्टी से मिलेगा साथ ही उन्होंने कहा उनके सच्चाई की बातें और उनके विचार इतने अच्छे थे कि पूरी दुनिया उनके विचारों से प्रेरित है उनके विचारों पर चलकर ही हम बापू को सच्ची श्रद्धांजलि दे सकते हैं।

# सेंट जोसेफ एवं बिहार के अन्य जिले में हो रहे महिलाओं के साथ बलात्कार एवं अत्याचार के विरोध में विद्यार्थी परिषद में पुतला दहन किया

**दैनिक समाज जागरण जिला ब्यूरो चीफ प्रभात कुमार मिश्रा**

भागलपुर (बिहार) हाल ही में बिहार के खुसरूपुर में ब्याज चुकता नहीं करने पर दंबगो ने एक दलित महिला को सरेआम निर्वस्त्र कर पिटाई करने जैसे जघन्य दुर्व्यवहार, लगातार छात्राओं व महिलाओं के साथ हो रहे है। बलात्कार व धोखाधड़ी जैसी घटना आम बात हो गया है , युवाओं के बीच बढ़ती नशाखोरी, लूटकांड व आए दिन बेरहमी से हो रहे हत्या व भागलपुर के सेंट जोसेफ स्कूल प्रबंधन पर करवाई अब तक नहीं होने जैसी जैसी घटना से संपूर्ण बिहार भयभीत है। सरकारी तंत्र व सरकार निष्फल हो चुकी है। प्रशासनिक हिटलरशाही एवं सरकार की राज्य में सुरक्षा व्यवस्था संबंधित विफलता को लेकर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर आज तिलकामांझी भागलपुर विश्वविद्यालय भागलपुर के गेट पर



नीतीश कुमार का पुतला दहन किया गया वहीं अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के विभाग सहसंयोजक कुणाल पाण्डेय एवं जिला संयोजक रोहित राज ने कहा कि बिहार के विभिन्न जिला में लूट हत्या अपहरण एवं महिला शक्ति के साथ दरिंदगी की घटना लगातार बढ़ते जा रही है जिस प्रकार से पिछले दिनों भागलपुर में दो शिक्षकों ने सेंट जोसेफ स्कूल में छात्र के साथ दरिंदगी की उसके खिलाफ अभी तक प्रशासन ने कोई कार्रवाई नहीं की है प्रशासन उन लोगों को गिरफ्तार करती है जो न्याय मांगने जाते हैं वैसे प्राचार्य पर अभी तक क्यों नहीं करवाई हुई है जिन्होंने बलात्कारियों को संरक्षण दिया बिहार के अन्य जिलों में महिलाओं को निर्वस्त्र करके मारा जा रहा है कहीं ना कहीं नीतीश कुमार की चुप्पी उन बलात्कारी एवं अपहरण करता के साथ सरकार की नीति दिखती है प्रशासन पूर्ण रूप से वैसे लोगों का संरक्षण कर रही है जो लोग लूट बलात्कार हत्याकांड कर रहे हैं महिलाओं का जहां अपमान हो महिलाओं के साथ दरिंदगी हो वैसा बिहार हमारा नहीं रहा है बिहार लोकतंत्र की जननी रही है इसीलिए उसकी रक्षा के लिए अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता सक्षम है ऐसे मुख्यमंत्री को उखाड़ फेंकने का कार्य विद्यार्थी परिषद का कार्यकर्ता करेगा हमारी मांग है बिहार सरकार के मुख्यमंत्री से की अभिलंब इस्तीफा दे'

# महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री की 154 वी जयंती के मौके पर सोमवार को जिला प्रशासन के अधिकारी एवं थाना अध्यक्ष ने किया माल्यार्पण

**समाज जागरण सुमित कुमार**

बांका(बिहार) महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर जिला प्रशासन अधिकारी एवं बांका थाना अधीक्षक शंभू यादव ने माल्यार्पण किया, थाना अध्यक्ष शंभू यादव गांधी चौक पहुंचे और महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर सलामी दी



जिसके बाद व लाल बहादुर शास्त्री की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और उनके विचारों एवं सिद्धांतों के बारे में बताते हुए एवं उनके बताएं पद चिन्ह पर चलने के लिए पुलिसकर्मी को बांका थाना अध्यक्ष शंभू यादव ने प्रेरित किया!

# बिहपुर युसुफ मेहर अली सेन्टर में मनाया गया। गांधी जयंती

**समाज जागरण श्याम कुमार ठाकुर**

बिहपुर- (बिहार) 2 अक्टूबर गांधी जयंती के अवसर पर बिहपुर के युसुफ मेहरअली सेंटर (खादी भंडार) में गांधी जयंती मनाई गई।

इस मौके पर महात्मा गाँधी का संदेश प्रेम अहिंसा पर चर्चा की गई।

महाराष्ट्र पूणे से आए राजा भाऊ व रजत कुमार ने कहा आज सब एजेंडा भूलकर केवल संविधान के ऐजेंडा पर एकजुट हो कर संघर्ष करने की जरूरत है।भागलपुर से परिधि के उदयजी, राष्ट्र सेवा दल के जिला संगठक सह युसुफ



मेहरअली सेंटर बिहपुर के संचालक रविंद्र कुमार सिंह ने आगत अतिथि को अंग वस्त्र देकर स्वागत किया। कार्यक्रम में शामिल हुए खेल शिक्षक प्रीति किरण, जदयू के रंजीत मंडल, कामरेड सुधीर यादव, नीरज सिंह, जिला परिषद प्रतिनिधि चंदन चौधरी, रामशरण यादव,अनुपम आशीष, सोशलिस्ट नेता गौतम कुमार प्रीतम सहित कई गणमान्य लोग शामिल हुए।

# अकबरनगर नगर पंचायत भवन में केक काटकर महात्मा गांधी लाल बहादुर शास्त्री का जन्मदिन मनाया गया।

**समाज जागरण क्राइम रिपोटर संजीव कुमार**

सुल्तानगंज /अकबरनगर सोमवार को भागलपुर जिले के अकबरनगर पंचायत अध्यक्ष किरण देवी उपाध्यक्ष अनिल कुमार सहित अन्य लोगों ने महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के तस्वीर पर पुष्प अर्पित किया गया। इस अवसर पर केक काटा गया।वही सभी लोगों ने आज के दिन संकल्प लेते हुए महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के विचारों पर



चलने का संकल्प लिए।मौके पर अकबरनगर अध्यक्ष प्रतिनिधि अजीत कुमार वार्ड परिषद कन्हैया कुमार, पिंटू कुमार ,गणेश कुमार ,वार्ड पार्षद प्रतिनिधि संतोष कुमार, जितेंद्र कुमार पिंकू यादव, गोपाल यादव ,इरशाद आलम ,समाज सेवी सकलदेव यादव, आशीष कुमार, ललन कुमार ,जोगिंदर यादव ,गणेश शाह ,शंकर दास ,नगर पंचायत मिथिलेश कुमार ,गोलू कुमार, अनिल मंडल ,जय हिंद के नारो से माहौल बदल गया था।

# नये महाप्रबंधक के पद पर श्री अरूपानंद नायक ने योगदान दिया

**समाज जागरण अनुमंडल संवादाता मनोज कुमार साह**

महगामा झारखंड ईसीएल राजमहल परियोजना में नए महाप्रबंधक प्रभारी के पद पर श्री अरूपानंद नायक ने योगदान कर अपना पदभार ग्रहण किया। इसके पहले अरूपानंदनायक पांडेश्वर एरिया में थे। ज्ञात हो कि ईसीएल राजमहल एरिया में महाप्रबंधक प्रभारी श्री अरूपानंद नायक ने परियोजना के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की श्री नायक ने कहा कि राजमहल परियोजना को




आगे बढ़ाना ही उनका मुख्य उद्देश्य रहेगा। वहीं उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विकास के प्रति सकारात्मक कदम उठाएंगे। उल्लेखनीय है कि नए महाप्रबंधक प्रभारी के आने से ईसीएल कर्मियों में खुशी की लहर देखी गई ।बताया जाता है कि नए महाप्रबंधक प्रभारी ईमानदार तथा कर्तव्य निष्ठ अधिकारी में गिने जाते हैं। तथा भू वी स्थापितों के लिए भी इनका सकारात्मक कदम होंगे।

# विधायक अजीत शर्मा के आवास कार्यालय में लाल बहादुर शास्त्री और महात्मा गांधी की धूमधाम से मनाई गई जयंती

**समाज जागरण जिला ब्यूरो प्रभात कुमार मिश्रा**

भागलपुर (बिहार) विधायक अजीत शर्मा के आवास कार्यालय में भारत के दूसरे प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री और राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जन्म जयंती धूमधाम से मनाई गई। कांग्रेसी कार्यकताओं ने लाल बहादुर शास्त्री और राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर



उन्हें श्रद्धांजलि दी, इस कार्यक्रम के दौरान भागलपुर कांग्रेस इकाई के सभी प्रकोष्ठ के दर्जनों पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद थे, वही कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस विधायक अजीत शर्मा ने कहा महात्मा गांधी के सत्य और अहिंसा के रास्ते पर हम लोगों को चलना चाहिए देश में बेहतर दिशा और दशा देने का काम महात्मा गांधी ने किया है भारत को आजाद कराने में उनकी अहम भूमिका रही है साथ ही अजीत शर्मा ने सबों से आग्रह करते हुए कहा कि महात्मा गांधी के बताए सत्य और अहिंसा के रास्ते पर चलकर ही देश को फिर से एक विकासशील देश बना सकते हैं इसलिए हमें उन्हें प्रेरणा स्रोत मानकर उनके विचारों को अमल करना चाहिए।

# जनता को विकास की मुख्य धारा में जोड़ने का काम कर रहे हैं ,पार्षद

**समाज जागरण**

भागलपुर( बिहार )नगर निगम अलीगंज 42 के वार्ड पार्षद लगातार जनता के बीच जीत हासिल कर लोगों को विकास के मुख्य धारा में छोड़ने का काम कर रहे हैं। जी हां हम बात कर रहे हैं वर्तमान वार्ड पार्षद श्री सरयुग प्रसाद शाह की।अपने वार्ड के जनता को हर संभव मदद पहुंचाने का काम कर रहे हैं। सड़क नाला के साथ साथ गली मोहल्ला में बहुत सारा विकास कार्य किए हैं। ऐसे में शिरीष जनता के बीच लगातार उनका आशीर्वाद प्राप्त कर रहे हैं।

# 15 अक्टूबर से दुर्गा पूजा प्रारंभ शांति सद्भाव के साथ दुर्गा पूजा मनाने का अपील लोगो से किये, पूजा समिति के अध्यक्ष पप्पू यादव

**समाज जागरण**

भागलपुर( बिहार) कोई भी त्यौहार हो सभी त्योहारों पर शांति समिति के अध्यक्ष एवं पूजा समिति के तमाम सदस्यो द्वारा शांति व्यवस्था बाहल करने के लिए एड़ी चोटी कर जब तक की पूर्ण रूप से कार्यक्रम का समापन नहीं हो जाता है।तब तक लगे हुए रहते हैं। वैसे मैं पूजा समिति के अध्यक्ष श्री पप्पू यादव जितने भी पूजा समिति



के मेड़पति है सभी से गुजारिश करते हुए कहते है ।अगर किसी प्रकार का परेशानी होता है।तो जिला प्रशासन के साथ साथ अपने समिति के अध्यक्ष को भी जानकारी उपलब्ध काराये। दुर्गा पूजा विजयदशमी के दिन नाथनगर सिटीयस के ग्राउंड में कुंभकरण मेघनाथ अन्य का पुतला दहन देखने लाखों लाख की संख्या में लोग पहुंचते हैं। 15 अक्टूबर से दुर्गा पूजा आरंभ होगा।मौके पर पूजा समिति के अध्यक्ष पप्पू यादव,जियाउर रहमान,निजात अंसारी,भावेश यादव,देबाशीष बनर्जी,अशोक राय ,राजेश दास ,जनार्दन ठाकुर,अभिनंदन यादव,प्रवीण यादवव व अन्य

# जनता को विकास की मुख्य धारा में जोड़ने का काम कर रहे हैं ,पार्षद

समाज जागरण भागलपुर( बिहार )नगर निगम अलीगंज 42 के वार्ड पार्षद लगातार जनता के बीच जीत हासिल कर लोगों को विकास के मुख्य धारा में छोड़ने का काम कर रहे हैं। जी हां हम बात कर रहे हैं वर्तमान वार्ड पार्षद श्री सरयुग प्रसाद शाह की।अपने वार्ड के जनता को हर संभव मदद पहुंचाने का काम कर रहे हैं। सड़क नाला के साथ साथ गली मोहल्ला में बहुत सारा विकास कार्य किए हैं। ऐसे में शिरीष जनता के बीच लगातार उनका आशीर्वाद प्राप्त कर रहे हैं।

## राहुल पैलेस होटल चांडिल के सौजन्य से बृहत रुप से चलाया जा रहा स्वच्छता अभियान

**फुलचांद पारित समाज जागरण संवाददाता, नीमडीह**

नीमडीह (झारखंड), 02 अक्टूबर 2023 : घर, बाजार और तन स्वच्छ रहेगा तो मन भी स्वच्छ रहेगा। कई दशक से चांडिल बाजार का कूड़े की ढेर स्वच्छता के नाम पर अभिशाप था। चांडिल बाजार को गंदगी से श्रापमुक्त के लिए राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जन्मदिन के शुभ अवसर पर राहुल पैलेस होटल चांडिल के संचालक सह झामुमो के वरिष्ठ नेता सुखराम हेंब्रम द्वारा चांडिल बाजार में बृहत रुप से स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान बाजार क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर जमा कचड़े का ढेर को जेसीबी मशीन द्वारा वाहन में लोडकर सुरक्षित स्थान में फेंका गया और घर के कचड़े को जमा करने के लिए चांडिल बाजार वासियों के बीच 200 कूड़ेदान वितरण किया गया। इस दौरान सुखराम हेंब्रम ने कहा कि 'स्वच्छ चांडिल स्वस्थ चांडिल' का जो बीड़ा राहुल पैलेस चांडिल के सौजन्य से उठाया गया है आज की स्वच्छता अभियान उसी का एक कड़ी है। उन्होंने कहा कि आगे भी चांडिल बाजार में नियमित रूप से सफाई अभियान चलाया जाएगा।



गांधी जी के स्वच्छ भारत अभियान को सफल बनाने का एक छोटा सा प्रयास है। सुखराम हेंब्रम को चांडिल वासियों ने फूलमाला पहनाकर, अंगवस्त्र देकर व लडडू खिलाकर किया सम्मानित सुखराम हेंब्रम द्वारा स्वच्छ चांडिल स्वस्थ्य चांडिल अभियान का शुभारंभ करते हुए निरंतर इस कार्य को जारी रखने के लिए चांडिल के सैकड़ों लोगों ने बाजा गाजा के साथ राहुल पैलेस होटल आकर उन्हें फूलमाला पहनाकर, अंगवस्त्र देकर व लडडू खिलाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर ऐडवोकेट असित चक्रवर्ती ने कहा कि सुखराम हेंब्रम चांडिल बाजार को गंदगी मुक्त के लिए बहुत सराहनीय कार्य कर रहे हैं, इसका जितना तारीफ किया जाय कम ही होगा। इस मौके पर नंदिता चक्रवर्ती, ऐडवोकेट असित चक्रवर्ती, रजिया सुल्ताना, स्वपन साव, विश्वनाथ मंडल, अंगद सिंह, विद्युत दा, नंदू गुप्ता, गणेश वर्मा, हड़ीराम सोरेन, भास्कर टुडू, असीम बनर्जी, राजेश महतो, नारायन दे, रुपेश दा आदि उपस्थित थे।

## हेंसल में रामरथ का हुआ भव्य स्वागत। सौर्य जागरण यात्रा के माध्यम से हजारों रामभक्तों ने दिखया सौर्य।

**रविकांत गोप,दैनिक समाज जागरण, प्रखंड संवाददाता राजनगर(सरायकेला)**

राजनगर(झारखंड) : प्रखंड के हेंसल बजरंगबली मंदिर परिसर में अयोध्या से पहुँचे भगवान श्रीरामरथ का रामभक्तों ने भव्य स्वागत किया।वहीं हेंसल ग्राम का भ्रमण करते हुए, रामरथ के माध्यम से सौर्य जागरण यात्रा की विशाल रैली निकाली गई जिसमें हजारों रामभक्त शामिल हुए।वहीं सौर्य जागरण रथ हेंसल से जुलूस की शक्ल में हाता पहुँची।हाता पहुंचने से पहले सौर्य यात्रा समिति के सदस्यों ने सौर्य




जागरण रैली का स्वगत आधे रास्ते से करते हुए, गर्मजोशी के साथ जागरण रथ को हाता पहुँचाया।वहीं सुरक्षा की दृष्टि से पोटका प्रशासन भी जगह जगह तैनात रही।

मौके पर पहुँचे विश्व हिंदू परिषद के सरायकेला जिला अध्यक्ष राजू चौधरी ने बताया आगामी फरवरी माह 2024 में अयोध्या में संतानियो का सपना श्री राममंदिर का उदघाटन भव्य किया जाना है।जो हिंदू समाज के लिए गर्व छण होगा।अतः सौर्य जागरण यात्रा के माध्यम से भारत के सभी हिन्दू संगठनों को आमंत्रित किया जा रहा है।

## महाराणा प्रताप चौक पर चला स्वच्छता अभियान, करणी सेना ने प्रतिमा पर दूध से किया जलाभिषेक

**अभय कुमार मिश्रा दैनिक समाज जागरण संवाददाता जमशेदपुर**

जमशेदपुर झारखंड 02 अक्टूबर 2023ःझबारिश के मौसम के वजह से मेरिन ड्राइव स्थित महाराणा प्रताप चौक पर झाड़ियों का अंबार और फैली गंदगी को देखते हुए सोमवार की सुबह क्षत्रिय करणी सेना परिवार के द्वारा महाराणा प्रताप चौक पर स्वच्छता अभियान सह सौंदर्यीकरण का कार्य किया गया साथ ही वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की प्रतिमा को दूध से जलाभिषेक कर साफ किया गया । घंटो चले स्वच्छता अभियान के बाद महाराणा चौक स्वच्छ,सुंदर और आकर्षण दिखने लगा । करणी



सेना के पदाधिकारियों ने कहा कि हमारे शहर में जितने भी वीर महापुरुषों की प्रतिमा स्थापित है उसे स्वच्छ रखने की जिम्मेदारी हमसभी की है इसी को देखते हुए आज करणी सेना ने अभियान चलाकर चौक का सौंदर्यीकरण का कार्य किया । जिसमें मुख्य रूप से शामिल बिनय सिंह, संजय सिंह,हरि सिंह राजपूत, रंजन सिंह,मोहित सिंह,मंजीत सिंह,विकास सिंह,सौरव सिंह,आनंद नारायण,राजू रंजन,राकेश,मुन्ना, सोनू व अन्य लोग मौजूद थे ।

## जे बी के एस एस के कर्यालय में मनाया गया महात्मा गांधी जी के 154 वी जयंती

**शशि भूषण महतो,दैनिक समाज जागरण, अनुमंडल संवाददाता(चांडिल)**

चांडिल : आज परम पूज्य बापू जी महात्मा गांधी के 154 वीं जयंती पर जे बी के एस एस द्वारा सुकसारी कार्यालय में उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में उपस्थित जे बी के एस एस के सक्रिय सदस्य गोपेश महतो ने कहा सत्य , अहिंसा की राह पर चल कर जिन्होंने हमे अंग्रेजों के गुलामी से आजाद कराया , ठीक उसी प्रकार आज झारखंड के तमाम युवा साथियों को संदेश देते हैं कि उनके दिखाए गए मार्ग पर चलकर ही हम अपने अधिकार को पा सकते हैं।

गांधीजी की जन्मदिवस को पुरे विश्व



में अहिंसा दिवस के रूप में मनाया जाता है। क्यूंकि गांधीजी खुद सबसे बड़े अहिंसा के पुजारी थे। वहीँ वो शांति और सच्चाई की भी मूरत थे।साथ ही साथ आज सफाई अभियान भी चलाया गया।

मौके पर उपस्थित रसूनिया पंचायत के मुखिया मंगल मांझी, फूलचंद महतो , आशु कालिंदी, बिमलेंदु प्रसाद , मलिंद्र गोप, कमलेंदू महतो, पूर्ण शशी , गौतम, फूलचंद , वासुदेव बृहस्पति, भूबन, राजेश , फूलचंद , सीमंत, सुभाष , सुखदेव , लालू , पर्वत , डाकू मांझी, भागीरथ सिंह सरदार आदि उपस्थित थे।

## आदिवासी उच्च विद्यालय बोड़ाम में आयोजित रक्तदान शिविर में 121 यूनिट रक्त संग्रहित

**नंदा रजक, दैनिक समाज जागरण , प्रखण्ड संवाददाता, पटमदा**

पटमदा : एसटी एससी ओबीसी माइनॉरिटी वेलफेयर सोसाइटी की ओर से एमजीएम ब्लड बैंक के सहयोग से सोमवार को गांधी जयंती के मौके पर आदिवासी हाई स्कूल बोड़ाम में आयोजित रक्तदान शिविर में विभिन्न गांवों से आये 121 लोगों ने काफी उत्साह के साथ रक्तदान किया। इसमें एक महिला माधुरी प्रमाणिक ने भी रक्तदान कर लोगों को जागरूक किया। आमतौर पर ग्रामीण क्षेत्रों में जहां महिलाएं रक्तदान के प्रति रुचि नहीं दिखाती है वहीं इस महिला का उत्साह देख आयोजक ने प्रशंसा की। शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में जमशेदपुर के सांसद विद्युत वरण महतो एवं विशिष्ट अतिथियों में समाजसेवी विजय मछुआ, मुचीराम बाउरी, प्रमुख प्रतिनिधि अंगद सिंह शामिल



हुए। शिविर का शुभारंभ अतिथियों ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए किया। सांसद ने रक्तदाताओं का हौसला अफजाई करते हुए कहा कि रक्तदान महादान है। हम अपना रक्तदान करके किसी का अमूल्य जीवन बचा सकते हैं। रक्तदान करना जनकल्याण का कार्य है। उन्होंने कहा कि रक्तदान करने से हार्ट अटैक, ब्लड प्रेशर जैसे बीमारियों से खतरा कम रहता है।इस दौरान संस्था की ओर से रक्तदाताओं को अतिथियों के हाथों फलदार पौधे उपहार स्वरूप दिए गए। कार्यक्रम में मुख्य रूप से नीलकमल महतो, आशुतोष महतो, मिहिर महतो, पुतुल प्रमाणिक, बाबलु स्वर्णकार, जादव महतो, गणेश महतो, शीतल गोप, बिभूति सिंह, प्रदीप कुमार महतो, मजनू अंसारी, शांतनु मुखर्जी आदि उपस्थित थे।

## डालसा के पी एल वी ने गाँधी जी के तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर मनाया गाँधी जयंती

**नंदा रजक, दैनिक समाज जागरण , प्रखण्ड संवाददाता, पटमदा**

पटमदा :पटमदा एवं बोडाम प्रखण्ड के संयुक्त तत्वाधान मे दूसरा अक्टूबर 2023 को गांधीजी के तस्वीर पर पूस्प अर्पित करते हुए गांधी जयंती मनाई गई। उपस्थित सभी लोगों को जिला विधिक सेवा प्राधिकार के कार्य से अवगत करवाते



हुए स्वच्छता पखवाड़ा के वारे जानकारी दी गई। लोगों को स्वच्छता के मायने समझाते हुए अपने आस पास तथा सार्वजनिक स्थानों को स्वच्छ रखने का अनुरोध किया गया। मौके पर पी एल वी नन्द रजक एवं निताई चन्द्र गोराई उपस्थित था।दूसरी ओर पी एल वी शिब शंकर महतो के द्वारा महिला समिति के सहयोग से पटमदा प्रखण्ड के ओड़िया चिरुडीह गाँव मे स्वच्छता अभियान चलाकर ग्रामीणों को जागरूक किया गया।

## युवा कांग्रेस ने मनाई राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय लाल बहादुर शास्त्री की जयंती

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**
खरसावां

प्रखंड युवा कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष सूरज सामड के नेतृत्व में चांदनी चौक खरसावां में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं भारत रत्न प्रधानमंत्री स्वर्गीय लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गई। मौके पर उपस्थित युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिव प्रेमेन्द्र कुमार मिश्रा ने कहा कि हमें आज गांधी जी एवं शास्त्री जी के बताए रास्ते सत्य एवं अहिंसा पर चलने की जरूरत है कुछ लोग गांधी जी एवं शास्त्री जी के नाम को मिटाना चाहते हैं। साथ ही इस देश को तोड़ना चाहते हैं।परंतु हमें एकजुट होकर असत्य के खिलाफ लड़ना होगा एवं घर-घर जाकर गांधी जी एवं शास्त्री जी के बताए विचारों



त्याग एवं बलिदान से रूबरू कराना होगा,गांधी जी ने सत्य एवं अहिंसा के दम पर अकेले ही पूरे देश में आंदोलन करके लोगों को एकजुट कर हमें आजादी दिलाई थी।देश में कुछ लोग नफरत फैलाने का काम कर रहे हैं। जिसे हम मोहब्बत से खत्म कर सकते हैं। मौके पर आशीष बनर्जी, जीवन सिंह हेंब्रम, राजा दास, प्रकाश महतो, शिवा राऊत, वीरेंद्र नायक,मो मेराज,राजा राऊत, दिलीप महतो,सुमंत कुमार राऊत आदि युवा कांग्रेस के साथी उपस्थित थे।

## भाजपा नेता गणेश महाली के नेतृत्व में हजारों कार्यकर्ता बाबुलाल मरांडी की सभा मे होंगे शामिल भाजपाईयों की तैयारी बैठक सम्पन्न

**रविकांत गोप,दैनिक समाज जागरण, प्रखंड संवाददाता राजनगर(सरायकेला)**

राजनगरः(झारखंड): आगामी 9 अक्टूबर झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबुलाल मरांडी की संकल्प यात्रा का आयोजन राजनगर ब्लॉक मैदान में रखी गई है।जिसकी तैयारी जोरसोर से की जा रही है ,वहीं सोमवार को राजनगर प्रखंड के हेंसल स्तिथ एन एच88 रेस्टोरेंट परिसर में सोमवार को भाजपा नेता गणेश महाली की अध्यक्षता में बैठक की गई।जहां भाजपा जिला मंत्री सोमनाथ सोरेन,राजनगर प्रखंड पूर्वी मंडल अध्यक्ष खिरोद महतो,भाजयुमों प्रखंड अध्यक्ष अमरनाथ गोप,प्रखंड महामंत्री उज्ज्वल मोदक,समेत प्रखंड के सभी कार्यकर्ता उपस्थित हुए।इस दौरान गाँधी जयंती भी मनाई



गई।भाजपा नेता गणेश महाली और सभी कार्यकताओं ने देश के राष्ट्र पिता महात्मा गाँधी और लालबहादुर शास्त्री की तस्वीरों पर पुष्प अर्पित कर श्रधंजलि दी।वहीं गणेश महाली ने कहा राजनगर में प्रदेश अध्यक्ष श्री बाबूलाल मरांडी जी का भव्य स्वागत करने की तैयारी की जा रही है।और संकल्प यात्रा भाजपा के लिए एक मत्वपूर्ण महासभा के रूप में देखा जा रहा है।वहीं कार्यकताओं में भी काफी उत्साह दिख रहा है।इस बार लोकसभा हो या राज्यसभा बाबुलाल मरांडी जी के नेतृत्व में झारखंड में पूर्ण बहुमत के साथ भाजपा कार्यकताओं ने जीत हासिल करने के लिए कमर कस ली है।

वहीं इस मौके पर जिले एवं प्रखंड के सभी भाजपा कार्यकर्तागण उपस्थित थे।

## चांडिल अनुमंडल के निवासीयों को कारोबारी अवैध लॉटरी से अमीर बनाने का दिखा रहा मुंगेरी लाल के हसीन सपने

### पुलिस-प्रशासन के नाक के नीचे लॉटरी का अवैध कारोबार का चलना लग रहा है प्रश्न चिन्ह?

नीमडीह (झारखंड), 02 अक्टूबर 2023 : सरायकेला खरसावां जिला अंतर्गत चांडिल अनुमंडल क्षेत्र के नीमडीह, चांडिल प्रखंड आदि क्षेत्रों में लॉटरी का गैर कानूनी धंधा इन दिनों खूब फलफूल रहा है। इसमें लालच के नशे की लत से रातो-रात अमीर बनने का ख्वाब देखने वाले युवा व मजदूर वर्ग के लोग फंसते जा रहे हैं। गरीबों को लाखों-करोड़ों रुपये इनाम का लालच दिखाकर उनकी गाढ़ी कमाई को रोज लूटी जा रही है। चांडिल बाजार, चौका, मुखिया होटल, चांडिल स्टेशन चौक, रघुनाथपुर, चालियामा समेत अन्य स्थानों में रोज सुबह व शाम होटल, चाय व पान की दुकानों में अवैध लॉटरी के एजेंटों को छिपते-छिपाते लॉटरी बेचते हुए देखा जा सकता है। पूरे अनुमंडल क्षेत्र में अवैध लॉटरी की बिक्री अबाध रूप से जोर-शोर से की जा रही है। शहरी व बाजार क्षेत्र के अलावा गांव व टोला में भी अवैध लॉटरी के एजेंट लॉटरी बेचते हुए देखे जा सकते हैं। गौरखधंधा में शामिल एजेंट गांव के मजदूर, छोटे-छोटे दुकानदार व युवाओं को लाखों-करोड़ों रुपये इनाम का लालच दिखाकर लॉटरी बेचते हैं। बताया जा रहा है कि अवैध लॉटरी का कारोबार चाईबासा, जमशेदपुर व पश्चिम बंगाल के बलरामपुर से संचालित हो रही है। जिसे चांडिल अनुमंडल क्षेत्र के कोने-कोने में पहुंचाया जाता है। प्रतिदिन दो बार लॉटरी का रिजल्ट आता है। लॉटरी की कीमत पचास, सौ और दो सौ रुपये हैं। प्रतिदिन




लगभग चार से पांच लाख रुपये की लॉटरी की होती है बिक्री झारखंड में लॉटरी खेल पर प्रतिबंध है, सरकार ने इस पर पाबंदी लगा रखी है। बावजूद इसके पुलिस-प्रशासन के नाक के नीचे लॉटरी का अवैध कारोबार का चलना बड़ा प्रश्न चिन्ह है। बताया जा रहा है कि क्षेत्र में बिकने वाली लॉटरी भी नकली होती है। शायद रात को नकली लॉटरी की छपाई होती है और सुबह होने तक यह इससे जुड़े लोगों तक पहुंच जाता है। इन लॉटरी को लग्जरी कारों से लाया जाता है। धंधे से जुड़े लोगों ने बताया कि पूरे अनुमंडल क्षेत्र में प्रतिदिन लगभग चार से पांच लाख रुपये की लॉटरी की बिक्री होती है। चांडिल अनुमंडल क्षेत्र के प्रबुद्ध लोगों का कहना है कि जैसे-जैसे क्षेत्र में लॉटरी का गैर कानूनी धंधा बढ़ रहा है, वैसे-वैसे पारिवारिक कलह भी बढ़ता जा रहा है। लॉटरी में अपने दिनभर की कमाई को लुटाने के बाद जब लोग खाली हाथ घर पहुंचते हैं, तो स्वाभाविक रूप से गरीबों के घरों में पारिवारिक विवाद बढ़ेगी। अवैध लॉटरी का नशा लोगों के नसों में ब्राउन शुगर की तरह घुल गया है, जिससे निजात पाना उनके लिए मुश्किल होता जा रहा है। दिन पर दिन क्षेत्र के लोग इस गौरख धंधे के दलदल में फंसते जा रहे हैं। पुलिस-प्रशासन को अविलंब इस गौरखधंधे पर लगाम लगाने के लिए पहल शुरू करनी चाहिए, ताकि आने वाले दिनों में लोगों की खुशहाली बनी रहे। अन्यथा दिन व दिन लोग इस दलदल में धंसते चले जायेंगे।

## खेलो झारखंड में सरायकेला खरसावां के साइकिलिस्ट का हुआ धमाकेदार प्रदर्शन

**दैनिक समाज जागरण, शेखर सुमन, ईचागढ़,सराईकेला**

ईचागढ़ - राज्य स्तरीय खेलो झारखंड में सरायकेला खरसावां जिला के साइकीलस्टों ने रांची में बेहतर प्रदर्शन करते हुए 10 मेडल अपने नाम किया । जिसमें 7 का सिलेक्शन भी हुआ । खेलो झारखंड रत्न्राक्ष मे साइकिलिंग का ओपन ट्रायल रांची खेल गांव सिद्धू कानू बेलोड्राम मे साइकिलिंग का ओपन ट्रायल लिया गया, जिसमें साइकिल जिला संघ के महासचिव दिलीप कुमार गुप्ता ने जानकारी देते हुए कहा कि पहली बार एसजीएफआई में सात खिलाड़ियों का चयन हुआ है ।अंडर 14 बालिका वर्ग में उत्क्रमित उच्च विद्यालय गौरांगकोचा के बबली हांसदा, अंडर 17 बालिका वर्ग में सुनीता मार्डी , अंडर 17 में प्लस टू



उच्च विद्यालय बड़ाबांबु के अखिलेश महतो, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय राजनगर के सुशीला हेम्ब्रम, एस एस प्लस टू उच्च विद्यालय चांडिल के मुकेश कैवर्त ,एवं प्लस टू उच्च विद्यालय तिरूलडीह के राजेश महतो का चयन हुआ है। वहीं जिला खेल पदाधिकारी अमित कुमार,एडीपीओ प्रकाश कुमार ,जिला साइकलिंग एसोसिएशन के महासचिव दिलीप कुमार, गुप्ता कोषाध्यक्ष निरंजन जवाहरलाल सहदेव ने सभी खिलाड़ियों को बधाई दिया।

## दो सगी बहनों के तालाब में डूबने से हुई मौत

**समाज जागरण सत्येन्द्र चौरसिया प्रखंड संवाददाता नौडीहा बाजार**

पलामू (झारखंड) 02अक्टूबर 2023:- प्रखंड नौडीहा बाजार क्षेत्र के बिशनपुर पंचायत के मायापुर निवासी रमेश सिंह के पुत्री लबल्ली कुमारी उम्र12वर्ष एव आरूषि कुमारी उम्र9वर्ष के मौत तालाब में डूबने से हो गई।बताया जाता है कि दोनों बेटियों ने खोखड़ी चुनने के लिए घर से बोलर निकली थी देर होजाने तक घर वापस नही आई तो परिजनों ने खोज बिन कर रहे थे कि तालाब के किनारे पर कपडा दिखा



जिसे देख ?सक हुआ फिर ग्रामीणों ने तालाब में डुबकी लगाई तो दोनों बहनो का शव मिला।इस घटना के बाद से पूरे गाँव में शोक लहर है परिजनों के रो-रो कर बुरा हाल है।वही इस घटना के बारे नौडीहा बाजार थाना को सूचना दिया गया पुलिस ने सूचना पाते ही घटना अस्थल पहुंच कर शव को कब्जे लेकर अंत परीक्षण के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल भेज दिया।पुलिस इधर हर एक बिंदु पर जाँच में जुड़ गईं है।

## झारखंड पार्टी के युवा जिला अध्यक्ष विनोद बिहारी कुजुर ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया नमन

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

खरसवां पथ निरीक्षण भवन में सोमवार को झारखंड पार्टी युवा जिलाध्यक्ष विनोद बिहारी कुजूर के नेतृत्व में राष्ट्रपति महात्मा गांधी जी की जयंती मनाया गया। मौके पर जिला अध्यक्ष विनोद बिहारी कुजुर ने कहा कि जीवन में अगर किसी को आगे बढ़ाना है। तो उन्हें गांधी जी की जीवनी पढ़नी चाहिए। अपनी



गलतियों को स्वीकार करना और उनमें सुधार के प्रयास करने की सीख हमें गांधी जी से मिलती है। इस दौरान उन्होंने लाल बहादुर शास्त्री को भी नमन करते हुए कहा कि देश के इन दो महापुरुषों की जीवनी से हमें यह सीख मिलती है।कि त्याग व सादगी की भावना को आत्मसात करें। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी समस्त मानव जाति के लिए प्रेरणा के स्रोत हैं। इस दौरान मुख्य रूप से मो.जसीम अंसारी युवा जिला महासचिव,शालीग्राम उरांव जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष,अफसर आलम, कर्नल गद्दाफी,मो. प्रवेज,अदनान गनी शेरू,निशांत बोदरा,समीर खान,मो. सोहेल,सौकत अली आदि उपस्थित थे।

## बीमा कर्मचारी संघ जमशेदपुर मण्डल का स्वर्ण जयन्ती वर्ष सम्मेलन

**अभय कुमार मिश्रा दैनिक समाज जागरण संवाददाता जमशेदपुर**

जमशेदपुर झारखंड 02 अक्टूबर 2023ःझआज बीमा कर्मचारी संघ जमशेदपुर मण्डल के 50वें अधिवेशन का खुला सत्र माईकल जॉन ऑडिटोरियम, बिष्टुपुर जमशेदपुर में हुआ। इस सम्मेलन का शुभारम्भ एक भव्य रैली के साथ हुआ, जो ऑडिटोरियम से निकलकर बिष्टुपुर मेन रोड होते हुये पुनः ऑडिटोरियम में समाप्त हुआ। इसके पश्चात आईईएजेडी की अध्यक्षा कॉ. श्रीमती पुरबी घोष ने आईईएजेडी का झण्डा फहराया। तत्पश्चात शहीद बेदी पर



माल्यार्पण किया गया एवं आईईएजेडी के पचास वर्षों के इतिहास को समेटे हुये एक फोटो गैलरी का उदघाटन किया गया। इसके बाद खुले सत्र का आगाज हुआ । इस सत्र में बीमा कर्मियों के अलावा विभिन्न बिरादराना संगठनों यथा सीआईटीयू बैंक रेलवे आदि के प्रतिनिधियों एवं सदस्यों ने भी भाग लिया । आईईएजेडी के महासचिव को अमित माईति ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया। आज के इस खुले सत्र के उद्घाटनकर्ता और मुख्य अतिथि कॉ. श्रीकांत मिश्रा ने अपने सम्बोधन में एलआईसी और बीमा कर्मचारी संगठन एआईआईईए की उपलब्धियों का जिक्र करते हुये कहा कि एलआईसी ने 5 करोड़ रुपए से अपनी शुरूआत की और आज यह 46 लाख करोड़ रुपए की संपत्ति का प्रबंधन करती है। जब कभी भी भारत की अर्थव्यवस्था डगमगाती है या किसी संस्थान पर कोई संकट आता है तो एलआईसी ही आगे बढ़कर उसकी मदद करती है। उन्होने कहा कि एलआईसी की इन बेमिसाल उपलब्धियों के बाबजूद भी सरकार इसको कमजोर करने की कोशिश कर रही है। एआईआईईए का जिक्र करते हुये उन्होने कहा कि वह एआईआईईए ही था जिसने 80 के दशक में एलआईसी को 5 भागों में विभक्त करने की सरकार की कोशिशों को नाकाम किया। उन्होने कहा कि एआईआईईए सिर्फ बीमा कर्मचारियों के लिए नहीं लड़ती है, बल्कि वह समाज के सभी वर्गों के लिए आवाज उठाती है। इस अवसर पर एआईआईईए के महान नेता और पूर्व महासचिव कॉ. सरोज चौधरी की मूर्ति का अनावरण भी किया गया। सभा को ईसीजेडआईईए के अध्यक्ष को प्रदीप मुखर्जी एवं ईसीजेडआईईए के महामंत्री कॉ. त्रिनाथ डोरा समेत विभिन्न ट्रेड यूनियन के प्रतिनिधियों ने भी संबोधित किया। सभी ने वर्तमान समय में एकजुट होकर चुनौतियों से लड़ने की आवश्यकता पर बल दिया ।

## पंचायत सचिव ने घर के कमरे के भीतर फंदे में झूल कर की खुदकूशी

### -- रांची जिला के बुंडु प्रखंड के बागाडीह गांव की रहने वाली थी शिला कुमारी

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

खरसावां : खरसावां प्रखंड में पदस्थापित एक महिला पंचायत सचिव शिला कुमारी (34) ने सोमवार को फंदे में झूल कर खुदकुशी कर ली. पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोष्टमाटम के लिये सरायकेला भेज दिया है. जानकारी के अनुसार पंचायत सचिव शिला कुमारी अपने पिता लक्ष्मी कांत महतो के साथ खरसावां के कुचाई रोड़ स्थित किराये के एक मकान में रहती थी. रोजाना की तरह सोमवार की सुबह जब लक्ष्मी कांत महतो मोर्निंग वाक से वापस मकान पर पहुंचे तो बेटी को फंदे में झूलते हुए अवस्था में पाया. किराये के मकान के कमरे के भीतर शिला कुमारी दुपट्टा से बने फंदे में झूल कर खुदकुशी कर ली है. इसके पश्चात उन्होंने मामले की जानकारी खरसावां पुलिस को दी. घटना की जानकारी मिलते ही खरसावां थाना प्रभारी पिंटू कुमार महथा दल बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचे तथा मामले की जानकारी ली. पुलिस ने शव को फंदे से उतार कर अपने कब्जे में लिया. इस संबंध में खरसावां थाना प्रभारी पिंटू कुमार महथा ने बताया कि घर में किसी तरह का सुसाइड नोट नहीं मिला है.आत्म हत्या के कारणों का पता नहीं चल सका है.पुलिस यूडी केस दर्ज कर खुदकुशी के इस मामले की जांच कर रही है.जानकारी के अनुसार करीब तीन माह पूर्व ही शिला कुमारी का चयन पंचायत सचिव पद के लिये हुआ है.

## जितिया को देखते हुए चांडिल बाजार में डाली झाड़ू खड़का ,हांडी कड़ाई आदि सामग्री की हुआ बिक्री

शशि भूषण महतो, दैनिक समाज जागरण, अनुमंडल संवाददाता(चांडिल)

चांडिल : अनुमंडल क्षेत्र के साप्ताहिक हाट लगा श्रद्धालु की भीड़ जमके हुआ पूजा में उपयोग सामानों की खरीदारी जेसे हांडी , कड़ाई, धुपधानी ,दिया, सुपी, झाड़ू, बास की खड़िया, झुड़ी, डाली, आदि सामग्री का बिक्री हुआ एक तरफ बारिश दूसरी ओर भक्तो की चाहत में हटिया रहा गुलजार । आस्था का पूजा में ,अश्विन माह के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि बहुत ही खास होती है क्योंकि इस दिन जीवित्पुत्रिका व्रत रखा जाता है जिसे कई जगहों पर जितिया या जिउतिया नाम से भी जाना जाता है. यह व्रत





विशेष तौर पर पूर्वांचल क्षेत्र में रखा जाता है और इस दिन महिलाएं संतान प्राप्ति व संतान की सुख–समृद्धि के लिए निर्जला व्रत रखती हैं।

इस वर्ष जितिया व्रत की शुरूआत 5 अक्टूबर से हो रही है और 7 अक्टूबर तक चलेगा माताएं अपनी संतान की लंबी उम्र और उसकी रक्षा व सफलता के लिए निर्जला उपवास रखती हैं. तीन दिन तक चलने वाले इस उपवास में महिलाएं जल नहीं पीती हैं. ऐसी मान्यताएं हैं कि जो लोग संतान की कामना करते हैं उन्हें भी यह व्रत करने से जल्दी संतान प्राप्त होती है.